रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 03 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-311 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय का सीबीआई को नोटिस



**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले में कथित धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार करने के मामले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी करके केन्द्रीय जांच एजेंसी को अपना पक्ष रखने को कहा।

### क्षिप्रा नदी हर हाल में हो प्रदूषण मुक्त : यादव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि क्षिप्रा नदी को हर हाल में प्रदूषण मुक्त बनाया जाएगा। डॉ. यादव ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में बैठक में सिंहस्थः 2028 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना के अंतर्गत क्षिप्रा नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने की योजना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कान्ह नदी के व्यपवर्तन, कान्ह नदी पर 11 बैराजों के निर्माण, सिंहस्थ के लिए क्षिप्रा नदी में निरंतर जल प्रवाह योजना और क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित 18 बैराजों के निर्माण और क्षिप्रा नदी पर स्नान आदि के बेहतर प्रबंध के लिए घाटों के निर्माण तथा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का दिल्ली बार काउंसिल का अनुरोध

**नयी दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया। दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। नसियार ने देते हुए कहा, संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये संशोधन संवैधानिक सिद्धांतों और उच्चतम न्यायालय के फैसले की पूरी तरह से अवहेलना करते हैं।

# हाथरस के सत्संग समारोह में भगदड़, कई लोगों की मौत

पायनियर संवाददाता हाथरस
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कई लोगों की मृत्यु हो गयी। मरने वालों के ज्यादातार महिलायें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लेते हुये मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तमाम उच्च अधिकारियों को हाथरस जाने के निर्देश दिये है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री खुद राहत एवं बचाव कार्य की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। उन्होने हादसे के कारण की जांच के लिये अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेगी। उन्होने हादसे में मृतकों के परिजनों को दो दो लाख रुपसे और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि जारी करने के निर्देश दिये हैं। हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार पटेल ने पत्रकारों को बताया कि सिकंदराराऊ तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में आज एक धार्मिक आयोजन के समापन पर उमस के बीच बाहर निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गयी जिससे कई हताहत हुये। उन्होने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से मिली जानकारी के अनुसार 60 लोगों की इस हादसे में मृत्यु हुयी है, हालांकि मृतकों की सही संख्या की जानकारी बाद में मिल सकेगी। वहीं सोशल मीडिया में मरने वालों की संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। उन्होने कहा कि यह एक निजी कार्यक्रम था जिसकी अनुमति एसडीएम से ली गयी थी और कार्यक्रम के मद्देनजर सभी संभव इंतजाम किये गये थे। इससे पहले एटा के पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्साधिकारी ने 27 मृतकों के शव के यहां पहुंचने की पुष्टि की थी। एटा के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पड़ोसी जिले हाथरस में भगवान शिव के सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से 27 लोगों की मृत्यु हुयी है जिनके शव यहां मेडिकल कालेज भेजे गये हैं जिनमें 23 महिलायें, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल है जिनकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। इससे ज्यादा की जानकारी उन्हे नहीं है। इस बीच योगी के निर्देश पर लखनऊ से कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और संदीप सिंह घटनास्थल पर पहुंच चुके। पुलिस सूत्रों के अनुसार तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में मानव मंगल मिलन सदभावना समागम समिति नामक संस्था ने सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु एकत्र हुये थे। कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुये। उन्होने बताया कि कई हताहतों को हाथरस के अलावा एटा और अलीगढ जिले में शिफ्ट किया गया है। मरने वालों में महिलाओं की संख्या



### मोदी ने की मृतकों के परिजनों को दो लाख रु देने की घोषणा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग में भगदड़ में मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस घटना में घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जायेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने डिजिटल सूचना मंच एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाथरस में हुई दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से दो लाख रुपये की अनुग्रह-राशि देने की घोषणा की है। दुर्घटना में घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

### मुर्मु ने हाथरस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ में अनेक लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुर्मु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार ह्रदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### हाथरस हादसे की जांच के लिये योगी ने गठित की कमेटी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुये हादसे में दुख व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के कारणों की जांच के लिये अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ़ के मंडलायुक्त के नेतृत्व में टीम गठित की है। योगी ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा ' हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं ह्रदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। '

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाथरस हादसे पर गहरा दुःख प्रकट किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तर प्रदेश के हाथरस हादसे पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि हाथरस में हुई दुर्घटना ह्रदय विदारक है। इस हादसे में दिवंगत हुए लोगों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि, दिवंगतों के परिजनों को प्रभु इस दुःख को सहने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## चाय वाले का प्रधानमंत्री बनना हजम नहीं कर पा रही कांग्रेस : पीएम मोदी

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



अट्ठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद आज भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने नये सांसदों को मर्यादित व्यवहार एवं आचरण की नसीहतें दीं। मोदी ने संसद के पुस्तकालय भवन में जीएमसी बालयोगी सभागार में हुई राजग संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता की। राजग की यह बैठक ऐसे समय में हुई जिस समय संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा चल रही है। संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने राजग की जीत पर खुशी जाहिर की और कहा लगातार तीन बार जीतना बड़ी बात है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के सामने आज के जैसी विकराल चुनौतियां नहीं थीं, फिर वो जीते थे। हमारे सामने तमाम चुनौतियों के बाद भी इतनी बड़ी जीत राजग को मिली। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि एक परिवार से कई प्रधानमंत्री बने और कुछ सुपर प्रधानमंत्री बने। उन्हें एक चाय वाले का प्रधानमंत्री बनना हजम नहीं होता इसलिए वो बार-बार हम पर हमला करते हैं। मोदी ने नए सांसदों को नसीहत दी कि दिल्ली के कार्य संस्कृति कल्चर और मीडिया में बयानबाजी से बचें। प्रधानमंत्री ने नए सांसदों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संसद की कार्यवाही में हिस्सा लें। अपने लोकसभा क्षेत्र के विषयों को उठाएं। सभी सांसदों को देश सेवा को सर्वोपरि रखना है। सांसदों को अपना व्यवहार और आचरण ठीक रखना चाहिए। साथ ही साथ सांसदों को संसद के नियम के अनुसार आचरण करना चाहिए। संसद सदस्यों को जिन विषयों पर विशेष रुचि है, उसको साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सांसद को परिवार सहित प्रधानमंत्री संग्रहालय में जाना चाहिए। हर सांसदों को अपने जड़ से जुड़ा रहना चाहिए। इधर-उधर भाषण की बजाए बेहतर ढ़ंग से अपनी बात उचित फोरम पर रखना चाहिए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, प्रधानमंत्री ने हमें एक मंत्र दिया जो बहुत महत्वपूर्ण है। मोदी ने राजग सांसदों से संसद के नियमों, संसदीय लोकतंत्र प्रणाली और आचरण का पालन करने का आग्रह किया जो एक अच्छा सांसद बनने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री का यह मार्गदर्शन सभी सांसदों, खासकर पहली बार के सांसदों के लिए एक अच्छा मंत्र है।

## मेरे भाषण के अंश हटाना संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही से उनके भाषण के अंश हटाने पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है। गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा, मोदी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है। परंतु वास्तव में सत्य को मिटाया नहीं जा सकता। मुझे जो कहना था मैंने कह दिया, वे जितना चाहें मिटा लें। सत्य तो सत्य है। उन्होंने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी इस बारे में एक पत्र लिखा और कहा, मैं आपको एक जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मेरे भाषण से निकाली गई टिप्पणियों और अंशों के संदर्भ में यह पत्र लिख रहा हूं। मेरी टिप्पणियों को रिकॉर्ड से हटाना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है। मैं यह देखकर स्तब्ध हूं कि जिस तरह से निष्कासन की आड़ में मेरे भाषण का काफी हिस्सा कार्यवाही से हटा दिया गया है। गांधी ने कहा कि निकाले गए अंश नियम 380 के दायरे में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि सदन का प्रत्येक सदस्य जो लोगों की सामूहिक आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है, वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 105 (1) में निहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और सदन के पटल पर लोगों की चिंता उठाना प्रत्येक सदस्य का अधिकार है। उन्होंने कहा, देश के लोगों के प्रति अपने दायित्वों का पालन करते हुए मैंने इन शब्दों का सोच समझकर सदन में प्रयाग किया है।

## 24वां एससीओ शिखर सम्मेलन 4 जुलाई को अस्ताना में, विदेश मंत्री भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे

**नयी दिल्ली/वार्ता।** एससीओ परिषद के राष्ट्राध्यक्षों की 24वीं बैठक (एससीओ शिखर सम्मेलन) 4 जुलाई को कजाकिस्तान की अध्यक्षता में अस्ताना में हो रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। शिखर सम्मेलन में, पिछले दो दशकों में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने और बहुपक्षीय सहयोग की स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि बैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के सामयिक मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। एससीओ में भारत की प्राथमिकताएं प्रधानमंत्री के 'सिक्योर' एससीओ के दृष्टिकोण से आकार लेती हैं। सिक्योर का मतलब सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, कनेक्टिविटी, एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए सम्मान और पर्यावरण संरक्षण है। भारत ने, एससीओ की अपनी पहली अध्यक्षता के तहत, 4 जुलाई, 2023 को वर्चुअल प्रारूप में एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 23वीं बैठक की मेजबानी की। एससीओ के सदस्य देश दुनिया की आधी आबादी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई हिस्सा कवर करते हैं। 2024 शिखर सम्मेलन में बेलारूस को दसवें सदस्य के रूप में शामिल होने के साथ नया विस्तार देखने की उम्मीद है। ईरान पिछले वर्ष इस गुट में शामिल हुआ था।



## मतदाताओं ने लोकतंत्र को एकतंत्र बनने से रोक दिया : अखिलेश यादव

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा में मतदाताओं को धन्यवाद देते हुये कहा कि उन्होंने ऐसा जनादेश दिया जिसने लोकतंत्र को 'एकतंत्र' बनने से रोक दिया। यादव ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में भाग लेते हुये कहा कि पिछले चुनावों में अवाम ने हुकूमत का गुरूर तोड़ दिया। केन्द्र में हारी हुई सरकार विराजमान है। उन्होंने कहा कि जनता कह रही है कि यह गिरने वाली सरकार है। इंडिया गठबंधन की नैतिक जीत हुई है। सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश को औपनिवेशिक शासन से मुक्ति मिली थी और चार जून 2024 को साम्प्रदायिक राजनीति से मुक्ति मिली है। सामुदायिक राजनीति की शुरुआत हुई है। साम्प्रदायिक राजनीति की हमेशा के लिये हार हुई है। धन, बल, छल की हार हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में संविधान समर्थकों की जीत हुई है। यादव ने कहा कि अब मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी। उन्होंने परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने का मुद्दा उठाते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रत्येक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, वहां शिक्षा-परीक्षा माफिया का जन्म हुआ है। सरकार ने युवाओं के उम्मीदों को मार दिया है।उन्होंने कहा कि हजार साल के सपने दिखाने वाले अगले महीने पेपर लीक नहीं होंगे, इसकी गारंटी कब देंगे। उन्होंने कहा कि एक और जीत हुई है, वह है, अयोध्या की जीत। उन्होंने अयोध्या के परिपक्व मतदाताओं को धन्यवाद देते हुये रामचरित मानस की एक चौपाई कही... होई वही जो राम रचि राखा।... उन्होंने कहा, जो कहते थे कि हम राम को लाये हैं, वहीं किसी के सहारे के लिये लाचार हैं। यादव ने कहा कि वह चुनावों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल के पहले भी विरोध में थे और जब तक इन्हें हटा नहीं दिया जाता, वह इनका विरोध करते रहेंगे। समाजवादियों को ईवीएम पर भरोसा नहीं है। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के प्रधानमंत्री आदर्श गांव का जिक्र करते हुये कहा कि आज उसका कोई नाम भी नहीं जानता। उस गांव की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के आदर्श गांव का बुरा हाल है तो अन्य आदर्श गांवों की क्या हालत होगी।



**उद्योगों की स्थापना की राह हुई आसान, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके**

## छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले और उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है। इसी क्रम में निवेशकों और नए उद्योग लगाने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न क्लीयरेंस और स्वीकृतियां त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया गया है। प्रशासनिक दखल कम कर प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने के लिए यह बड़ी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल उद्यमियों के लिए अत्यंत आसान और उपयोग करने में सुगम होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 पोर्टल शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में संसाधनों के विपुल भंडार है और औद्योगिक विकास के भी असीम अवसर उपलब्ध हैं। उद्योग विभाग की इस नई व्यवस्था से सभी सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से निवेश में उनकी रुचि बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। व्यवसायियों को आवश्यक विभागीय अनुमति-सहमति और क्लीयरेंस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और ना ही अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि नए पोर्टल में विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारियां दी गई है और उन पर आवेदनों के समय पर निराकरण की जवाबदेही भी होगी। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर इसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे समय पर आवेदनों का निराकरण होगा और आवेदक सिंगल क्लिक पर अपने आवेदन की स्थिति के बारे में जान पाएंगे। वाणिज्य और उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद ने सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 से अधिक विभागों की 100 से अधिक सुविधा इस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होगी। आवेदक को एक बार ही लॉगिन करना होगा और दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी विभाग द्वारा यदि कोई जानकारी मांगी जाएगी तो आवेदक लॉगिन कर इसके बारे में जान पाएंगे। उन्होंने बताया कि अब किसी भी कार्यालय से ऑफलाइन मोड में संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। सचिव आनंद ने बताया कि ई-चालान के माध्यम से पेमेंट की सुविधा भी मिलेगी। नई सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब किसी भी उद्योग को लगाने से पूर्व किन-किन विभागों से अनुमति की आवश्यकता होगी, यह जानकारी भी पोर्टल में उपलब्ध कराई गई है। सभी विभागीय अधिकारियों को आईडी-पासवर्ड भी दिए गए हैं, जिससे वह समय-समय पर आवेदनों का निराकरण कर पाएंगे। अब इसकी मॉनिटरिंग आसान होगी और अनुमति के लाइसेंस के लिए समय-समय पर संबंधित विभाग अधिकारियों को अलर्ट भी भेजा जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विभिन्न मौकों पर कहा है कि उद्योगों की स्थापना से न केवल प्रदेश का विकास होगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योगों की स्थापना प्रक्रिया जितनी अधिक पारदर्शी और आसान होगी, उद्यमी उतने ही अधिक आकर्षित होंगे और निवेश बढ़ने से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाने वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पुराने पोर्टल को अपग्रेड करते हुए सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 तैयार किया गया है।

## ओम बिरला ने सदन में लगाई राहुल गांधी को फटकार

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देने के लिए खड़े हुए तो समूचा विपक्ष हंगामा करते हुए नारेबाजी करने लगा। मोदी के भाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने सदन में जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण प्रधानमंत्री को हंगामे के बीच ही अपना भाषण देना पड़ा। अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों को रोकने का प्रयास किया लेकिन जब वे नहीं माने तो बिरला विपक्ष के नेता पर बिफरने लगे। बिरला ने गांधी को कडी फटकार लगाते हुए कहा, आपका तरीका गलत है। प्रतिपक्ष के नेता की गरिमा इस तरह की नहीं होती है। आपको हंगामा बंद कराना चाहिए लेकिन आप गलत तरीका अपना रहे हैं। प्रतिपक्ष के नेता के विपरीत आचरण करके विपक्ष के नेता की गरिमा घटा रहे हैं।

## रेड्डी ने की राहुल गांधी के भाषण की आलोचना, जनता से मांगें माफी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी की आलोचना की और कहा कि नेता प्रतिपक्ष का उद्देश्य सरकार को जवाबदेह ठहराना और लोगों की आवाज बनना होता है। रेड्डी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका अतीत में कई बड़े-बड़े नेताओं ने निभाई है, जिनमें सर्वश्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और सुषमा स्वराज का नाम भी शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका को निभाते हुए लोकसभा में चर्चा को आगे बढ़ाया और गरीबों तथा वंचितों के लिए आवाज सदन में उठायी थी। रेड्डी ने मंगलवार को एक बयान में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पहले भाषण पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गांधी ने अपनी भूमिका जिम्मेदारी से निभाने के बजाय सदन का इस्तेमाल नफरत फैलाने वाले भाषण और फर्जी खबरें फैलाने के लिए करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी के भाषण ने पूरे हिन्दू समुदाय को हिंसक और नफरत से भरा बताया। रेड्डी के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति नेता प्रतिपक्ष की नफरत पूरे हिन्दू समुदाय और राष्ट्र के लिए नफरत में बदल गयी है। उन्होंने बताया कि गांधी का एजेंडा हिन्दू विरोधी है। केंद्रीय मंत्री ने पिछले ज्वलंत उदाहरणों का हवाला देते हुए बार-बार हिंदुओं का अपमान करने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में गांधी का भाषण हिंदुओं पर सीधा हमला था।

## हमर रायपुर हमर गरब

# रायपुर को धुलपुर नहीं फूलपुर बनाएं: विजय मिश्रा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



जन जन को भाती है ए छत्तीसगढ़ की माटी है। ऐसे छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा और लोक कला का कुबेर भी कहते हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी होने का गौरव हमर रायपुर को प्राप्त है। रायपुर के माथे पर सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक घटनाओं का लिखित अलिखित इतिहास दर्ज है। शैक्षणिक दृष्टि से यहां छत्तीसगढ़ का पहला महाविद्यालय स्थापित है जिसे एडवोकेट जे योगानंद जी ने वर्ष 1938 में स्थापित किया। गुढ़ियारी स्थित बिजली बोर्ड कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ का वह बिजली आपूर्ति घर जीर्ण शीर्ण हालत में है जिसके बूते कभी रायपुर शहर को बिजली आपूर्ति होती थी। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में फिरंगियों की नाक में नकेल कसने वाले बलिदानी सपूतों की गाथा आज भी रायपुर की गलियों में गूंजती है। जयस्तम्भ चौक में स्थापित अमर शहीद वीर नारायण सिंह की विराट मूर्ति बताती है आदिवासी भाईयों ने अपनी शूरवीरता के साथ ही इस बात को उजागर किया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाईयों के मिजाज लाजवाब थे, गणित की किताब में वे रखते गुलाब थे। बूढ़ातालाब जिसे विवेकानंद सरोवर के नाम से जानते हैं वहां स्वामी विवेकानंद ने अपने बाल्यकाल में अपना बहुमूल्य समय व्यतीत किया। छत्तीसगढ़ की पहली छोटी छुक-छुक रेलगाड़ी की शुरुआत रायपुर रेलवे स्टेशन से हुई। रायपुर के प्राचीन देवालयों और जलागारों ने रायपुर शहर की शान को बनाए रखा है। ऐसे प्राचीन शहर की गरिमा को बनाए रखने की दृष्टि से आज भी राजनैतिक जागरूकता अथवा सशक्त जूझारपन की कमी को देख देख रायपुर की भूमि रोती बिलखती है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद नये पुराने सपनों को साकार होने की बाट जोहता रायपुर अपने रहवासियों से भी उम्मीद करता है कि रायपुर के माथे पर लगे धूलपूर के कलंक को मिटाने के लिए सघन वृक्षारोपण और स्वच्छता के प्रति सजगतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने आगे आए। रायपुर को धूलपूर के बदले रंग बिरंगे फूलपुर का नाम देने ईमानदारी से मशक्कत करें।

## नगर निगम द्वारा खारून नदी एवं नाले की सफाई लगातार जारी, लगभग 2 डम्पर कचरा निकालकर स्वच्छता कायम की गयी



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम जोन क्रमांक 8 स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार दो दिनों से राजधानी शहर रायपुर में महादेवघाट रायपुरा में खारून नदी और नाले की मेनुअल सफाई लगभग 20 सफाई मित्र कामगारों की सहायता से करवाई जा रही है. वहाँ प्रतिदिन लगभग एक डम्पर कचरा नाले और लगभग 1 डम्पर कचरा खारून नदी के किनारे की सफाई करवाकर निकाला जा चुका है और निकाले गए कचरे और गंदगी का परिवहन करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत स्वच्छता कायम करने का कार्य किया जा चुका है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने खारून नदी और नाले की सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने सतत मॉनिटरिंग कर सफाई करवाकर स्वच्छता कायम बनाये रखने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश सम्बंधित निगम अधिकारियों को दिये है।

## नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर 10 से, शहर की प्रमुख समस्याओं के निदान पर रहेगा जोर

**बिलासपुर।** शहरी नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए बिलासपुर नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जाएंगे। ये शिविर 10 जुलाई से शुरू होकर 10 अगस्त तक लगभग एक माह तक विभिन्न वार्डों में आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक में इसके लिए एक कार्ययोजना बनाकर तैयारी शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों में शहरी नागरिकों की प्रमुख पांच समस्याओं के निदान पर जोर रहेगा। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत शामिल हैं। इसके अलावा इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही सिकल सेल जांच की सुविधा भी रहेगी। शिविर में स्थानीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। शिविर में यथासंभव समस्याओं के तत्काल समाधान का प्रयास किया जायेगा। शिविर में मिले समस्याओं के निदान होने तक समीक्षा भी की जायेगी। कलेक्टर ने शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित एसडीएम एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम राष्ट्रीय आभियान के तहत



पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल 1 जुलाई 2024 को अपने जन्म दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर जायसवाल ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश भर में पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता था इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर हमने सोचा कि क्यों न अपने जन्म दिवस पर के अवसर पर पौधारोपण किया जाए ताकि आने वाले समय में लोगों को भरपूर ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना भी साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री की कार्यशैली की वजह से भारत को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान मिली है।

इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण एक पेड़ मां के नाम राष्ट्रीय आभियान के तहत भीं पौधा रोपण किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान सामरी विधायक उद्धेस्वारी पैकरा पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा,जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, भानु प्रकाश दीक्षित, मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, गौतम सिंह, अमित गुप्ता, अजय सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन केंद्र विजयनगर का मामला

# एक करोड़ रूपए गमन के मामले में पुलिस ने की 409 के तहत मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम विजयनगर चौकी में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित महावीरगंज का धान उपार्जन केन्द्र विजयनगर में खरीफ वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में एक करोड़ चौदह लाख सात सौ तैतीस रूपये गमन करने के मामले में पुलिस ने कुल 12 आरोपियों के खिलाफआईपीसी की धारा 409 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीदी प्रभारी मंजर अंसारी के द्वारा 9491.20 क्विंटल धान खरीदी किया गया एवं 9491.20 क्विंटल धान का उठाव/परिदान पूर्ण करा लिया गया है। जबकि आरिफ अंसारी पिता समदानी द्वारा कुल 68152.40 क्विंटल धान क्रय किया गया था और मात्र 64576.22 क्विंटल धान का ही उठाव/परिदान कराया गया है तथा शेष धान की मात्रा 3576.18 क्विंटल को आरिफ अंसारी के द्वारा नहीं कराया गया है। जांच अधिकारी द्वारा सत्यापन करने पर उपार्जन केन्द्र विजयनगर में वर्तमान में एक भी धान भरे हुए बारदाना की उपलब्धता नहीं पाई गई,जो कि खरीदी कार्य में लापरवाही को दर्शाता है एवं गलत तरीके से खरीदी किया जाना प्रतीत होता है। जिसके लिए खरीदी प्रभारी आरिफ अंसारी पिता समदानी, फड़ प्रभारी मतीन, ज्याउल अंसारी, फड मुंशी संतोष यादव, सुनील, दिनेश, सकेन्द्र, महबूब, संतुलाल, अवधेश शिवकुमार तथा बारदाना प्रभारी गुलाब सिंह जिम्मेदार है। उक्त सभी जिम्मेदारों द्वारा 3576.18 क्विंटल धान राशि 11086158.00 रुपये एवं 12983 नग वरदाना की राशि 324575.00 रुपये कुल राशि 11410733.00 (एक करोड़ चौदाह लाख दस हजार सात सौ तैतीस रुपये मात्र) का अनियमितता पाए जाने पर शिकायत के आधार पर पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 409 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चीफ जस्टिस ने किया हाई कोर्ट में संचालित बैंक शाखा का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की उच्च न्यायालय भवन में संचालित शाखा का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि 01 जुलाई 1955 को स्टेट बैंक ऑफइंडिया की स्थापना हुई थी, जिसके उपलक्ष्य में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से डिप्टी जनरल मैनेजर आलोक रंजन द्वारा पुष्पगुच्छ से मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया गया। हाल ही में उच्च न्यायालय स्थित स्टेट बैंक ऑफइंडिया की शाखा में नवीन साज-सज्जा की गई है तथा शाखा में एक व्ही.आई.पी. लाउंज भी बनाया गया है। बैंक के अधिकारीगणों द्वारा मुख्य न्यायाधिपति को बैंक परिसर तथा व्ही.आई.पी. लाउंज का अवलोकन कराया गया तथा ग्राहकों के लिए शाखा में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार (प्रशासन) अवध किशोर, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रह्मन्यम, कोर्ट ऑफिसर एफके. बिसेन, प्रोटोकॉल अधिकारी आर.एस. नेगी. विजय प्रकाश पाठक, सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## जिले के तीन अस्पतालों को मिला एनक्यूएएस गुणवत्ता प्रमाणपत्र, कलेक्टर ने दी बधाई और शुभकामनाएं

बिलासपुर। भारत सरकार द्वारा जिले के तीन अस्पताल को एनक्यूएएस गुणवत्ता प्रमाण पत्र दिया गया है। ये सभी अस्पताल गुणवत्ता के निर्धारित मानकों को पूर्ण करने में सफल हुए हैं। इनमें कोटा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागांव-सल्का, उप स्वास्थ्य केंद्र मझवानी एवं बिल्हा ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवा शामिल हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित अस्पतालों के डॉक्टर एवं स्टॉफ को बधाई दी एवं उन्हें निरंतर जनहित में बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि इस साल मई महीने में 28 मई से 31 तारीख के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण हेतु केंद्रीय दल के द्वारा मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के मुख्य बिन्दुओं में सेवाओं की उपलब्धता की स्थिति, मरीजों के अधिकार का पालन, इनपुट (सहयोग/निवेश), सपोर्ट सेवाएं, चिकित्सकीय एवं नैदानिक सेवाएं, संक्रमण की रोकथाम की स्थिति, गुणवत्ता प्रबंधन एवं आउटकम इंडीकेटर को रखा गया था।

## हिंदू धर्म को हिसंक बताने वाले सांसद का विहिप ने किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



स्थानीय लरंग साय चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। लोकसभा सदन में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष रायबरेली के सांसद राहुल गांधी द्वारा हिन्दू धर्म को हिंसक नफरत फैलाने वाला एवम असत्य के मार्ग पर चलने वाला बताया, इससे सिद्ध होता है की राहुल गांधी अपने दादा फिरोज गांधी के पोता है, राहुल गांधी के इस बयान के बाद देश भर मे हिन्दू समाज मे भारी आक्रोश व्याप्त है और बजरंग दल इसकी कड़ी निंदा करता है। इसी कड़ी में जिले के सभी केदो में इसका विरोध प्रदर्शन करते हुए सब यात्रा निकालते हुए पुतला दहन किया गया। रामानुजगंज के लरंग साय चौक पर सब यात्रा निकालकर पुतला दहन किया गया इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफजमकर नारेबाजी की गई। तद उपरांत राष्ट्रपति के नाम बलरामपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में जिला संयोजक जशु केशरी, प्रखंड संयोजक नयन गुप्ता,नगर संयोजक सुशील मेहरा, नगर सुरक्षा प्रमुख निहाल कश्यप, मिलन प्रमुख आकाश ठाकुर,विद्यार्थी प्रमुख रंजन शर्मा, मितगई खंड संयोजक पप्पू यादव, सूरज पासवान, हर्ष सोनी, ऋषि पासवान, आनंद विश्वकर्मा, निशांत कुमार, आर्यन गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शैलेश मरकाम, संदीप ठाकुर, अभिषेक केसरी आर्यन कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रहस्यमय ढंग से लापता 24 दिन की नवजात बच्ची की लाश कुएँ में मिली



**बिलासपुर।** मस्तूरी क्षेत्र के किरारी में रहस्यमय तरीके से गायब बच्ची की लाश कुंए में तैरती हुई मिली है। पुलिस ने शव निकलकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है मामले में जल्द ही आरोपी बेनकाब होंगे। इस बीच घटना को लेकर गांव में कोहराम मचा हुआ है। उल्लेखनीय है मस्तूरी थाना क्षेत्र के किरारी गांव में रहने वाले एक परिवार के घर से आधी रात 24 दिन की नवजात बच्ची रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। मामले की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस परिजनों से पूछताछ के बाद बच्ची की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान गांव के ही एक कुंए में नवजात की लाश मिली है। पुलिस ने बच्ची के शव को बाहर निकालकर अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दी है। इधर लाश मिलने के बाद बच्ची की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर गांव में कोहराम मचा हुआ है। जिज्ञासावश आसपास के गांव के लोग भी किरार पहुंच गए है। लोग कई तरह की चर्चा कर रहे है साथ ही वास्तविकता जानने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे है। हालांकि पुलिस कह रही है कि जल्द हो मामले का खुलासा किया जाएगा।

## दपूमरे द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा हेतु किए जा रहे है रोड अंडर ब्रिज का निर्माण

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com








दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल के व्यापक नेटवर्क होने के कारण रेलवे और सड़क मार्ग जगह जगह एक दूसरे को क्रॉस करती है, जहाँ पर सड़क रेलवे लाइन को क्रॉस करती है, वहाँ पर सड़क यातायात के सुगम, संरक्षित और निर्बाध यातायात के लिए लेवल क्रॉसिंग गेट बनाए गए हैं। रेलवे लाइन पर ट्रेन चलने के समय लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद कर दिया जाता है और ट्रेन को सुरक्षित पास करने के बाद रोड यातायात को खोल दिया जाता है ताकि सड़क मार्ग से जाने वाले पैदल यात्री तथा वाहन अपने गंतव्य तक सुरक्षित जा सके और ट्रेन परिचालन भी निर्बाध और संरक्षित रूप से होता रहे। समय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे के आधारभूत संरचनाओं में आशातीत वृद्धि होने के कारण इन लेवल क्रॉसिंग गेट पर यातायात प्रभावित होता है। सड़क मार्ग से वाहनों का लगातार आवागमन के कारण लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले सिग्नल पर ट्रेन रुक जाती है तो कभी ट्रेन के लगातार चलते रहने के कारण पर सड़क मार्ग के यात्री एवं वाहनों को लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले इंतजार करना पड़ता है। खासकर व्यस्त राजमार्गो या शहर के मध्य मे स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट पर यह समस्या गंभीर हो जाती है। विकसित होते शहरों, गावों, कस्बों आदि जहां की बसाबट लगातार बढ़ रही है, वहाँ समपार फाटक पर यातायात अवरुद्ध होने की संभावना रहती है। सड़क मार्ग के परिवहन की संरक्षा को बेहतर करने एवं असुविधा को कम करने के लिए व्यस्त समपारों की जगह इस समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध संसाधनों और प्राथमिकता के आधार पर रेलवे के द्वारा रोड अंडर ब्रिज, अंडर पास एवं रोड ओवर ब्रिज आदि के निर्माण लगातार किए जा रहे है, जिनके निर्माण से मुख्य लाभों में यह है कि वे राजमार्गो और रेलवे पटरियों के बीच लेवल क्रॉसिंग की आवश्यकता को समाप्त करते हैं, जिससे ट्रेन तथा सड़क वाहन या पैदल यात्री संरक्षित रूप से यात्रा सम्पन्न करते हैं। चूंकि वाहन चालकों को लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने का या ट्रेन को लेवल क्रॉसिंग गेट के बंद होने का इंतजार नहीं करना पड़ता है, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न नहीं होती है तथा इससे उनकी औसत गति में वृद्धि होती है । साथ ही यात्रा में कम समय लगता है व रेलवे ट्रैक के दोनों ओर के क्षेत्र आपस में जुड़ जाते हैं। रेलवे फाटकों पर सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं की सहूलियत एवं सुविधा के लिए बनाए गए रोड अंडर ब्रिज एवं अंडरपास के जहां बहुत सारे फायदे है वहीं बारिश के दिनों में कुछ रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास आदि में जलभराव की स्थिति की जानकारी भी मिलती रही है। रेलवे द्वारा सज्ञान में आई जलभराव की समस्या से निबटने के लिए पुख्ता उपाय किए गए है, जिनमें प्रमुख रूप से बहुत सारी महत्वपूर्ण अंडर ब्रिज/अंडरपास में शेड का प्रावधान किए गए है, जिससे बारिश का पानी अंडर ब्रिज/अंडरपास के अंदर नहीं जाती है। दूसरा अंडर ब्रिज/अंडरपास में क्रॉस ड्रेन बनाए जा रहे है जो कि अंडर ब्रिज/अंडरपास के दोनों सिरों पर बारिश के दौरान ढलान के पानी को किनारे पर बनाए गए संपवेल से मिलाकर बाहर कर देते है। तीसरे उपाय के रूप में बहुत सारे अंडर ब्रिज/अंडरपास में जल के भराव को बाहर करने के लिए सेंसर युक्त पंप लगाए गए है, जो कि जलभराव होने पर ऑटोमैटिक चालू हो जाती है और पानी को बाहर करती है। इसके साथ ही अन्य अंडर ब्रिज/अंडरपास में मोटर को मन्युअल चालू कर जलभराव को रोका जाता है। समय के साथ इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे लगातार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है। रेल प्रशासन रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के उपयोगकर्ताओं से आग्रह किया है कि बारिश के दिनों में यदि किसी रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास में जलभराव खतरे के निशान पर हो उस दौरान रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास को पार ना करें तथा निकटतम स्टेशन में सूचना देकर रेल प्रशासन का सहयोग करें ।


**ई–नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – IVA) (नियम 8(6))**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल–एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव –122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001" वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकारी अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नलिखित ऋण खातों/प्रोसपेक्ट सं. में जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें आईआईएफएल–एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी आधार के बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री सैयद इरशाद अली 2 श्रीमती सैयद नाजिया अली (प्रॉस्पेक्ट सं. 795618) | 12.09.2018<br>रु. 6,23,324/– (रु. छः लाख तेईस हजार तीन सौ चौबीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं.01, ब्लॉक नं.पी, केएच.नं. 706 का भाग, पीएच.नं.81/2, गांव–मुंगी, तहसील–आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001. (क्षेत्रफलः–1500 वर्ग फीट) | 13.05.2019<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 11,27,881/– (रु. ग्यारह लाख सत्ताईस हजार आठ सौ इक्यासी मात्र) | रु. 5,60,000/– (रु. पाँच लाख साठ हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 56,000/– (रु. छप्पन हजार मात्र) |
| 1. श्री विनय पारेख 2 श्रीमती ज्योति पारेख (प्रॉस्पेक्ट सं. 854084) | 2.12.2019<br>रु. 12,03,318/– (रु. बारह लाख तीन हजार तीन सौ अट्ठारह मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि अरण्य रियल स्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, अरण्य सिटी ऑफ वुडलैंड, प्लॉट नं. 81, 1500 वर्ग फीट, खसरा नं. 707, ब्लॉक नं. सी, ग्राम पचेड़ा, पी.एच. एन.81/2, आर.एन.एम. मंदिर हसौद, तहसील–आरंग, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 | 20.07.2020<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 19,07,714/– (रु. उन्नीस लाख सात हजार सात सौ चौदह मात्र) | रु. 8,80,000/– (रु. आठ लाख अस्सी हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 88,000/– (रु. अट्ठासी हजार मात्र) |
| 1. श्री ऋषि शर्मा 2 श्रीमती स्वेता शर्मा (प्रॉस्पेक्ट सं. 865674) | 19–फरवरी–2020<br>रु. 34,19,440/– (रु. चौंतीस लाख उन्नीस हजार चार सौ चालीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 40,000/– (रु. चालीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि आवासीय भूमि खसरा नं. 179/36 का हिस्सा, रकबा 2000 वर्ग फीट, पी.एच. नं.104, मौजा डंगनिया, आर.एन.एम., रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 | 15.06.2020<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 49,97,377/– (रु. उनचास लाख सत्तानवे हजार तीन सौ सतहत्तर मात्र) | रु. 30,40,000/– (रु. तीस लाख चालीस हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 3,04,000/– (रु. तीन लाख चार हजार मात्र) |
| 1. श्री चंदू लाल चंद्राकर 2 श्रीमती पुष्पा चंद्राकर (प्रॉस्पेक्ट सं. 891104) | 16–फरवरी–2021<br>रु. 12,15,844/– (रु. बारह लाख पंद्रह हजार आठ सौ चौवालीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मौजा–रायपुरा, पी.एच.एन.104, आर.एन.एम.रायपुर, खसरा नं. 364/5, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 | 16.06.2021<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 17,13,503/– (रुपये सत्रह लाख तेरह हजार पांच सौ तीन मात्र) | रु. 9,00,000/– (रु. नौ लाख मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 90,000/– (रु. नब्बे हजार मात्र) |
| 1. श्री वी एस के प्रभाकर 2 श्रीमती पद्मावती वाराणसी (प्रॉस्पेक्ट सं. 822812) | 16–फरवरी–2021<br>रु. 27,21,307/– (रु. सत्ताईस लाख इक्कीस हजार तीन सौ सात मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं.179/24, पी.एच.नं.104, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, मौजा डंगनिया, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़ | 16.06.2021<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 35,32,591/– (पैंतीस लाख बत्तीस हजार पांच सौ इक्यावन मात्र) | रु. 20,80,000/– (रु. बीस लाख अस्सी हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 2,08,000/– (रु. दो लाख आठ हजार मात्र) |
| 1. श्री सौरभ सरीन 2 श्रीमती शशि सिंह सरीन 3 श्री दुर्गा ऑफसेट एंड प्रिंटर्स (प्रॉस्पेक्ट सं. 944731 और IL10043165) | 04–अगस्त–2021<br>रु. 28,92,370/– (रु. अट्ठाईस लाख बानवे हजार तीन सौ सत्तर मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा सं. 179/36 में से उत्पन्न भूमि का प्लॉट, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट मौजा डंगनिया, दीनदयाल वार्ड, पी.एच. एन.104, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001 क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट | 09.12.2021<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 37,91,367/– (रु. सैंतीस लाख इक्यावन हजार तीन सौ सड़सठ मात्र) | रु. 21,96,000/– (रु. इक्कीस लाख छियान्वे हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 2,19,600/– (रु. दो लाख उन्नीस हजार छः सौ मात्र) |
| 1. श्री पराशराम साहू 2 श्रीमती देविका साहू (प्रॉस्पेक्ट सं. 891593) | 7–अक्टूबर–2021<br>रु. 14,43,620/– (रु. चौदह लाख तैंतालीस हजार छह सौ बीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि पी.एच.एन.104/57, आर.एन.एम. रायपुर, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट, मौजा रायपुरा, खसरा नं. 364/5, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 | 06.01.2022<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 20,25,829/– (रु. बीस लाख पच्चीस हजार आठ सौ उनतीस मात्र) | रु. 11,62,000/– (रु. ग्यारह लाख बासठ हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 1,16,200/– (रु. एक लाख सोलह हजार दो सौ मात्र) |
| 1. श्री साकेत कुमार सिंह 2 श्रीमती सोनल सिंह (प्रॉस्पेक्ट सं. 841055) | 10–जनवरी–2022<br>रु. 21,70,534/– (रु. इक्कीस लाख सत्तर हजार पांच सौ चौंतीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 110/3 का भाग, पी.एच. नं. 105/61, क्षेत्रफल 139 वर्ग मीटर, आर.एन.एम. रायपुर–1 चंद्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52, मौजा मठपुरैना, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | 06.05.2022<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 28,94,052/– (रु. अट्ठाईस लाख चौरानबे हजार बावन मात्र) | रु. 16,80,000/– (रु. सोलह लाख अस्सी हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 1,68,000/– (रु. एक लाख अड़सठ हजार मात्र) |
| 1. श्री श्री नारायण 2 श्रीमती खुशबू दुबे (प्रॉस्पेक्ट सं. 864794) | 2–फरवरी–2021<br>रु. 2,70,231/– (रु. दो लाख सत्तर हजार दो सौ इकतीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रायपुर विकास प्राधिकरण, क्षेत्रफल 550 वर्ग फुट, नगर विकास योजना–04, इंद्रप्रस्थ रायपुरा योजना फेज–2, ईडब्ल्यूएस 1बीएचके, सामान्य श्रेणी, ब्लॉक नं. ई, फ्लैट नं. – 810, आठवीं मंजिल, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492001 | 16.06.2021<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 3,55,245/– (रु. तीन लाख पच्चपन हजार दो सौ पैंतालीस मात्र) | रु. 2,25,000/– (रु. दो लाख पच्चीस हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 22,500/– (रु. बाईस हजार पाँच सौ मात्र) |
| 1. श्री संजय रामरख्यानी 2 श्रीमती सीमा राम रख्यानी (प्रॉस्पेक्ट सं. 840159) | 15–जून–2022<br>रु. 31,21,166/– (रु. इकतीस लाख इक्कीस हजार एक सौ छियासठ मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 40,000/– (रु. चालीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 179/24, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट (कुआं और पेड़ शामिल नहीं), पी. एच. नं. 104/57, आरएनएम रायपुर, मौजा डंगनिया, रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | 20.08.2022<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 40,52,206/– (रु. चालीस लाख बावन हजार दो सौ छह मात्र) | रु. 26,72,000/– (रु. छब्बीस लाख बहत्तर हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 2,67,200/– (रु. दो लाख सड़सठ हजार दो सौ मात्र) |
| 1. श्री वीरेंद्र अग्रवाल 2 श्रीमती ममता अग्रवाल 3. श्री शिवम मशीनरी (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10111310) | 25–जून–2022<br>रु. 25,41,173/– (रु. पच्चीस लाख इकतालीस हजार एक सौ तिहत्तर मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 651/14 का भाग, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट, पी.एच. नं. 104, ग्राम रायपुरा, वार्ड नं. 68, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 | 12.10.2022<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 31,74,508/– (रु. इकतीस लाख चौहत्तर हजार पांच सौ आठ मात्र) | रु. 21,60,000/– (रु. इक्कीस लाख साठ हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 2,16,000/– (रु. दो लाख सोलह हजार मात्र) |
| 1. श्री दिनेश श्रवण होल 2 श्रीमती नुपुर होल (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10094901) | 23–सितंबर–2022<br>रु. 15,84,578/– (रु. पंद्रह लाख चौरासी हजार पांच सौ अठहत्तर मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खं.165/3 का भाग, भूमि क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, चंगोराभाटा, पीएच नं. 59, आरएनएम रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492013 | 21.12.2022<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 19,37,600/– (रु. उन्नीस लाख सैंतीस हजार छह सौ मात्र) | रु. 14,40,000/– (रु. चौदह लाख चालीस हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 1,44,000/– (रु. एक लाख चौवालीस हजार मात्र) |
| 1. सुश्री पार्वती निषाद 2 श्री गंगा राम निषाद 3. श्रीमती कुमारी बाई निषाद (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10086974) | 21–फरवरी–2023 रु. 17,58,341/– (रु. सत्रह लाख अट्ठावन हजार तीन सौ इकतालीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा सं. 165/3 में से उत्पन्न भूमि का प्लॉट, भूमि क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, कारपेट क्षेत्रफल 100 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट–अप क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट, पीएच नं. 59, आरएनएम रायपुर–1, वार्के मौजा, चंगोराभाटा, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत–492001 | 24.05.2023<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 20,40,007/– (रु. बीस लाख चालीस हजार सात मात्र) | रु. 18,00,000/– (रु. अट्ठारह लाख मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 1,80,000/– (रु. एक लाख अस्सी हजार मात्र) |
| 1. श्री सूर्य प्रकाश साहू 2. श्री समे लाल साहू 3. सूर्य मार्केटिंग (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10205575) | 23–फरवरी–2023 रु. 22,31,250/– रु. बाईस लाख इकतीस हजार दो सौ पचास मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 566/3 का हिस्सा, जिसका भूमि क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, कारपेट क्षेत्रफल 100 वर्ग फीट और निर्मित क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट, पीएचएन 109/45, मौजा मोवा, आरएनएम रायपुर 1, तहसील और जिला रायपुर छत्तीसगढ़, 492001, भारत में स्थित | 04.05.2023<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 25,78,379/– (पच्चीस लाख अठहत्तर हजार तीन सौ उनासी मात्र) | रु. 18,18,000/– (रु. अट्ठारह लाख अट्ठारह हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 1,81,800/– (रु. एक लाख इक्यासी हजार आठ सौ मात्र) |
| 1. श्री विक्की धीवर 2. श्रीमती पूनम धीवर 3. विक्की मोबाइल (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10383811) | 10–अक्टूबर–2023 रु. 5,43,878/– (रु. पांच लाख तैंतालीस हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. एच3, पीएच नं. 81/2, पुराना खसरा नं. (1144, 1153, 1154, 1145, 1152 का भाग), नया खसरा नं. (15010/1 का भाग), साईं आशीर्वाद प्राइड सिटी फेस 4 ग्राम–पचेड़ा, चंदखुरी, नरदहा तहसील आरंग जिला रायपुर 492001 (भूमि क्षेत्रफल 581 वर्ग फीट, विक्रय योग्य क्षेत्रफल 581 वर्ग फीट, सुपर निर्मित क्षेत्रफल 581 वर्ग फीट) (क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट) | 04.01.2024<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 6,28,265/– (रु. छह लाख अट्ठाईस हजार दो सौ पैंसठ मात्र) | रु. 3,78,000/– (रु. तीन लाख अट्ठत्तर हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 37,800/– (रु. सैंतीस लाख आठ सौ मात्र) |
| 1. श्री विश्वजीत कुमार 2 श्रीमती शारिका सिंह (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10101356) | 23–फरवरी–2022 रु. 12,89,626/– बारह लाख नवासी हजार छह सौ छब्बीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 25,000/– (रु. पच्चीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि के एच नं. 475/122/के, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट, मोवा का भाग, पीएच नं. 109, आरएनएम रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 | 28.04.2022<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 17,15,476/– (रु. सत्रह लाख पंद्रह हजार चार सौ छिहत्तर रुपए मात्र) | रु. 9,60,000/– (रु. नौ लाख साठ हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 96,000/– (रु. छियान्वे हजार मात्र) |
| 1. श्री राजेश्वर कुमार 2 श्रीमती प्रमिला देवी (प्रॉस्पेक्ट सं. 867644) | 23–दिसंबर–2019 रु. 2,16,825/– (रु. दो लाख सोलह हजार आठ सौ पच्चीस मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 804, 8वीं मंजिल, ब्लॉक नं. डी, ई.डब्ल्यू.एस इंद्रप्रस्थ – रायपुरा फेज 2, रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 (सुपर बिल्ट अप एरिया– 533.48 वर्ग फीट) | भौतिक कब्जे की तिथि<br>17.06.2022<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 7,23,247/– (रु. सात लाख तेईस हजार दो सौ सैंतालीस मात्र) | रु. 4,27,000/– (रु. चार लाख सत्ताईस हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 42,700/– (रु. ब्यालीस हजार सात सौ मात्र) |
| 1. श्री राकेश सिंह 2 श्रीमती अलका सिंह 3 साईनाथ बोरवेल्स (प्रॉस्पेक्ट सं. 817684) | 8–मार्च–2021 रु. 35,13,117/– (रुपये पैंतीस लाख तेरह हजार एक सौ सत्रह मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 40,000/– (रु. चालीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि दुकान नं. 316, क्षेत्रफल 370 वर्ग फीट या 34.39 वर्ग मीटर, तीसरी मंजिल, लालगंगा शॉपिंग मॉल, ब्लॉक नं. 10, वार्ड नं. 40 (पुराना वार्ड नं. 30), प्लॉट नं. 12/3, 12/12 मोहल्ला पुराना सिविल स्टेशन, जी.ई. रोड, बाबू जगजीवन राम वार्ड (अस्पताल वार्ड), रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत | भौतिक कब्जे की तिथि<br>27.09.2023<br>कुल बकाया दिनांक 05.06.2024 तक<br>रु. 53,90,668/– (रु. तिरेपन लाख नब्बे हजार छह सौ अड़सठ मात्र) | रु. 28,86,000/– (रु. अट्ठाईस लाख छियासी हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 2,88,600/– (रु. दो लाख अट्ठासी हजार छः सौ मात्र) |
| 1. श्री विजय कुमार दामके 2 श्रीमती योगेश कुमार दामके (प्रॉस्पेक्ट सं. IL10216656) | 23–सितंबर–2022 रु. 10,32,755/– (रु. दस लाख बत्तीस हजार सात सौ पचपन मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि<br>रु. 20,000/– (रु. बीस हजार मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 458, क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट (भूमि क्षेत्रफल) 100 वर्ग फीट (कारपेट क्षेत्रफल) 390 वर्ग फीट (सुपर निर्मित क्षेत्र), हर्षित हार्मनी, ख.नं. 364/4, मौजा घुमा, पीएच नं. 32, आरएनएम धरसिवा, सिंधानिया बिल्डकॉन, तहसील रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत–492001 | कब्जे की तिथि<br>11.07.2023<br>कुल बकाया दिनांक 03.06.2024 तक<br>रु. 13,27,700/– (रु. तेरह लाख सत्ताईस हजार सात सौ मात्र) | रु. 8,50,000/– (रु. आठ लाख पचास हजार मात्र)<br>धरोहर राशि (ईएमडी)<br>रु. 85,000/– (रु. पिचासी हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 19.07.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 22.07.2024 को अपराह्न 05.00 बजे | 24.07.2024 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः– ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
टिप्पणीः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। सफल बोली पर शेष भुगतान के लिए आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना होगा। खातों का विवरण इस प्रकार है: क) खाते का नामः– आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड, ख) बैंक का नामः– स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ग) खाता संख्याः–9902879xxxxx उसके बाद प्रॉस्पेक्ट नंबर, घ) आईएफएससी कोडः– SCBL0036001 ङ) बैंक का पताः स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई–400001

**नियम और शर्तें–**

1. ई–नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** और **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखें। ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
6. विवरण के लिए, ई–नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : **care@iiflonehome.com** सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
7. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर **care@iiflonehome.com** लिखें
8. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल–एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 की उप धारा (1) के तहत 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

**स्थान : छत्तीसगढ़, तिथि : 03.07.2024** **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# केशकाल में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा जन सैलाब

## दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों ने लिया लाभ




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकासखण्ड केशकाल के शासकीय कन्या शाला केशकाल में आज संपन्न हुआ। जीवनदीप समिति केशकाल के तत्वधान में कराये गए रहे मेगा हेल्थ कैंप में 30 से भी अधिक प्रतिष्ठित अनुभवशील डाक्टरों की टीम मौजूद रहे। इस शिविर का लाभ जिले में पांचो विकासखण्ड को मिला। शिविर में आने वाले लाभार्थियो का डाक्टरों की टीम के द्वारा जांच किया गया। साथ ही गंभीर बीमारीयों से ग्रस्त लोगो का पंजीयन उच्च संस्था में रिफर हेतु किया गया। इस शिविर में जिला अस्पताल कोण्डागांव के अतिरिक्त जिला अस्पताल एंव मेडिकल कॉलेज कांकेर, जगदलपुर, धमतरी के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त प्राइवेट संस्था से एम.एम. आई. एवं मित्तल अस्पताल रायपुर के विशेषज्ञ शिविर में अपना योगदान दे रहे थे। विकासखण्ड केशकाल के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. बिसेन के अनुसार 29 जून से 01 जुलाई 2024 तक चलने वाले इस शिविर में दिव्यांगजनो को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा बैशाखी, ट्राई साइकिल एवं स्वचालित बैटरी सायकल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आये हितग्राहियों का चिकित्सीय सुविधा के अतिरिक्त राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया। आवश्यकतानुसार असाध्य रोगों से ग्रसित लाभार्थि का लैब जांच किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशुरोग, स्त्री रोग, हृदय रोग, कैंसर रोग, चरम रोग, ई.एन.टी, निश्चेतना विशेषज्ञ, हडडी रोग विशेषज्ञ, रेडियोलोजिस्ट, आयुषचिकित्सक, फिजियोथैरेपिस्ट, टी. बी. रोग विशेषज्ञ एवं एम. डी मेडिसिन उपलब्ध थे। शिविर में 3088 मरीज शामिल हुए। इनके अतिरिक्त सामान्य एवं मौसमी बिमारी के बहुत से मरीजों का तत्काल उपचार कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। यहां 612 का लैब जांच, 1284 को दवाई वितरण, 127 दन्त चिकित्सा, 421 नेत्र चिकित्सा, 492 आयुर्वेदिक चिकित्सा, 128 शिशुरोग, 243 स्त्री रोग, 29 हृदय रोग के मरीजों ने उपचार हेतु पंजीयन कराया। स्वास्थ्य शिविर में केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम एवं नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, समाज सेवी उपस्थित थे। इनके साथ तहसीलदार केशकाल, नगरपंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत केशकाल के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम तथा मुख्य कार्यापालन अधिकारी व अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शिविर में शामिल होकर सहयोग प्रदान किया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. सिंह ने शिविर के सफ्लता की सरहाना करते हुए भविष्य में और शिविर कराने तथा जन सामान्य को स्वास्थ्य सेवा पंहुचाने का प्रयास करने हेतु कहा।

### चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और स्वयंसेवकों को विधायक टेकाम ने किया सम्मानित

केशकाल में आयोजित तीन दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप में सेवाएं प्रदान करने वाले चिकत्सक, स्वास्थ्यकर्मी और स्वयंसेवकों को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक टेकाम ने कहा कि केशकाल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप का लाभ क्षेत्र के दूरस्थ अंचल के लोगों को मिला। इस प्रकार के आयोजन और अधिक होना चाहिए। जो ग्रामीण जागरूकता के अभाव में समय पर रोग का उपचार नहीं करवा पाते है और रोग की गंभीरता बढ़ जाती है, उन्हें इस शिविर का बेहतर लाभ मिला। इस मेगा हेल्थ कैंप के आयोजन से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। उन्होंने यहां लोगों द्वारा बड़ी संख्या में आयुष पद्धति के माध्यम से उपचार का लाभ उठाए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां बड़ी संख्या में बच्चों का स्वर्णप्राशन भी करवाया गया है।

# राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड हेतु जिले से पांच बच्चों का चयन हुआ



पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

सत्र 2022-23 में आयोजित इंस्पायर अवार्ड में कोंडागांव जिले से चयनित छात्र छात्राओं का राज्य स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित होना है। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, कोंडागांव में जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में इन बच्चों का चयन हुआ था। कोंडागांव जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फ्लस्वरूप राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल पांच छात्रों का चयन हुआ है। जिनमे राकेश कोर्राम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलोर विकासखंड फ्रसगांव,देवकी पांडे शासकीय हाई स्कूल पासंगी विकासखंड फ्रस गांव, रितिका सायतोंडे शासकीय हाई स्कूल पासंगी विकासखंड फरसगांव, रघुनाथ मरकाम शास. माध्यमिक शाला पिकड़भाटा लेमडी विकासखंड कोंडागांव, रूपेश राठौर शासकीय माध्यमिक शाला बड़े बेंदरी विकासखंड कोंडागांव में अध्ययनरत हैं।

मार्गदर्शक शिक्षक हेमा कश्यप व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल पासंगी विकासखंड फ्रसगांव तथा दृगपाल दास मानिकपुरी शासकीय माध्यमिक शाला बड़ेबेंदरी विकासखंड कोंडागांव हैं।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंटक किरंदुल द्वारा चिकित्सकों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन में श्रम संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा एनएमडीसी परियोजना चिकित्सालय किरंदुल के समस्त चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी एवं पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ. बिधान चन्द्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि दोनों ही 1 जुलाई को पड़ती है, उनके पुण्य स्मरण में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। एमएमडब्ल्यू यूनियन (इंटक) के कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी एवं कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव द्वारा यूनियन की ओर से बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए मनुष्य के जीवन के प्रत्येक पड़ाव में चिकित्सकों के अतुलनीय योगदान, सुस्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा के लिए उनके सेवा एवं समर्पण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मानव कल्याण के लिए चिकित्सकों के योगदान की सराहना की गई। परियोजना चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज वी लाल ने सम्बोधित करते हुए लोगों की सेवा में सदैव ततपर रहने की बात कही और सभी से सहयोग की अपेक्षा की साथ ही उन्होंने सम्मान के लिए मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) का आभार व्यक्त किया। संगठन सचिव राकेश लाल द्वारा मंच संचालन एवं उपाध्यक्ष त्रिलोक बांधे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर डॉ मनीषा लाल, डॉ रजनीश शाह, डॉ अंजू शाह, डॉ एम के चौधरी सहित समस्त चिकित्सक गण, समस्त अस्पताल स्टॉफ, मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# जिला जेल सुकमा में नये कानून के संबंध में हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिला जेल सुकमा में विजय कुमार होता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) के निर्देश पर बंदियों के मध्य नवीन आपराधिक विधि संग्रह, भारतीय न्याय संहिता 2023 (बी.एन.एस.), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बी.एन.एस.एस.) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बी.एस.ए.) के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि 30जून. 2024 के रात्रि 12:00 बजे के पश्चात् घटित अपराधों का विचारण उक्त नई संहिता के अनुसार किया जायेगा। पूर्व के अपील आवेदन, विचारण, जॉच एवं अन्वेषण का विचारण पुरानी आपराधिक संहिता के अनुसार किया जायेगा। नवीन आपराधिक संहिता पूर्व आपराधिक संहिता से ज्यादा कारगार एवं प्रभावशील है। नये अधिनियम के अंतर्गत जाँच में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जायेगा। जिसमें संदेह उत्पन्न होने की कोई भी संभावना नहीं होगी। पूर्व के अधिनियम के अनुसार अधिकांश प्रकरणों में अभियुक्त को संदेह का लाभ प्रदान किया जाता था। चूँकि अब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से जॉच कार्यवाही को रिकार्ड कर अंतिम प्रतिवेदन के साथ विधिवत् प्रस्तुत किये जाने से संदेह की गुंजाइश कम हो जायेगी। बंदियों को समझाईश दी गयी कि ऐसा कोई कार्य न करे जो अपराध की श्रेणी में आता हो। जेल से रिहा होने के बाद अपने परिवार के साथ अच्छा जीवन व्यतीत करें और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर लाभ प्राप्त करें। समाज की उन्नति में अपनी भागिता सुनिश्चित भी करें। इस कार्यक्रम में गितेश कुमार कौशिक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुकमा जिला सुकमा, उत्कर्ष भारती (सहायक अभियोजन अधिकारी), राजेश कुमार बिसेन (जेल अधीक्षक) एवं कैलाश जैन (प्रतिधारक अधिवक्ता) के साथ जेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिंजोली में शाला प्रवेशोत्सव के साथ न्यौता भोज कराया गया



**कोण्डागांव।** जिले के विकासखंड माकड़ी संकुल बिंजोली के अंतर्गत प्राथमिक शाला बिंजोली, उच्च प्राथमिक शाला डोंगरी गुड़ा मे शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम मे कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजीत बघेल, चंदूलाल बघेल एवं सुकराम मंडावी एवं पालकों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को राज्य शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक और निःशुल्क गणवेश प्रदान किया गया तथा सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। न्योता भोज में सभी पालको को भोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिंजोली के सरपंच अनीता बघेल, उपसरपंच रबि बघेल, सोनबारू, फरिस, गंभीर, चैतूतेजकुमार, सेमलाल, सविता, दुलमा, महागीन, दशमी जगबती संकुल समन्यक विशंभर बघेल, प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी, सुदामा नाग एवं शिक्षक संतोष पोर्ते, वेदप्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, दिवाकर मांझी, संदीप तिर्की, दिनेश बघेल एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## नए कानून के बारे में लोगों को किया जा रहा जागरूक



**कोंडागांव।** भारत देश में तीन नए कानून लागू किए हैं जिनकी जानकारी लोगों को दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव रुपेश कुमार डांडे के प्रवेक्षण और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपतसिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धनोरा राजकुमार शोरी के द्वारा थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, महिलाए, राजस्व विभाग, शिक्षक गण, छात्र एवं छात्राएं व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण को 1 जुलाई से देश में लागू हुए तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के साथ महिला संबंधी अपराध, बच्चों से संबंधित अपराध, साइबर क्राइम तथा यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

# एसकेएमएस यूनियन द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ सदस्यों को दी गई विदाई




पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

संयुक्त खदान मजदूर संघ द्वारा एनएमडीसी परियोजना से सेवानिवृत हुए यूनियन के वरिष्ठ सदस्य धनकुल राम, गुरमीत सिंह, गजानंद केवटे, मोतीराम नाग का सम्मान कर उनको विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलू, सचिव राजेश संधू है, कार्यकरी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, कार्यालय सचिव नामदेव, संगठन सचिव सुमित धर, देव तिवारी, अजय सिंह, प्रीति सूरज, गणपत नायडू, एस वेंकट राव, संतोष प्रसाद, अतन सरकार किशोर दास उपस्थित थे।

# श्री राम फाइनेंस के ओर से मेधवी छात्र छात्राओं को दिया जा रहा है स्कॉलरशिप

पायनियर संवाददाता ◄ पखाजूर
www.dailypioneer.com



श्री राम फाइनेंस लिमिटेड ब्रांच पखांजूर शाखा में परलकोट क्षेत्र के शासकीय या प्राइवेट स्कूलों के आठवीं, नवमी, दसवीं एवं 11वी में पढ़ने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं जो पिछले वर्ष 60प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है उसी विद्यर्थि को पखांजुर ब्रांच श्री राम फाइनेंस लिमिटेड ऑफिस में पूरी दस्तावेज जमा करने पर 4000 हज़ार रुपये प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा, ब्रांच मैनेजर का कहना है कि परलकोट क्षेत्र के जितने भी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये विद्यार्थी है ऑफिस में आकर दस्तावेज के साथ फार्म जमा करने पर ऑनलाइन बैंक खाते में प्रमाणपत्र के साथ 4000 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा, फार्म जमा करने का अंतिम तिथि 5 जुलाई तक है इस समय अवधि के भीतर जितने भी विद्यार्थी पूरे दस्तावेज के साथ फार्म जमा करें सभी विद्यार्थियों को स्कालरशिप दिया जाएगा अबतक 200 विद्यार्थियों ने फार्म जमा किये।

# वरिष्ठता, पदोन्नति, पेंशन निर्धारण, सेवा पुस्तिका सत्यापन एवं पासबुक संधारण की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला के शिक्षक संवर्ग की स्थानीय समस्याओं एवं मांगों के समाधान को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 24 जून 2024 को 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी जिला स्तरीय समस्त शिक्षक संवर्ग की प्रावधिक पदक्रम सूची (वरिष्ठता सूची) का त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण प्रकाशन को तत्काल सुधारने, जिला स्तर पर जारी वरीयता सूची की त्रुटि सुधारकर व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति हेतु राज्य कार्यालय को भेजने, सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों में पदोन्नति करने, जिले के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के जी.पी.एफ कटौती का पासबुक संधारण करने हेतु सभी आहरण संवितरण अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करने, समस्त एल.बी.संवर्ग के शिक्षकों का वेतन आहरण एवं संवितरण अधिकारी के माध्यम से स्थानीय निधि संपरीक्षक कार्यालय एवं कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा सत्यापन हेतु भेजे गए प्रकरण का निराकरण समयावधि में नहीं किया जा रहा है। विभागीय पत्राचार कर शीघ्र निराकरण करने, जिले में शिक्षक एलबी संवर्ग से सेवानिवृत्ति या असमय मृत्यु हुए कर्मचारियों का नियमानुसार नवीन अंशदायी पेंशन योजना अथवा पुरानी पेंशन योजना की राशि का भुगतान एवं पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सौंपें गये ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव ने अपने स्थापना शाखा प्रभारियों से चर्चा करते हुए बिन्दुसार शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा महेंद्र पाण्डेय, सहायक जिला परियोजना अधिकारी कवलसाय मरकाम उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव के प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह सहित जिला सचिव संजय कुमार राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, आईटीसेल प्रभारी अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, जिला पदाधिकारी गुरूदीप छाबड़ा, शिवकुमार तिवारी एवं लिखेश्वर पाण्डेय शामिल रहे।

# अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का हुआ आयोजन

**सक्रिय माता के खिताब से नवाजी गई बिजिया बाई**

**जोन्दरा पदर में पढ़ाई तिहार आयोजित सक्रिय माता का किया सम्मान**



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का आयोजन 2 जुलाई को किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को की माताओं को भाषा, गणित की पूर्व तैयारी शारिरिक, मानसिक बौद्धिक उन्मुखीकरण कर घर मे भी बच्चों को पढाने हेतु रोचक गतिविधियां करवाई। कहानी सुनाना, चित्र देखकर बताना, क्रम से जमाना, मौखिक जोड़ घटाना आदि गतिविधियों से बच्चों और माताओं को जोड़ा।इसका उद्देश्य बच्चों की माताओं को शाला से जोड़ने के साथ-साथ घर में ही अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करना घर में ही उपलब्ध संसाधनों से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित करना है। इस अवसर पर सक्रिय माताओं को सम्मानित कर स्मार्ट माता के खिताब से नवाजा।पढ़ाई तिहार में माता बच्चों सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

# सभी थाना, चौकी में लागू नए कानून उत्सव के रूप में मनाकर दी गई नये कानून की जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



1जुलाई 2024 को सभी थाना चौकी में नये कानून उत्सव के रूप में आयोजित कर नए आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी गई। तीन नए आपराधिक कानूनों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसएस 2023 को लेकर कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक ̀आंजनेय वार्ष्णेय एवं अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में धमतरी पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजन के लिए निर्देशित किया गया था। उपस्थित नागरिकगण, व्यापारीगण एवं जनसमूह को संबोधित करते हुये उन्हें नये महिला सुरक्षा कानून पर विस्तृत एवं बारीकी से जानकारी देते हुये कहा कि नये कानून में अब धारा 68, 69 के तहत् पहचान छिपाकर शादी करना या शादी का झूठा वादा कर यौन कृत्य करने को जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूहों को बताया कि 1 जुलाई से लागु हो रही नई संहिताएं आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। नवीन कानून की अवश्यकता एवं अपरिहार्यता के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। जिसमे उन्होंने नवीन आपराधिक कानूनों में जोडे गए नई धाराओं, पुराने कानून से हटाई गई धाराओं एवं आवश्यक परिवर्तनो की विस्तृत रूप से जानकारी दी। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि नए कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक, समसामयिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन संहिताओं के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरितता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सकती है। इनकी आवश्यकता और अपरिहार्यता स्पष्ट है, क्योंकि यह न केवल कानून के शासन को मजबूत बनाती हैं बल्कि समाज में न्यायए सुरक्षा और विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं। नए कानून न्याय को सरल बनाएंगे लोगों को कानूनी रूप से सशक्त बनाया जाएगा। कानूनों के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। महिला सुरक्षा, बच्चों की सुरक्षा, लैंगिक समानता, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध के संबंध में बारीकी से जानकारी देकर उनकी सजा के संबंध में बताया गया। उक्त जन जागरूकता कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार, एउप पुलिस अधीक्षक रागिनी मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव, उप पुलिस अधीक्षक नक्सण्ऑप्स आरके मिश्रा सभी थाना चौकी प्रभारी सहित शहर के एवं सभी थाना चौकी के सभी बडे प्रतिष्ठान के संचालक, चेम्बर ऑफ कामर्स, राईस मिलर्स संघ, मेडिकल एशोसिएशन, परिवहन संघ, सेलून संघ, शांति समिति के सदस्य, स्वयं सेवी संस्था, प्रबुद्धजन भारी संख्या में नागरिकगण, व्यापारीगण आम जनता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग से छात्रावास की मांग : राजेन्द्र नायक



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अटल नगर नवा रायपुर सर्किट हाउस में हंसराज गंगाधर अहिर राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली से मुलाकात कर पिछड़े वर्ग के समुचित विकास के लिए उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में पोस्ट मैट्रिक कन्या, बालक छात्रावास की मांग पत्र सौंपा गया, पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृति अपर्याप्त है उसे बढ़ाने के लिए निवेदन किया गया। राजेन्द्र नायक ने बताया कि पिछड़े वर्ग के युवा साथियों को 27% आरक्षण शासकीय सेवा में प्राप्त हो इस हेतु मांग पत्र सौंपा गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग की सूची में लगभग 15 जातियों का समावेश केंद्रीय सूची में नहीं है उसे भी केंद्रीय सूची में शामिल करने हेतु मांग पत्र सोपा गया। अध्यक्ष ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर शासन को प्रस्ताव भेजते हुए प्रत्येक जिले में बालक एवं कन्या छात्रावास खोलने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने की सहमति दी मेरे साथ उत्तम पटेल यादव समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष बलरामपुर और अन्य जगहों से विभिन्न जातियों के प्रतिनिधिमंडल संपर्क कर अपनी मांग प्रस्तुत की है।

## वायु सेना भर्ती क़े सम्बन्ध में कैरियर मार्गदर्शन 3 जुलाई से

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारीतय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल क़े द्वारा जिले क़े शैक्षणिक संस्थाओ में भारतीय वायु सेना भर्ती क़े सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी क़े लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 3 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन में शामिल होकर युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम क़े अनुसार 3 जुलाई 2024 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरु घासीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल में अपरान्ह 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पिसीद में अपरान्ह 2:30 बजे से 4:30 बजे तक कार्यक्रम आयोजित है। इसी प्रकार 4 जुलाई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बनसांकरा सिमगा में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 12बजे तक, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय सिमगा में अपरान्ह 12:30 से अपरान्ह 1:30 बजे तक, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में अपरान्ह 2:30 बजे से अपरान्ह 3:30बजे तक, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भाटापारा में अपरान्ह 3:40 से अपरान्ह 4:40 बजे तक तथा 5 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय पालारी में अपरान्ह 12:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक,स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम एमडीव्ही हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में अपरान्ह 3 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## नए कानूनों की विस्तृत जानकारी थाना परिसर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों को दी



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सिंघोडा थाना ने भारत सरकार द्वारा लागू नये कानूनों की जानकारी विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों तक पहुंच सके व इनकी जानकारी सभी को हो सके इस हेतु थाना परिसर में ही पहली बार 150 से भी अधिक विभिन्न जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजनों ने पहुंचकर नए कानूनों की जानकारी ली। सभी आगन्तुक जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उस संबंध में टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुवे बताया कि थाना परिसर सिंघोडा में भारतीय न्याय सहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता लागू होने के संबंध में स्थापना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में नया क़ानून का प्रावधान, नए कानून के संबंध में जानकारी, नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए बनाये गए क़ानून के संबंध में विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी महेश साहू, उप निरीक्षक कमलेश पाल, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण साहू व सनातन बेहरा के द्वारा जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि गण, पत्रकार बंधू, सरपंच एवम कोटवार, आम नागरिक सहित 100 से अधिक की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों ने टीआई महेश साहू द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कानूनों की जानकारी व समझाईश दिए जाने के पहल की सराहना करते हुवे बधाई भी दी गई।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर नेहा सिंगल ने राज्य मंत्री को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



देवभोग मैनपुर ब्लॉक के हजारों लोगो की प्रमुख मांग मंदागमुड़ा से झरियाबहारा तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर बीते देवभोग जनपद पंचायत भाजपा नेत्री नेहा सिंगल दिल्ली पहुंच कर आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन लाल साहू से मुलाकात कर मांग पत्र देने के अलावा जल्द से जल्द चौड़ीकरण की पहल करने की बात कही। नेहा सिंगल ने मंत्री साहु को अवगत कराते हुए कहा की राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी के तहत वर्तमान में खुटगाव से मंदागमुड़ा तक सड़क चौड़ीकरण लगभग अंतिम दौर पर लेकिन अभी भी पूरी राहत नही होगी क्योंकि मदांगमुड़ा से झरियाबहरा तक के सड़क चौड़ीकरण को लेकर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाया है ऐसे हजारों लोगों आवागमन में तकलीफों का सामना अभी करना होगा। ऐसे यह सड़क का चौड़ीकरण अनिवार्य बताया। उल्लेखनीय हो कि राष्ट्रीय राज मार्ग 130 मदांगमुड़ा से झरियाबहरा टाईगर रिजर्व और बफर जोन के अंतर्गत आता है और सिंगल सड़क होने के चलते आए दिन दुर्घटना होती रहती है और अभी वर्तमान में देवभोग से मदांगमुड़ा तक सड़क चौड़ीकरण और नए सड़क का निमार्ण हो रहा है और लगभग कार्य कंप्लीट के कगार में है और झरियाबहरा से गरियाबंद तक का कार्य पूरा हो चुका है। बता दें मदांगमुड़ा से झरियाबाहरा उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व और बफर जोन अंतर्गत आता है जिसके कारण निर्धारित माप दंड अनुसार सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना होने से लगातार जनहानी हों रही हैं। जिसके कारण मंत्री तोखन लाल साहू राज्य मंत्री से मिलकर सड़क के दोनों किनारे एक एक मीटर तक सड़क चौड़ीकरण अगर हो जाती है तो आए दिन दुर्घटना होने से बच सकती है। और बरसात के दिनों में लोगों को कठिनाई का सामना न हों सके। क्यों कि मदांगमुड़ा से झरियाबहरा तक सिंगल सड़क होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है।

## अमरकोट विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकोट में शाला प्रवेशोत्सव मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अतिथि दिनेश पटेल (सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत अमरकोट), तुलसी साहू, रुक्मण पटेल सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश वाचन का पठन और सम्बोधन नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर उनका शाला में स्वागत करना। उपस्थित शिक्षक नारायण भोई प्राचार्य, झसकेतन पटेल उत्तरा दीवान, हेमन्त दीवान, जितेंद्र पटेल, धनीराम साव, किरण पटेल, वीणा पटेल, प्रेम कुमार पटेल, श्रवण बरिहा, चैतराम पटेल और बासुदेव पटेल और ईश्वर लाल राउत सर उपस्थित थे।

## लक्ष्य निर्धारित कर सफलता की ओर सार्थक प्रयास प्रारंभ करें छात्र छात्राएं : राशि

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com




लक्ष्य निर्धारित कर सार्थक प्रयास प्रारंभ कर छात्र छात्राएं सफ्लता की दिशा में अग्रसर हो इस मार्ग में आपको अनेक कठिनाईयो का सामना करना पड़ेगा लेकिन आप उससे विचलित ना हो । उक्त बातें मुख्य अथिति के आसंदी से...नपा अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल के प्रवेश उत्सव में कही । महिलांग ने आगे कहा कि...छात्र छात्राएं सफ्लता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर अग्रसर रहे इस दिशा में आपको अनेक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा लेकिन विचलित ना हो । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला विकास समिति के विजय बघेल ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की द्य कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्राचार्य के आर सागर ने प्रवेश उत्सव विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला । कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष के साथ समर्थक नीरज परोहा व रुखसार खान उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नपा अध्यक्ष श्रीमती महिलांग द्वारा स्कूली बच्चों को गणवेश व पाठ्यपुस्तकों व मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में ..शाला की विजय लक्ष्मी शर्मा ,विनीता साहू हरीश पांडे हेमलता शर्मा ,प्रणीता शर्मा उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश देवांगनव आभार शर्मा शिक्षिका ने किया ।

## बलार जलाशय में मत्स्य पालन हेतु आवेदन 15 जुलाई तक



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य मछली पालन विभाग क़े अधीनस्थ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित बलार सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय क़े लिए 10 वर्ष क़े पट्टे पर देने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक समिति या समूह अपना आवेदन 15 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन बलौदाबाजार में आवेदन दे सकते हैं। अधिक जानकारी क़े लिए उक्त कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना जैन ने जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन की भेंट




पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में धमतरी शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मीना एस जैन ने जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन भेंट की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर नम्रता गांधी ने डॉ जैन की सराहनीय कार्य का सम्मान करते हुए उन्हें आभार प्रमाण पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर कलेक्टर गांधी ने डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के प्रबुद्धजनों के ही कारण सामाजिक कार्यों को बढावा मिल रहा है। आपके द्वारा किए गए इस प्रयास से जिलेवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या हो सकेगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हार्दिक आभार। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ उत्तम कौशिक, डीपीएम डॉ प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंगना में शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार में सभी जिला स्तरीय अधिकारी होंगे शामिल

## जिले में 9 से 11 जुलाई तक किया जाएगा वृहद् वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अंगना में शिक्षा के तहत आयोजित पढ़ाई तिहार में सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने कहा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को उक्त अभियान में समन्वय स्थापित करने कहा। इसके साथ ही आरटीई मेंटर्स की नियुक्ति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी मेंटर्स नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और इसकी जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने आमदी में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। आगामी 9 से 11 जुलाई तक जिले में आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए खोदे गए गड्ढे और पौधरोपण की जियो टैग अनिवार्य रूप से कर लें। आगामी 12 जुलाई को नगरी विकासखण्ड के ग्राम लिखमा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले विकासखण्ड स्तर पर उक्त ग्राम में शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही उक्त विकासखण्ड स्तरीय शिविर में ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित होने आवेदनों का निराकरण कहा और इसकी जानकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान के तहतकैच द रैन एंट्री की जानकारी ली। साथ ही विभागवार जल संरक्षण के कार्यों को अनिवार्य रूप से करने कहा। जल संसाधन, वन, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, लोक निर्माण विभाग, एडीबी, राष्ट्रीय राजमार्ग, आदिवासी विकास विभाग और जनपद पंचायतों को कार्ययोजना बनाकर शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों के जलस्त्रोतों की हो रही एफटीआर जांच की प्रगति के बारे में पूछा और नगरीय निकायों में तैयार किए जा रहे रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूर्ण और अपूर्ण की जानकारी ली। साथ ही सभी श्रम निरीक्षकों को सप्ताह में दो दिन विकासखण्डों में कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की जानकारी ली तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत बेस्ट कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली के बारे में पूछा एवं वसूली में तेजी लाने कहा। बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता और उठाव की जानकारी लेते हुए कलेक्टर सुश्री गांधी ने जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत आधार सीडिंग, एकाउंट वेरिफिकेशन और बीजों की सैम्पल इत्यादि के बारे में पूछा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल के का निरीक्षण करने कहा। इस दौरान जल भराव की स्थिति होने पर उसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने यूनिसेफ से समन्वय स्थापित कर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण आयोजित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आगामी 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस संबंध में आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला कार्यकारणी की बैठक ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उत्तम कौशिक ने बताया कि यह पखवाड़ा हर साल मनाया जाता है। प्रथम चरण 1जून से 20 जून 2024 तक मनाया गया। वहीं द्वितीय चरण 27 जून से 10 जुलाई एवं तृतीय चरण 11 जुलाई से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान विकसित भारत की नयी पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान संबंधी स्लोगन के जरिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं अपने स्वास्थ्यगत समस्या के निराकरण के लिए104 डायल कर सकते है।

## डीएमएफ के तहत शासी परिषद् की बैठक 4 जुलाई को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास नम्रता गांधी की उपस्थिति में आगामी 4 जुलाई को जिला खनिज संस्थान न्यास धमतरी के तहत शासी परिषद् की बैठक आहूत की गई है। दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

# नाली से अवैध कब्जा हटवाने वार्डवासियों ने दिया आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने गरीब विधवा ने लगाई गुहार, जनदर्शन में प्राप्त हुए 150 आवेदन





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 150 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचे रामनगर सुपेला वार्ड 19 भिलाई के निवासियों ने बताया कि नवनिर्मित मकान मालिक द्वारा अपनी जमीन के बाहर नाली पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, नाली पर अवैध निर्माण हो जाने के कारण पानी निकासी की समस्या आ रही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भिलाई नगर को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। घासीदास नगर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आवेदन किया। उन्होंने बताया कि वह विधवा है उनका एक बेटा है, जो पढ़ाई कर रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण कच्चे मकान में निवासकर जीवकोर्पाजन कर रही है, जिसमें हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नाम सूची में दर्ज होने के पश्चात भी आज दिनांक तक इस योजना का लाभ नही मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को कार्यवाही करने को कहा।

वार्ड नंबर 12 मोहन नगर निवासी ने अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु आवेदन दिया। वार्ड नंबर 12 में पानी की परेशानी को देखते हुए वार्डवासियों द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन हेतु जल घर में आवेदन प्रस्तुत किया गया। लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई है। वार्डवासियों को पानी के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम सिरसा कला निवासी ने काबिज भूमि का पट्टा दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनका गरीब परिवार 50 वर्षो से कच्चा मकान बनाकर निवासरत है। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा में टैक्स जमा किया जा रहा है। मकान पट्टा के संबंध में आसपास में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है। निवासरत जमीन के अलावा कोई भी खेती बाड़ी नही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार भिलाई-3 को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड में नाम जोड़वाने, अनुकम्पा नियुक्ति, भारत माला परियोजना अंतर्गत मुआवजा राशि दिलाने, स्कूल में एडमिशन दिलाने, जाति प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार के आवेदन के साथ-साथ अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

# पार्सल कार्यालय, ओल्ड जोन ऑफिस तथा विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में अग्निशमन यंत्र प्रयोग करने विशेष प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





रेल कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण का प्रयोग करने में दक्ष करने हेतु 10 दिनों का प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि अग्नि दुर्घटना के दौरान अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी प्रभावी रूप से कर सके इसी कड़ी में नागरिक सुरक्षा निरीक्षक एम के एस चौहान द्वारा पार्सल ऑफिस बिलासपुर, ओल्ड जोन ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों तथा विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र उसलापुर में प्रशिक्षु लोको पायलट, सहायक लोको पायलटों को अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा निरीक्षक द्वारा क्लास लेकर सुरक्षा मानकों और अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने की जानकारी दी गई । आगजनी के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करने का प्रदर्शन कर सभी को बताया गया साथ ही अभ्यास भी कराया गया। आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। आग को नियंत्रण नहीं कर पाने की स्थिति में पास के अग्निशमन केन्द्रों को संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नं. 112 को मुंह जुबानी याद रखने की भी सलाह दी गई।

# जिला अस्पताल दुर्ग में स्टॉप डायरिया कैंपेन 2024 का शुभारंभ

■ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में डायरिया से निदान हेतु स्वास्थ्य विभाग की पहल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज 01 जुलाई 2024 को जिला अस्पताल में स्टॉप डायरिया कैंपेन 2024 का उद्घाटन किया गया। जिसमें 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त रोग से होने वाले मृत्यु दर शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों वाले समस्त घरों में मितानिनों के माध्यम से ओ.आर.एस. पैकेट व जिंक की गोलियां वितरित किया जायेगा। कलेक्टर सुचौधरी के द्वारा समस्त आम जनता से अपील की गयी है कि ज्यादा से ज्यादा इस कार्यक्रम का लाभ उठाये। उन्होंने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को ओ.आर.एस. पैकेट एवं जिंक की गोलियां वितरित की। उद्घाटन समारोह सी.एम.एच.ओ. डॉ. मनोज दानी, डॉ. हेमंत कुमार साहु सिविल सर्जन, डॉ. दिव्या श्रीवास्तव डी.आई.ओ., डॉ. आर. के. मल्होत्रा, डॉ. सीमा जैन शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. अखिलेश यादव आर.एम.ओ. अजय परिहार डी.पी.ओ. महिला एवं बाल विकास अधिकारी, संदीप ताम्रकार डी.पी.एम, डॉ. ओम प्रकाश वर्मा अस्पताल सलाहकार, संजीव दुबे, सी.पी.एम., डॉ. रश्मि भोषले, एवं कार्यालय सी.एम.एच.ओ. व जिला अस्पताल के स्टाफभी उपस्थित थे।

# अवैध होर्डिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय के महापौर कक्ष में सोमवार को राजस्व बाजार सहित शिक्षा महिला बाल कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रभारी एमआईसी सदस्य शामिल रहे। महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में होर्डिंग, राजस्व टैक्स वसूली सहित महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की गयी। सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा महापौर के समक्ष विभाग की जानकारी का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। महापौर निर्मल कोसरे को सहायक राजस्व अधिकारी ने अवगत कराते हुये बताया कि 31 जुलाई 2024 के बाद होर्डिंग विज्ञापन बोर्ड के लिए नयी निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जायेगी। जिस पर कोसरे द्वारा अवैध होर्डिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को प्रदान किये गये साथ ही प्रत्येक वार्ड में वसूल किये जाने वाले संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक एवं शिक्षा उपकर की जानकारी समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक से ली गई। कोसरे द्वारा कमर्शियल और आवासीय कर दाताओं की जानकारी के पृथक कर अगली बैठक में उपस्थित रहने कर्मचारियों को निर्देशित किया। आज की बैठक में राजस्व प्रभारी एमआईसी सदस्य मोहन साहू, शिक्षा महिला बाल कल्याण प्रभारी एमआईसी सदस्य दिप्ती आशीष वर्मा, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य मनोज कुमार पूर्व पार्षद उमदा आशीष वर्मा, वार्ड क्रमांक-04 जरवाय के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा बैठक में शामिल हुए। निगम राजस्व विभाग की ओर से सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुहन सिन्हा, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक सरोजनी यदु, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक रामचन्द्र निषाद, सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी, सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक बलराम चेलक, सहायक राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक अर्जुन पाल, श्रृष्टि चंद्राकर, पुरानिक साहू, दीपक निषाद जानकारी सहित उपस्थित रहे।

# सहायक कलेक्टर दुर्ग को सौंपा गया आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा का स्वतंत्र प्रभार



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर भार्गव को 01 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक चार सप्ताह की अवधि के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई 3 चरोदा के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई 3 चरोदा के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए वरदान है मासिक सीजन टिकट

■ यूटीएस ऑन मोबाइल एप से घर बैठे बनाएँ मासिक सीजन टिकट और पाएँ कम खर्च में अधिक यात्रा सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे द्वारा दैनिक यात्रा करने वाले छात्र-छात्राओं, अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों, सरकारी व प्राइवेट उपक्रम में नौकरी करने वालों तथा व्यापारी वर्गों को कम खर्च में अधिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुमत दूरी (150 किमी) तक के लिए मासिक सीजन टिकट की सुविधा प्रदान की गई है। मासिक सीजन टिकट नियमित टिकट की तुलना में अत्यधिक किफायती होता है। जिससे दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों की मासिक यात्रा खर्चों में काफी बचत होती है इस प्रकार उन्हे एक बड़ी आर्थिक राहत मिलती है। द्वितीय श्रेणी मासिक सीजन टिकट का किराया किमी के स्लैब के अनुसार लगता है। स्लैब के अनुसार 01-20 किमी तक 100 रुपए, 21-45 किमी तक 185 रुपए, 46-70 किमी तक 270 रुपए, 71-100 किमी तक 355 रुपये, 101 -135 किमी तक 440 रुपए तथा 136-150 किमी तक का 525 रुपए किराया लगता है। उपरोक्त किराया एक माह का है। बिलासपुर स्टेशन से रायपुर स्टेशन की दूरी 110 किमी है जिसका मासिक सीजन टिकट का किराया मात्र 440 रुपए है यदि प्रतिदिन टिकट लेकर यात्रा की जाय तो एक माह का किराया 1800 रुपए होता है, यानी महीने में यात्री का 1360 रुपए की बचत होगी। इस प्रकार यात्री को केवल 25 प्रतिशत किराये की राशि से महीने भर यात्रा की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा बार-बार टिकट खरीदने के झंझट से मुक्ति मिलेगी जिससे मासिक सीजन टिकट धारक की यात्रा समय की बचत होगी। इस समय का उपयोग वे दूसरे जरूरी कार्य के लिए कर पाएंगे। इस प्रकार इसके अनेक और भी लाभ हैं। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों की टीमों द्वारा मासिक सीजन टिकट एम एस टी से होने वाली लाभों से अवगत कराते हुये लोगों को मासिक सीजन टिकट का उपयोग करने के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सहायता से मासिक सीजन टिकट घर बैठे आसानी से प्राप्त कर किया जा सकता है। साथ ही टिकट का भुगतान आर वायलेट के माध्यम से करने पर 03 प्रतिशत की अतिरिक्त बोनस राशि भी प्राप्त की जा सकती है। मासिक सीजन टिकट न केवल यात्रियों की यात्रा को आसान बनाती है, बल्कि उनके समय और धन की भी बचत करती है। अतः यात्रीगण कृपया इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# निगम का अभियान, 9500 वसूला जुर्माना सड़क की जमीन से नहीं हटाया मटेरियल, 6000 फाइन






पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

कृष्णा टॉकिज मुख्य सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर भवन निर्माण सामाग्री रखने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वैभव ट्रेडर्स के संचालक से 6000 जुर्माना राशि वसूल की है। वहीं पंद्रह दिनों के अंदर निर्माण सामाग्री हटाने चेतावनी दी गई है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने आवाजाही को प्रभावित करने और सड़क नाली की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए है। पहले दिन राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने वर्षों से सड़क की जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की। दरअसल तीन दिन पहले निगम ने भवन निर्माण सामाग्री को हटाने नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी सामाग्री यथावत होने पर कार्रवाई की गई। इसीतरह निगम के तोड़ू दस्ता विभाग ने धनोरा रोड स्थित सड़क किनारे टाइल्स रखने पर गोवर्धन सिंह से 3000 जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई में ए आर आई टिकेन्द्र वर्मा, टेमन दिल्लीवार, डिलेश व भीखम यादव शमिल थे।

**चलित मटन दुकान को हटाया–** नागरिकों की शिकायत थी कि धनोरा रोड में ऑटो चालक फेरी लगाकर मटन बेचता है। भ्रमण के दौरान ऑटो चालक मिलने पर 500 जुर्माना वसूल कर रिहायशी क्षेत्र में ऑटो खड़ी कर मटन बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया।

**अब नहीं होगी दुर्घटना–** धनोरा रोड हिंद तालाब मोड़ के निकट लगे पान ठेला को भी हटाया गया। नागरिकों ने शिकायत की थी पान ठेला सड़क किनारे है। ग्राहक सड़क पर दुपहिया वाहन रख देते है। इस वजह से आए दिन दुर्घटना होती है। निगम ने शिकायत के आधार पर बेदखली कार्रवाही की।

**इन्हे दिया नोटिस–** वार्ड 27 हनुमान मंदिर पहुंच मार्ग पर घरों के सामने जाली लगाकर फुलवारी तैयार किया गया है। इस वजह से मार्ग अवरूद्ध हो गया। निगम ने 3 दिन का समय देते स्वतः जाली हटाने नोटिस जारी किया है। जाली नहीं हटाने पर निगम का तोड़ू दस्ता जाली को निकाल कर जब्त करने की कार्रवाई करेगा।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने किया चिकित्सको का सम्मान

**धमतरी।** 1 जुलाई चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में शहर के गणमान्य डाक्टर्स का ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा तिलक, वरदान कार्ड, पौधा देकर एवं मुह मीठा कराकर सम्मान किया गया। चिकित्सक जो अपनी सुख सुविधाओं का भी त्याग कर निरंतर लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने की सेवा में निरंतर उपस्थित रहते हैं। अपनी प्यारी मुस्कान, मीठे बोल और रहम की भावना से मरीजो की आधी बीमारी को तो ऐसे ही ठीक करते हैं और दवा से पूर्ण ठीक करने का अथक पुरुषार्थ करते हैं ,जैसे मंदिर में दैवी मूर्ति के दर्शन होते ही खुशी होती है ऐसे ही अस्पताल में जब मरीज़ जाता है और उसे पता चलता है कि डॉक्टर हैं और जब वो डॉक्टर को देखता है तो उसकी आधी बीमारी मानो उसी समय ठीक हो जाती हैं । दुआ का खाता जमा करने का सबसे बड़ा प्रोफेशन डॉक्टर का ही है इसलिए आज का दिन उनके लिए समर्पित है।

# नए कानून के अनुसार अब गंभीर अपराध में कोर्ट के बाहर समझौता करना नहीं होगा आसान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 में नवीन आपराधिक कानूनों को लागू किए जाने के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग के द्वारा कार्यशाला का आयोजित किया गया था। नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) प्रभावी हो गया हैं। ये कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को निरस्त और प्रतिस्थापित करेंगे। आईपीसी में 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी। धाराओं का क्रम बदला गया है। रात बारह बजे के बाद जो भी आपराधिक घटनाएं हुई है, उनमें नए कानून के अनुसार प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। नए कानून में वैसे तो बहुत बदलाव हुए हैं, खास बात यह भी है कि संगीन अपराधों में सत्र परीक्षण के दौरान आरोपी डरा-धमकाकर व लालच आदि के दम पर समझौते कर लेते हैं और फिर पीड़ित व गवाह मुकर जाते हैं, अब यह आसान नहीं होगा। अब पुलिस के लिए विवेचना में घटनास्थल पर पहुंचने से लेकर हर कदम पर वीडियो रिकार्डिंग व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित करने की बाध्यता है और अदालत में ट्रायल के दौरान मजबूत साक्ष्य होंगे। कार्यशाला में विधायक गजेन्द्र यादव और रिकेश सेन, संभागायुक्त एस.एन. राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी जितेन्द्र शुक्ला सम्मिलित हुए। विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नए कानून के लागू होने पर उपस्थित नागरिकों को बधाई दी।

# साहू समाज ने मेधावी छात्र पीयूष साहू का किया सम्मान

**धमतरी।** साहू समाज धमतरी द्वारा कक्षा दसवीं के पुनर्मूल्यांकन से छत्तीसगढ़ राज्य मेरिट सूची में 97.17 प्रतिशत के साथ दसवें स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र राबांधा कॉलेज रोड निवासी पीयूष कुमार साहू पिता तामेश्वर साहू का फूलमाला. गुलदस्ता से स्वागत कर, मुंह मीठा कराकर शाल एवं श्रीफल से सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं करते हुए बधाई दिया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महाचिव यशवंत साहू, तहसील अध्यक्ष शहर धमतरी रोहित साहू, जिला सचिव लीलाराम साहू, जिला संगठन मंत्री गोपीकिशन साहू, रामेश्वर गंगबेर, परिक्षेत्र अध्यक्ष ललित चौधरी, राजेंद्र साहू, नीलमणि साहू, तहसील युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भागवत साहू, महेंद्र साहू के साथ छात्र के परिजन उपस्थित थे ।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय–कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र संभाग–दो, रावणभाटा, रायपुर**
(छत्तीसगढ़ भासन का एक उपकम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी ) CIN-U40108CT2003SGC015820
(Address: 132 KV GIS S/s Building, Rawanbhata, Near Bhatagaon Chowk, Raipur) Fax/Phone No. 0771-2576453,Email - eess2trans.raipur@cspc.co.in

क्रमांक / 52–68 / क्रय / वाहन / 561 रायपुर, दिनांक : 28.06.2024

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /**

**लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप (1.7–2.2) टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध हेतु**

कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र, संभाग–दो, छ.स्टेट.पॉ.ट्रांस. कं लिमि., रावणभाटा, रायपुर के अंतर्गत सहायक यंत्री, 132 के.व्ही. उपकेन्द्र, झलप के लिये वाहन चालक सहित 01 नग लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप (1.7–2.2) टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध (दो वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 18.07.2024 समय 05:00 बजे तक | दिनांक 19.07.2024 समय 03:00 बजे तक | दिनांक 19.07.2024 समय 04:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in/csptcl_tendernotices से डाउनलोड की जा सकती है।

Samvad-40656/2 कार्यपालन यंत्री
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाये उपकेन्द्र संभाग–दो छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.लिमि., रायपुर

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. एक्सट्रीम एग्रो फार्मूस प्रा. लि., 2. कृष कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड, 3. कृष ट्रेड लिंक प्रा. लि., 4.श्री कुणाल जायसवाल, 5.श्री विजय कुमार जायसवाल, को मांग नोटिस दिनांक** 11.02.2020 **को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 1,78,25,238.53 (रु. एक करोड़ अट्ठहत्तर लाख पच्चीस हजार दो सौ अडतीस और पैसे तिरेप्पन मात्र) दिनांक 11.02.2020 तक** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का भौतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 28.06.2024** को ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 1,78,25,238.53 (रु. एक करोड़ अट्ठहत्तर लाख पच्चीस हजार दो सौ अडतीस और पैसे तिरेप्पन मात्र) दिनांक 11.02.2020 तक और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि** दुकान नं. 201, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 202, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 203, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी., 204, क्षेत्रफल 14.80 वर्ग मी, प्रथम तल, चौहान टॉवर भिलाई दुर्ग, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

**दुकान नं. 204, चौहद्दी:**
उत्तर में - रास्ता दक्षिण -
पूरब में - दुकान नं.- 203 पश्चिम - दुकान नं.-205

**दुकान नं. 203, चौहद्दी:**
उत्तर में - रास्ता दक्षिण -
पूरब में - दुकान नं.- 202 पश्चिम - दुकान नं.-204

**दुकान नं. 202, चौहद्दी:**
उत्तर में - रास्ता दक्षिण - रास्ता
पूरब में - दुकान नं.- 201 पश्चिम - दुकान नं.-203

**दुकान नं. 201, चौहद्दी:**
उत्तर में - रास्ता दक्षिण - रास्ता
पूरब में - रास्ता पश्चिम - दुकान नं.-202

**सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि** दुकान नं. 143, क्षेत्रफल 232.90 वर्ग फीट, 144, क्षेत्रफल 170.20 वर्ग फीट, 145, क्षेत्रफल 154.371 वर्ग फीट, भूतल, शास्त्री नगर, कैम्प 01, चौहान प्लाजा, व्यावसायिक परिसर भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001. चौहद्दीः
उत्तर में - दुकान नं. 142 दक्षिण में - जी.आई. रोड़
पूरब में - खाली भूमि पश्चिम - गालियारा

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांक: 28.06.2024
स्थान: रायपुर
ऋण खाता नं. 13633561 और 13914676

## संपादकीय

### टी 20 विश्व कप भारत की विजय

**टी20 विश्व कप** में 13 साल बाद भारत की विजय ने दृढ़ता, शानदार क्षमता तथा प्रतिबद्धता का इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने फिर कर दिखाया। इसने एक बार फिर टी 20 विश्व कप जीत कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस प्रकार उसने 2011 में आखिरी बार विश्व कप जीतने के बाद 13 साल की प्रतीक्षा समाप्त कर दी। किसी अन्य विजय की तरह यह आसानी से नहीं मिली है। इस विजय के लिए खिलाड़ियों के कठोर परिश्रम व उनकी प्रतिबद्धता के साथ ही कोच और सहायक कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की जानी चाहिए। शानदार विजय की यह यात्रा अनेक उतार-चढ़ावों से भरी थी जिसमें परीक्षा, पीड़ा और आनन्द के क्षण शामिल थे। इस विजय से भारत के करोड़ों क्रिकेट प्रशंसक आनन्दित हुए हैं जो भयानक गर्मी के कारण असहाय कष्टों का सामना कर रहे थे। आखिरकार मानसूनी बरसात और विजय की 'ठंडी हवा' ने लंबे समय बाद आनन्द का अवसर दिया है। वास्तव में इस ऐतिहासिक विजय का मार्ग आसान नहीं था। फाइनल मैच भी कठिन प्रयासों का प्रमाण बना क्योंकि टीम इंडिया 15वें ओवर तक भारी दबाव में थी, जब डेटा विश्लेषणों ने बता दिया था कि भारत की मैच जीतने की संभावना केवल आठ प्रतिशत है। टी 20 विश्व कप के लिए भारत का अभियान शानदार विजयों तथा कांटे की टक्करों का अवसर रहा है। शानदार कैप्टेन रोहित शर्मा को शोएब अख्तर ने 'निस्वार्थ कैप्टेन' कहा था। शर्मा के नेतृत्व में भारत ने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाशालियों की टीम बनाई जिसमें संतुलन और क्षमता का मेल था। भारत का अपने विरोधियों पर प्रभुत्व बनाने तथा अनेक विजयों में इस टीम का महत्व सामने आया। धुर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार था और अंततः भारत वह मैच जीतने में सफल हुआ।



मैच में गेंदबाजों ने शानदार आक्रामक क्षमता तथा बेहतरीन स्पिनिंग दिखाई। इसके कारण विपक्षी टीमों को गतिशीलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अनेक खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपनी असाधारण क्षमता का प्रदर्शन किया। कैप्टेन रोहित शर्मा का नेतृत्व बहुत शानदार रहा। उन्होंने अपनी रणनीतिक प्रतिभा तथा टीम को प्रेरित करने की क्षमता के माध्यम से भारत को सफलता दिलाने में प्रमुख भूमिका अदा की। गेंदबाजों का नेतृत्व वरिष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बूमरा ने बहुत शानदार तरीके से किया। उनमें गेंद को दोनों ओर से स्विंग कराने की क्षमता है जिसके चलते उन्होंने उस समय महत्वपूर्ण विकेट लिए जब भारत को इसकी बहुत आवश्यकता थी। उनका ओवर मैच का परिवर्तनकारी अवसर बन गया। टी 20 विश्व कप जीतने में भारत की दक्षिण अफ्रीका पर हुई शानदार विजय पर आनन्द मनाया जा रहा है, पर यह क्षण इसलिए दु:खद भी है क्योंकि भारतीय क्रिकेट के दो कद्दावर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टी 20 इंटरनेशनल के बाद अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। इस विजय ने अनेक लोगों में उत्साह भर दिया है जिन्होंने सड़कों पर अपनी शैली में आनन्द मनाया, पटाखे दगाए तथा तिरंगा लहराया। यह विजय न केवल क्रिकेट में सफलता, बल्कि समग्र राष्ट्रीय गर्व का विषय है। इस प्रकार देश आनन्द और उत्सव में एकजुट हुआ है। यह कठोर परिश्रम, दृढ़ता, अदम्य जीवन की इच्छा तथा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से प्रेरित है। 13 साल बार भारत की टी 20 विश्व कप विजय शानदार प्रदर्शन, दृढ़ता एवं प्रतिबद्धता की कथा है। अनेक पीढ़ियां यह क्षण याद रखेंगी और वे क्रिकेट के उस जादू से प्रभावित होंगे जो लाखों लोगों के दिल में रहता है। उम्मीद है कि भारत अपना यह प्रदर्शन दुहराता रहेगा।

# नेता विपक्ष के समक्ष चुनौतियां

**नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी के समक्ष विपक्षी एकता बनाए रखने तथा संसद में भाजपा के प्रभाव का मुकाबला करने की चुनौतियां सामने हैं।**



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राहुल गांधी ने संसद में नए विपक्षी नेता बनने का कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसका दुहरा उद्देश्य हो सकता है। पहला, इससे कानून के अंतर्गत उनको एक विधिक स्थिति प्राप्त हुई है और इससे वे 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सीधे प्रतिद्वंद्वी बन गए हैं। इससे अतीत की तुलना में उनको प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ज्यादा गंभीरता से लिया जाएगा। दूसरा, संसद के भीतर और बाहर प्रधानमंत्री के सबसे मुखर आलोचक होने के बावजूद अक्सर राजीव गांधी के स्वरों को भाजपा के 'आक्रामक समूह' द्वारा अतीत में खारिज कर दिया जाता था। लेकिन वर्तमान परिदृश्य चुनौतीपूर्ण हैं क्योंकि भाजपा की संख्या लोकसभा में घट कर 240 सांसदों तक सीमित हो गई है, जो पिछली लोकसभा में 303 की तुलना में काफी कम है। इसके उलट कांग्रेस ने अपनी संख्या लगभग दूनी कर ली है और वह तीन निर्दलीयों के साथ पिछली लोकसभा में 52 से बढ़ कर 102 हो गई है। कांग्रेस की यह बढ़ी हुई शक्ति भाजपा की रणनीतियों का ज्यादा प्रभावी जवाब दे सकती है। इस प्रकार संसद में 'जैसे को तैसा' वाली स्थिति पैदा हो सकती है। यदि भाजपा का 'आक्रामक समूह' राहुल गांधी को खामोश करने का प्रयास करेगा तो कांग्रेस सांसद भी प्रधानमंत्री के भाषणों में व्यवधान पैदा करने का प्रयास करेंगे। कुल मिला कर संसद में शक्ति संतुलन भी बदला है। राजग, यानी भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या पिछले कार्यकाल में 336 से घट कर अब 294 हो गई है। इस बीच कांग्रेस नीत संप्रग की सीटें 90 से बढ़ कर 234 हो गई हैं। इसमें कुछ और सांसद जुड़ने से सत्तारूढ़ पक्ष के समक्ष बड़ी चुनौती आ सकती है।

संसद में नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिसके लिए उनको प्रतिबद्ध पूर्ण-कालिक समय देना होगा। इस भूमिका का निर्वाह तदर्थ तरीके से नहीं हो सकता है क्योंकि इसके लिए लगातार प्रयासों तथा रणनीतिक योजनाओं की जरूरत होगी। उनकी प्रमुख चुनौतियों में अनेक दायित्व व रणनीतियां शामिल हैं। उनको सहयोगियों के साथ नियमित संवाद करना होगा। राहुल गांधी को नियमित रूप से सहयोगी दलों के नेताओं के साथ मिल कर ऐसी रणनीतियां बनानी होंगी जिनसे संसद में भाजपा नीत गठबंधन को कमजोर किया जा सके। इसके लिए विविधतापूर्ण राजनीतिक समूहों के साथ मजबूत संबंध विकसित करना जरूरी होगा।

उनको आक्रामकता के साथ ही परिपक्व दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होगा। राहुल गांधी के लिए जरूरी होगा कि वे आक्रामकता के साथ परिपक्वता का संतुलन बनाएं। यह खासकर जनहित वाले मुद्दों को उजागर करते समय जरूरी होगा। संसद में इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना उनकी सफलता की कुंजी होगा। उनके समक्ष सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौती विखंडित विपक्ष को एकजुट करना होगा। विविधतापूर्ण राजनीतिक विचारधारायें तथा क्षेत्रीय हित एक जटिल परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में सहमति बनाना एक महत्वपूर्ण, पर कठिन काम होगा। उनको सत्तारूढ़ पार्टी के विमर्श का मुकाबला करना होगा। भाजपा का बहुमत घटने के बावजूद उसका विमर्श एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। मीडिया व जनता की राय पर सत्तारूढ़ पार्टी की मजबूत पकड़ को देखते हुए विपक्ष को एक रणनीतिक व प्रभावशाली विमर्श तैयार करना होगा। राहुल गांधी की नेतृत्व शैली तथा संप्रेषण कौशल की लगातार परीक्षा होती रहेगी। संसदीय बहसों तथा सार्वजनिक मंचों पर अपनी विश्वसनीयता स्थापित किए तथा जीवन्त नेतृत्व प्रदर्शित किए बिना जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त करना कठिन है।

नेता विपक्ष की प्रमुख जिम्मेदारी सरकार को उसके कामों के लिए जवाबदेह ठहराना है। राहुल गांधी अब नेता विपक्ष के रूप में सरकार को जवाबदेह ठहराने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इसमें विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष का दृष्टिकोण स्पष्ट करना, बहसों में भाग लेना तथा प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए उनको विपक्षी पार्टियों के बीच सहमति बनाने के साथ उनके प्रयासों में समन्वय करना होगा। विविधतापूर्ण विचारधाराओं तथा विभिन्न पार्टियों के हितों को देखते हुए यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है। राहुल गांधी को संसद के भीतर और बाहर प्रभावी ढंग से संप्रेषण करना होगा। उनके भाषण, बयान तथा मीडिया से संपर्क जनता का दृष्टिकोण बदल कर राजनीतिक विमर्श को प्रभावी बना सकते हैं। राहुल गांधी को रणनीतिक निर्णय लेने की पहल करनी होगी। सहयोग करने तथा विरोध करने के बारे में रणनीतिक निर्णय लेना सतर्क राजनीतिक निर्णय लेने के लिए जरूरी है। इस प्रकार विभिन्न पसंदों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। संसदीय नियमों, प्रक्रियाओं और रणनीतियों को समझना तथा उन पर महारत हासिल करना जरूरी होगा। सरकार को प्रभावी रूप से चुनौती देने के लिए राहुल गांधी को इनमें महारत हासिल करनी होगी। नेता विपक्ष से लोगों की आशा होती है कि वे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाएंगे, विकल्पों का प्रस्ताव करेंगे तथा रचनात्मक समाधान सुझाएंगे। इन उम्मीदों पर खरे उतरना नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी की प्रभावशीलता स्पष्ट करेगा।

राहुल गांधी को लोकलेखा समिति-पीएसी के अध्यक्ष का महत्वपूर्ण पद मिल सकता है जिसका काम नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी की रिपोर्टें जांचना है। पीएसी में सरकारी नाामांकितों का बहुमत होता है और वे मतदान द्वारा चीजें तय करते हैं। इसके साथ ही नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री और भारत के प्रधान न्यायाधीश या सरकारी प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न 'कोलेजियमों' का हिस्सा बनना होगा जिनका काम प्रमुख जांच एजेसियों के प्रमुख तय करना तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इन एजेंसियों में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, लोकपाल, केन्द्रीय सतर्कता आयोग-सीवीसी, मुख्य निर्वाचन आयुक्त व निर्वाचन आयुक्त तथा मुख्य सूचना आयुक्त-सीआईसी शामिल हैं। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखें तो इंदिरा गांधी और राहुल गांधी के बीच कार्ल मार्क्स का सदंर्भ परिवर्तित रूप में याद आता है कि इतिहास स्वयं को त्रासदी की तरह दुहराता है और इसका फर्जी होना जरूरी नहीं होता है।

नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी का सम्मान बढ़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 1980 में वापसी तथा राहुल गांधी के हालिया उभार में अनेक समानतायें हैं। इंदिरा गांधी को उस समय सत्ता गंवाने के बाद जनता पार्टी द्वारा किए अत्याचारों और अपमान के कारण 'बेचारी' कहा जाता था। आपातकाल के विपरीत प्रभावों के कारण जनता पार्टी सत्ता में आई थी। 1960 के दशकांत में उनके आलोचक श्रीमती गांधी को 'गूंगी गुड़िया' कहते थे, लेकिन अंततः वे मजबूत बन कर उभरीं तथा 1980 में दोबारा सत्ता प्राप्त की। इसी प्रकार 2024 में नेता विपक्ष बन कर राहुल गांधी का प्रभावी पुनर्जीवन हुआ है, जबकि उनको पहले भाजपा 'पप्पू' कह कर मजाक उड़ती थी।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस मोड़ पर आम लोग उनको 'गांधी परिवार' का विशिष्ट सदस्य मानते हैं जो उनकी समस्यायें उजागर करने के लिए भयानक गर्मी और कड़कड़ाते जाड़े में उनके बीच आता है। इसे उनके बारे में ऐसे लोगों की राय बदल सकती है जो उनको 'बेचारा शाहजादा' कहते थे। उनकी संवेदना और योगदान से भाजपा को 2024 के चुनाव में थोड़ा झटका लगा है। राजग सरकार का फोकस हिंदुत्व, मुस्लिम-विरोध तथा जनता की समस्यायें हल करने के बजाय लंबे-चौड़े वादों पर हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी के लिए 'शाहजादा' शब्द लोकप्रिय बना दिया है, पर उनके अभियान ने अंततः उनकी छवि को 'पप्पू' से बदल कर एक विश्वसनीय राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित कर दी है। कुल मिला कर नेता विपक्ष के रूप में राहुल गांधी का नेतृत्व भारत का राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल सकता है। संसद में विपक्ष का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने के लिए उनको इन चुनौतियों का सामना करना होगा तथा भारतीय जनता के सरोकारों को संबोधित करते हुए मजबूत नेतृत्व की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी होगी।

# कर्मचारियों पर काम का दबाव

> युवा कर्मचारी काम के दबाव से पीड़ित होते हैं, जबकि वरिष्ठ कर्मचारी इससे अच्छी तरह निपट लेते हैं।

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षक हैं)



**हालिया** शोध एवं अध्ययनों के अनुसार, युवा कर्मचारी कार्यस्थल पर ज्यादा संघर्ष करते हैं, जबकि पुराने कर्मचारी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मार्केटिंग तथा संबंधित उद्योगों में काम कर रहे माता-पिता में से लगभग 85 प्रतिशत माता-पिता के कर्तव्यों पर काम को प्राथमिकता देते हैं, जबकि इनके बड़े प्रतिशत का अनुभव है कि उनको कॅरियर के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 'पारिवारिक जीवन' को बलिदान करना पड़ता है। कार्यस्थल पर लोगों को अक्सर ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जहां उनको सीमित समय के भीतर बहुत से काम करने पड़ते हैं और उनको आराम करने के लिए समुचित अवकाश या कार्य-अंतराल नहीं मिलता है। इसके साथ कठोर परिश्रम के बदले में समुचित पुरस्कार या पहचान न मिलने के कारण वे अपने साथ अनुचित व्यवहार या पक्षपात की शिकायत करते हैं। इस कारण काम के समय उनको तनाव होता है तथा खराब कार्य परिवेश से निर्णय लेने में कठिनाई होती है। इससे उनको अनेक काम याद रखने में कठिनाई होती है।

इस कारण कर्मचारियों को मनोवैज्ञानिक, शरीरवैज्ञानिक और स्थितियों संबंधी अनेक कारणों से उनको दबाव और बेचैनी का सामना करना पड़ता है। काम का दबाव अनुभव करने पर किसी व्यक्ति में शरीर में दबाव की प्रतिक्रिया पैदा होती है जिसे 'फाइट आर फ्लाइट' कहते हैं। इसके कारण शरीर में दवाब वाले हार्मोन, जैसे कार्टीसोल और एड्रीनलीन निकलते हैं जो शरीर को संभावित खतरों से निपटने में सक्षम बनाते हैं। हालांकि, यह प्रतिक्रिया अल्पकालीन रूप से लाभदायक हो सकती है, पर लंबे समय तक बने रहने से इसके नकारात्मक शारीरिक व मानसिक प्रभाव सामने आते हैं जिसमें दिल की धड़कन बढ़ना, सिरदर्द व थकावट शामिल हैं। इसके साथ ही लगातार दबाव के कारण संज्ञानात्मक कामकाज प्रभावित होता है जिससे संकेन्द्रण तथा निर्णय लेने में कठिनाई पैदा होती है और काम याद नहीं रहते हैं। इसे दबाव और बढ़ता है।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि काम का दबाव अधिकांश प्रकार के रोजगारों और नौकरियों में स्वाभाविक हिस्सा है और यह कभी-कभी प्रेरक का काम भी करता है। इसमें महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले छात्र को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना एक प्रमुख उदाहरण है। इस प्रकार की प्रेरणा से किसी व्यक्ति को केन्द्रित और उत्पादक बने रहने का अवसर मिलता है, लेकिन जब दबाव बहुत अधिक हो जाता है या यह लंबे समय तक बना रहता है तो इसके कारण दबाव, तनाव, मानसिक तनाव या बेचैनी पैदा हो सकती है। इस प्रकार कार्यस्थल पर दबाव और तनाव के बीच स्वस्थ संतुलन बनाए रखना उत्पादकता तथा कर्मचारियों की बेहतरी के लिए आवश्यक है। संगठनों को इस दिशा में स्पष्ट रूप से काम करते हुए स्पष्ट संप्रेषण बनाने के लिए कर्मचारियों से उम्मीदें भी निर्धारित करनी चाहिए ताकि उनके काम की भूमिका व जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से परिभाषित हों और इसे उनको बता दिया जाए।

ऐसे परिवेश में जहां प्रबंधकों से आसानी से संपर्क किया जा सकता हो और वे टीम की सहायता के लिए उपलब्ध हों, वहां कामों का सृजन और वितरण अच्छी तरह होता है तथा किसी एक कर्मचारी पर अत्यधिक भार नहीं पड़ता है। योग, ध्यान और फिटनेस कक्षाओं जैसे बेहतरी के कार्यक्रमों के साथ ही कर्मचारियों के लिए कौंसिलिंग व सहायक सेवाओं की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे कर्मचारी तनाव से बचे रह सकते हैं। कर्मचारियों के काम को नियमित रूप से स्वीकार करना तथा उनको पुरस्कृत करना भी उनको कठिन काम और योगदान के लिए प्रेरित करता है। कर्मचारियों में टीमवर्क प्रोत्साहित करना तथा सहायक व समग्र कार्य परिवेश विकसित करना जरूरी है। इसके साथ ही फीडबैक व्यवस्था होनी चाहिए जहां कर्मचारी काम के बोझ पर अपनी बात रख सकें तथा सुधार के उपाय सुझा सकें। कर्मचारियों के लिए कठोर उत्पीड़न-विरोधी व्यवस्था और नीतियां बनाना तथा यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कुछ ऐसी रणनीतियों पर काम किया जाए जो संगठन को बेहतर कार्य परिवेश बनाने में सहायक हों। ऐसा कार्य परिवेश तनाव पैदा करने के बजाय बेहतर काम के लिए प्रेरणादायक होता है।

संगठन द्वारा कर्मचारियों की बेहतरी के लिए काम करने के साथ ही यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी स्तर पर काम करने वाले व्यक्ति काम के दबाव तथा परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों क्योंकि इससे समग्र रूप से उनकी बेहतरी प्रभावित हो सकती है। कार्यस्थल तथा घरेलू काम में प्राथमिकतायें तय करने के लिए कार्यस्थल और परिवार के लिए समय में अंतर करना चाहिए। इसके लिए उच्च प्राथमिकता वाले कामों को महत्व देने के साथ ही कम महत्वपूर्ण काम छोड़ना भी शामिल हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, उचित शौक तथा गतिविधियों में समय लगाने तथा कार्यस्थल के बाहर ऐसी स्थितियों के बारे में अद्यतन जानकारियां जरूरी हैं जिनसे तनाव प्रबंधन बेहतर होता हो।

शारीरिक और मानसिक तनाव तथा दबाव से मुक्ति पाने के इन तरीकों से व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों को ज्यादा मजबूत बने रहने तथा काम का दबाव ज्यादा प्रभावी ढंग से निपटाने में सहायता मिलती है। याद रखें कि तनाव की स्थिति में व्यक्ति को अल्पकालीन स्मृति बनाए रखने में कठिनाई होती है। इसके साथ ही कर्मचारियों को अल्पकालीन स्मृतियों व दीर्घकालीन स्मृतियों में अंतर बनाए रखना कठिन हो जाता है। अत्यधिक तनाव के कारण कभी-कभी कर्मचारियों की अल्पकालीन स्मृतियां दीर्घकालीन स्मृतियों में बदल जाती हैं। कार्यस्थल पर दबाव के कारणों को समझने तथा इसके प्रबंधन के लिए प्रभावी रणनीतियों के प्रयोग से व्यक्तियों और संगठनों में तनाव को घटाया जा सकता है। इससे तनाव घटाने तथा ज्यादा उत्पादक कार्यस्थल बनाए रखने में सहायता मिलती है।

## आप की बात

### नए कानूनों का लाभ

**तीन नए** आपराधिक कानून लाने से कानून-व्यवस्था सटीक और सुचारू रूप से संचालित होगी। विगत वर्षों से शायद ही कोई क्षेत्र छूटा हो जहां अपराध प्रवृति ने जन्म नहीं लिया हो। शर्मनाक घटनाओं के तो दिन-प्रतिदिन समाचार स्थायी होते जा रहे हैं। सरकारी दफ्तरों, विभागों और अन्य संगठनों में आर्थिक घोटालों की तो सुनामी सी आई है। नई न्याय संहिता के अंतर्गत 164 वर्ष पुराने कानून में परिवर्तन निश्चित ही अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगा। नए कानून का उदेश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना तथा उसे मजबूत और शक्तिशाली बनाना है। न्याय संहिता में पुरानी दंड संहिता की धाराओं में भी परिवर्तन किए गए हैं उनसे कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। जीरो एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ईमेल से समन भेजने और जघन्य अपराध की जांच की वीडियोग्राफी जैसे प्राविधान अनिवार्य किए गए है। राज्यों ने भी व्यवस्था सुधार की दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। मध्य प्रदेश के 1110 थानों में नए साफ्टवेयर अपलोड किए गए और लगभग सभी पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। नए कानूनों के बारे में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि जनता भी अपने अधिकार व जिम्मेदारियां समझ सके।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह

### बाइडेन को सलाह

**बुढ़ापे** के आगे किसी की नहीं चलती। इंसान कितना भी चालाक व बुद्धिमान अपने जवानी में दिनों में रहा हो, एक उम्र के बाद वह कमजोर होने लगता है। स्वास्थ्य और सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से स्मृति क्षीण होना सबसे घातक साबित होता है। निसंदेह वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन एक अच्छे इंसान है। पिछले 4 वर्षों तक उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका का शासन बहुत अच्छे तरीके से चलाया और चुनाव तक चलाएंगे भी। मगर हाल ही में आयोजित राष्ट्रपति की पहली डिबेट में वे अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प से पिछड़ते नज़र आये। न्यूयॉर्क टाइम्स के संपादकीय ने डिबेट के दूसरे ही दिन खराब बहस प्रदर्शन का हवाला देते हुए डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से उन्हें बाहर निकल जाने की सलाह दी है। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर से भी ऐसी मांग उठने लगी है। डेमोक्रेट्स के दानदाताओं ने भी आशंका जतानी शुरू कर दी है। बाइडेन को यह समझाने में कठिनाई हुई कि वे दूसरे कार्यकाल में क्या हासिल करेंगे। वे ट्रम्प के उकसावे का ठीक से जवाब नहीं दे पाए। हालांकि, यह कदम आसान नहीं है, पर डेमोक्रेटिक पार्टी को अपने तथा अमेरिका के हित में बाइडेन के स्थान पर दूसरा उम्मीदवार चुनना चाहिए।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### जेडीयू का दृष्टिकोण

**जेडीयू** की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव के बाद संतुलित विकास पर जोर दिया गयाए जिसमें विशेष राज्य के दर्जे जैसी मांगों के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण दर्शाया गया है। जेडीयू और टीडीपी जैसी पार्टियां यह भी अच्छी तरह समझती हैं कि मोदी सरकार किसी भी दबाव के सामने झुकने वाली नहीं है। भाजपा ने निर्दलीय सांसदों को अपने पक्ष में करके अपनी सीटों की संख्या 300 के आसपास कर ली है। इसका मतलब है कि यदि जेडीयू व टीडीपी एनडीए से निकल जाए तो भी सरकार बहुमत में रहेगी। मगर इन दोनों दलों का फायदा भी एनडीए के साथ रहने में ही है। क्योंकि विपक्ष इतने सारे दलों का दलदल है कि वहां उनकी सुपीरियरिटी नहीं चल पाएगी। बिहार और आंध्र में इन दोनों दलों की सरकारें केंद्र से तालमेल बिठाकर ही अपने राज्य का अच्छा विकास कर सकती है। उन्हें केंद्र में भी अच्छे विभागों में मंत्री पद मिले हुए हैं। अतः इन्हें एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश व अपने राज्यों के विकास के लिए चलना चाहिए। नीतीश कुमार आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के सर्व-सम्मत मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं। यह गठबंधन बिहार की चहुंमुखी प्रगति में असाधारण योगदान कर सकता है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### टी20 में विजय

**भारतीय** क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारत को विश्व विजेता के खिताब का शानदार तोहफा दिया है। भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुभकामनाएं देकर क्रिकेट टीम का हौसला बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राहुल द्रविड़ का शुक्रिया करते हुए सभी प्रमुख खिलाड़ियों के उत्कर्ष खेल की सराहना की है। यदि गौर से देखें तो भारत ने अपने पहले मैच में आयरलैंड को, दूसरे में पाकिस्तान, सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को और सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था। भारत इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा है। इसलिए सभी भारतीयों की उम्मीद के अनुसार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर देशवासियों का दिल जीत लिया है। हर भारतवासी को इस क्रिकेट टीम पर गर्व है। फाइनल में एक समय दक्षिण अफ्रीका ने मजबूत पकड़ बना ली थी लेकिन सूर्य यादव ने असंभव को संभव करते हुए बेहद कठिन कैच पकड़ा और भारत का रुख जीत की तरफ मोड़ दिया। उम्मीद है कि इस विजय से उत्साहित भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन करेंगे।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर बोला जोरदार हमला

पायनियर संवाददाता कवर्धा/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए मुखरता से अपनी बात रखी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में अपनी बात रखी। वहीं मंगलवार को अखिलेश यादव ने जिस तरह से शेर-शायरी से अपनी बात की शुरुआत की। इस पर सांसद संतोष पांडेय ने शायराना लहजे में ही उन्हें जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश जी जरा सा कुदरत ने नवाजा, आके बैठे हो फलसफे में। तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई-नई है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए सांसद पांडेय ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन में अपने भाषण के दौरान बार-बार भगवान शिव की तस्वीर दिखा रहे थे, उनको बताना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, जो कांग्रेस के नेता हैं, महादेव के नाम पर सट्टा चला रहे थे। इसके चलते भगवान शंकर का नाम व छत्तीसगढ़ बदनाम हुआ है। इस पर राहुल गांधी जवाब देंगे। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष ने हिंदुओं का अपमान किया। कल सदन में मर्यादा को तार-तार करने की कोशिश की गई। सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सरकार ने पिछले दस साल में कई ऐसे कामों को पूरा करके दिखाया है जो असंभव लगते थे और सरकार आगे भी अनेक ऐसे काम पूरे करेगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाव रेलवे ब्रिज इसका उदाहरण है। सांसद पांडेय ने आरोप लगाया कि विपक्ष के खून में गंदी राजनीति है। इन्होंने भारतीय कोविड टीकों का, सेंट्रल विस्टा के निर्माण का विरोध किया। कांग्रेस वाले केवल गरीबों की चर्चा करते रहे लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों और अंत्योदय के लिए काम किया है।

# चाकू से ट्रक चालक पर हमला कर पैसे लूटने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

एसपी एसआर भगत के निर्देशन में बालोद पुलिस को लूट के 3 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अज्ञात आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल एवं थाना बालोद से लूट के आरोपियों को पकड़ने विशेष टीम बनाई गई थी। त्रिनयन एप्प से विशेष सफ़लता मिली हैं। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का शिनाख्त हुई हैं। पकड़े गए लूट के आरोपी बालोद थाना क्षेत्र के दइहान जंगल के पास ट्रक को रोक कर प्रार्थी से मोबाईल और पैसे लूट कर चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। दरअसल 29 जून की दोपहर साढ़े 12 बजे प्रार्थी राजभान साकेत पिता स्व. मयकू प्रसाद साकेत (उम्र 47) जो कि गिधाली दल्लीराजहरा में ट्रक ड्राइवर हैं, जो ट्रक लेकर धमतरी से दल्लीराजरा जा रहा था कि बालोद दइहान जंगल के पास तीन व्यक्ति उसके ट्रक के सामने अपने मोटरसायकल को लगाकर उसे रोके और उसके ट्रक में चढकर उसके साथ मारपीट करने लगे और उसके जेब में रखे 1 हजार 550 रूपये एवं टेक्नो कंपनी का मोबाईल लूट लिए, उसी दौरान उसमें से एक व्यक्ति चाकू निकाल कर उसके गले के पास हमला कर दिया। प्रार्थी घबराकर ट्रक लेकर वंहा से कुसुमकसा गया। जंहा कुछ लोग खून से लथपथ देख, उसे जिला अस्पताल बालोद भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 346/2024 धारा 394 34, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एस आर भगत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम बना कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु टीम बनाकर विवेचना में लगाया गया।

### बाइक, लूट की रकम जब्त

टीम द्वारा घटना स्थल से बालोद टाउन के देशी शराब दुकान, पेट्रोल पंप अन्य स्थानो का त्रिनयन एप्प की मदद से 25 से 30 सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर संदेहियो के हुलिया के आधार पर प्रार्थी को दिखाया गया। जिसमे आरोपियो की पहचान हुई। जिससे टीम द्वारा 3 आरोपी बालोद नगर के वार्ड 20 रोशननगर निवासी नीरज धुर्वे पिता चतुरसिंह धुर्वे (26 वर्ष), वार्ड 12 गंजपारा निवासी मनीष कुमार यादव पिता राजेन्द्र यादव (19 वर्ष) एवं मरार पारा निवासी प्रशांत सोनी उर्फ चीकू मोनू पिता रमेश सोनी (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया। वही आरोपियों के कब्जे से एक नग मोटरसायकल, एक नग लोहे का बटन चाकू, नगदी लूट का रकम 750 रूपये बरामद किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी व गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रवि पाण्डेय, उप निरीक्षक कमला यादव, स.उ.नि धरम भूआर्य, प्रधान आरक्षक हरिशचंद सिन्हा, आरक्षक भोप सिंह साहू, मोहन कोकिला, वेदप्रकाश भुआर्य, ठनेश टेमार्य, लोकेश, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू, आरक्षक पूरन देंवागन, आरक्षक विपिन गुप्ता, आरक्षक आकाश दुबे की सराहनीय भूमिका रही है।

# जिले में 01 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान प्रारम्भ

## जनमानस अभियान के दौरान दिए जाने वाले संदेशो एवं निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाएं : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बेमेतरा में 01 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि 0-5 वर्ष आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाले मृत्यु दर को कम करते हुए डायरिया की रोकथाम किया जा सके। स्टॉप डायरिया अभियान के तहत जनसामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए आज 01 जुलाई 2024 को डॉ. अशोक बसोड, जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ. बसोड ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान 2024 के तहत 0 से 5 वर्ष आयु के कुल 105885 बच्चों का लक्ष्य राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है, जिनमें से प्रत्येक बच्चों को 02 ओ.आर.एस. के पैकेट अभियान के दौरान ए.एन.एम., मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरण किया जावेगा इसके साथ ही डायरिया से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित करते हुए ऐसे बच्चों को जिंक टेबलेट एवं ओ.आर.एस. के पैकेट का वितरण किया जावेगा, साथ ही घर में ओ.आर. एस. बनाने व पीने की विधि की जानकारी दी जायेगी। कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों को आंगनबाड़ी व स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने व हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन कर जागरूक करेगें। जिला नोडल अधिकारी (शिशु स्वास्थ्य), डॉ. कोहाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अभियान के सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय किया गया है, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रसासन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के साथ मिलकर डायरिया से बचाव के इस अभियान में कार्य करेगे। जिले के सभी शासकीय एवं पंजीकृत निजी अस्पतालाओं में निःशुल्क ओ.आर.एस. कार्नर स्थापित किये जाने के लिए पत्र जारी किया गया है, ताकि डायरिया से प्रभावित मरीजों को शीघ प्राथमिक उपचार मुहैया हो सके। कलेक्टर रणबीर शार्मा ने स्टॉप डायरिया अभियान के तहत अपने आस पास साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल का उपयोग करते हुए अभियान के दौरान दिए जाने वाले संदेशो एवं निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जनसामन्य से अपील किया।

# कैबिनेट मंत्री बघेल के जन्मदिन पर बधाई देने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी समर्थकों सहित पहुंची



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ के विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल के जन्म दिन पर उनके मंत्री निवास में बेमेतरा जिले के नेताओ और कार्यकर्ताओ की बधाई देने की होड़ लगी रही, अलसुबह उनके निवास में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी अपने समर्थकों के साथ पहुँच उन्हें शुभकामनाएं दी। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के सयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी मंत्री बघेल को केक खिला बधाई दी, उनके साथ युवा मोर्चा के जयेश तिवारी, जनपद पंचायत के सभापति लाला भारती, मुलमुला के जनपद सदस्य राजेश साहू, बेमेतरा कीपूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जैसवाल, जनार्दन जायसवाल, रेवती साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविंद कुर्रे, नरी सरपंच केशव साहू, मोहन साहू, मोनू पाल, बल्लू साहू द्वारा सहित बड़ी संख्या में पंच सरपंच उपस्थित थे। प्रज्ञा निर्वाणी ने मन्त्री दयाल दास बघेल के जन्मदिन में नवागढ़ के तिलका पारा स्कूल में नेवता भोज करा छात्रों के साथ वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम पार्षद नैना कुर्रे की अगुवाई में किया, जिसमे बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं सहित स्कूल के प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया।

# मंत्री दयाल दास बघेल के व्यवहार ने सबका दिल जीत लिया : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के रायपुर निवास में पहुंच कर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने जन्मदिन की बधाई एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर साजा विधयक उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि बलौदा बाजार कांड को लेकर मंत्री जी ने जन्मदिन नही मनाने का निर्णय लिया। फिर भी मंत्री जी को बधाई देने समर्थको का तांता लगा रहा। मंत्री जी का सादा और सरल व्यवहार ने क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया है। समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले लोगों की हर समस्या का निराकरण करते।

# शाला प्रवेश उत्सव पर विधार्थियों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 1 जुलाई 2024 को नव प्रवेशित कक्षा 9वी की छात्राओं के स्वागत में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की नव नियुक्त अध्यक्ष प्रेमलता नेमा के मुख्य आतिथ्य, एवं नोडल अधिकारी जे.ऐस भटनागर कार्यपालन अभियंता. एसपीडीसीएल की अध्यक्षता, एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री ममता साहू की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य कविता बाजपेयी ने आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन करते हुए बच्चों को भयमुक्त होकर स्कूल आने एवं अच्छे से अनुशासित रहकर पढ़ाई करने के लिए के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि ने नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें अपने माता-पिता, गुरुजनों का सदैव सम्मान करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया,साथ ही विद्यालय के विकास,प्रबंधन एवं समस्याओं के समाधान मे सदैव सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभाने की बात कही।कार्यक्रम के अध्यक्ष ने सभी बच्चों से कठिन परिश्रम करने एवं शिक्षकों से अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सुनील झा के द्वारा मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया गया।इसके पश्चात अतिथियों एवं प्राचार्य के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया।तथा कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्राओ को निशुल्क पुस्तक वितरण किया गया।उपस्थित अतिथियों, एवं पालकों का आभार संस्था के व्याख्याता योगेन्द्र वर्मा ने किया। इस अवसर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक, शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि शासन के मंशा के अनुरूप आम जनता की माँगों एवं समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित होने के साथ ही उन्हें शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ भी मिल सके। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी से जिले के ऐसे राशन दुकानों की संख्या के संबंध मं जानकारी ली जो विभागीय भवन में संचालित नही है। उन्होंने खाद्य अधिकारी को इन राशन दुकानों के लिए भवन निर्माण हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता को इस दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत ट्रांसफार्मरों को भी ठीक-ठाक रखने के निर्देश दिए।

# पुनीत ने अपने जन्मदिन पर मुक्तिधाम में पौधा रोपण किया



**बेमेतरा।** ग्राम कठिया पुनीत लकड़ी ठेकेदार के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर मुक्तिधाम में पीपल, करंच, गुलमोहर, शीशम आदि के पौधे लगाकर अपना जन्मदिन मनाया गया साथ ही पर्यावरण प्रेमी संगठन का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया साथ ही संगठन को सहयोग राशि भी प्रदान किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिन गणेश साहू सदस्यगढ़ परदेसी साहू, चम्मन निषाद, अश्वनी मानिकपुरी, अक्षय, लक्ष्मी, राजेन्द्र, गोविन्द, किशन, सुनील बल्लु, खुबी, जलेश, नानचुक यदु उपस्थित थे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को पीडीएस योजना से जोड़े : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजना में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत प्रत्येक बैगा जनजाति के परिवारों को बुनियादी और मुलभूत सुविधाएं देने के लिए कबीरधाम जिले में जिला प्रशासन द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है। योजना की प्रगति की लगातार समीक्षा भी हो रही है। कलेक्टर महोबे ने समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिले के खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय-सीमा के भीतर जिले के पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के प्रत्येक परिवारों को राज्य शासन द्वारा संचालित प्रचलित पीडीएस योजना से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने जिले के इन दोनों विकासखण्ड में एक अभियान चलाकर पीडीएस योजना से वंचित परिवारों को इस योजना से जोड़ने के निर्देश दिए है।

# नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में नवीन कानून के संबंध में दी गई जानकारी

**दल्लीराजहरा।** देश में 01 जुलाई 2024 से लागू तीन महत्वपूर्ण कानून के जागरूकता के संबंध में नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत अर्जुंदा में जागरूकता अभियान कार्यशाला का आयोजन कर नवीन कानून के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# अवैध शराब के खिलाफ 127 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई,

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जून माह मे जिले में कुल 127 जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 87 प्रकरण दर्ज कर कुल 52.86 लीटर मदिरा एवं 01 वाहन जप्त की गई है। जिसमें सार्वजनिक स्थलों में मदिरापान के 67 प्रकरण, गुमटी, होटल, ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने के 12 प्रकरण, मदिरा कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई के 08 प्रकरण तथा जेल दाखिल के 01 प्रकरण शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण करने आबकारी अमले द्वारा सघन गश्त एवं छापे की कार्रवाई की जा रही है। जिले में संचालित मदिरा दुकानों का नियमित रुप से औचक निरीक्षण एवं जांच कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# खानूपूर्तिः अवैध चराई करने वाले भेड़ बकरी को एक बिट से दूसरे बिट

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com





वन मंडल अधिकारी के निर्देशन एवं उपवनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन में 29.06.2024 को परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा अंतर्गत् परिसर अकलामा कक्ष क्रमांक 254 संरक्षित वन (ग्राम घुघवादहरा) में गुजरात से आये भेड़-बकरी वालों के द्वारा अवैध रूप से वनक्षेत्र में प्रवेश कर भेड़-बकरियों को चराई कराते हुये को पकड़ा गया। मौके पर ऊंट 20 नग, भेड़ 1000 नग एवं बकरी 150 नग का जप्ती की कार्यवाही किया गया एवं आरोपी वीभा वल्द राजा, जाति रब्बारी, साकिन वामका, जिला भुज (गुजरात) के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण 20738/2 29.06.2024 दर्ज कर भेड़-बकरियों को वनक्षेत्र से बाहर निकाला गया। प्रकरण में आरोपी से मनी रसीद क्रमांक 6282/51 30.06.2024 द्वारा क्षतिराशि रूपये 10000.00 (अक्षरी दस हजार रूपये मात्र) वसूल किया गया। वनक्षेत्र में भेड़-बकरियों का प्रवेश निषेध हेतु वन कर्मचारियों के द्वारा लगातार वनक्षेत्र में गश्ती कर निगरानी किया जा रहा है।

### एक बिट से दूसरे बिट भगाया

कार्यवाही करने गए टीम ने एक बिट से दूसरे बिट खदेड़ कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन किया। राजस्थानी, गुजराती भेड़ बकरियां और ऊट पालक लगातार लोहारा, खारा के जंगल में ही पूरे बरसात रहते हैं। जगह बदल बदल कर जंगलों में ही छोटे छोटे पेड़ो और पौधो को खिलाते है साथ ही बड़े पेड़ो की डांगलियो को भी काटते हैं। इसकी जानकारी पूरे विभाग को है। कुछ दिन पूर्व आमापानी 451 बिट के भालापुरी गांव के पास था। वहां से भगाकर घुघवादहरा भेजा गया अब और कही। आखिर कबीरधाम वन मंडल में ही तो हैं।

# वन विभाग की शासकीय भूमि पर बन रहे स्कूल भवन का निर्माण कार्य हुआ बंद

■ पायनियर मे खबर प्रकाशित होने के बाद कब्जा धारियों ने स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया बंद

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





रायपुर, बुधवार 12 जून 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर
शासकीय भूमि पर कब्जा कर स्कूल भवन बना रहे शासकीय कर्मचारी

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के करनौद मे वन विभाग की जमीन पर बेजा कर तीन व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण कर निजी स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसके लिये ग्राम पंचायत करनौद के सचिव सरपंच ने भी ग्राम पंचायत से बकायदा बेजा कब्जा करने वाले लोगो को 40 डिस्मील वन विभाग की जमीन का पंचायत प्रस्ताव तक जारी कर के दे दिया था जिस पर तीनो व्यक्ति के द्वारा अधिक भुमि पर बेजा कब्जा कर के निजी स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसकी खबर पायनियर ने अपने अंक मे प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद वन विभाग की जमीन पर बन रहे निजी स्कूल भवन का निर्माण कार्य बंद हो गया है वही जिम्मेदार राजस्व विभाग और वन विभाग गहरी नींद मे सो रहा है और इधर वन विभाग राजस्व विभाग की भुमि पर बेजा कब्जा कर स्कूल भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था

**खबर प्रकाशित होने के बाद सरपंच सचिव ने कब्जा धारियों से पंचायत प्रस्ताव लिया वापस** –ग्राम पंचायत करनौद के सरपंच सचिव ने पहले तो वन विभाग की सरकारी जमीन को रेवाड़ी की तरह प्रस्ताव कर तीन व्यक्तियों को बांट दिया और अब प्रस्ताव वापस लेकर उसे अपने पास रख लेने की बात सामने आ रही है पंचायत सचिव ने से जब इस संबंध में बात की गई थी तो सचिव भुवन कुम्हार ने बताया था की स्कूल भवन के लिए 40 डिस्मील जमीन प्रस्ताव कर दिया गया है जो की नियम मे है अब दिया गया है अब सरपंच सचिव ने खबर खबर प्रकाशित होने के बाद प्रस्ताव को वापस ले लिया है

**करनौद की शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा जिम्मेदार अधिकारी बेसुध**–बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के अधिकतर शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा धारियों का कब्जा है जिसे लेकर बम्हनीडीह तहसील के जिम्मेदार अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी से बचते रहते है जिसके चलते तेजी से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कारियो का राज है ग्राम पंचायत करनौद के अधिकतर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हो रखा है जिस पर कार्रवाई करने के बजाय बम्हनीडीह तहसील के जिम्मेदार अधिकारी कब्जा धारियों को केवल समझाई देकर संरक्षण देने का काम कर रहे है जिसके चलते शासकीय भूमि अतिक्रमण हो रहा है वही लोगो का यह भी आरोप है की करनौद के एक वकील के माध्यम से कब्जा धारियों ने बम्हनीडीह तहसील के जिम्मेदार अधिकारी से बात कर पुरे मामले को रफा-दफा करने की बात चल

स्कूल को मै स्वयं बनवा रहा हूं अभी काम बंद करवा दिया हूं

**प्रकाश डड़सेना**
**शासकीय भूमि पर स्कूल निर्माण करने वाला**

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम गोड़खाम्ही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नए शिक्षा सत्र के लिए बधाई दी और नव प्रवेशित विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक वितरण किया। इसके साथ ही कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता और स्काउट गाइड एडवेंचर मनाली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री साव ने विधायक निधि से विद्यालय परिसर में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल परिसर में आम का पौधा का रोपण किया और पर्यावरण को हरा-भरा रखने वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन की सफलता का पहला राज अनुशासन है। सभी विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत के साथ अनुशासित होकर समर्पण भाव से पढ़ाई करें। जिस प्रकार एक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला विद्यार्थी मेहनत करता है, उतना ही मेहनत सभी विद्यार्थियों को करना चाहिए। हर मां-बाप अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करता है। स्कूल से ही हमारी नींव का निर्माण होता है। हमें अपने मां-बाप और गुरूओं का सम्मान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद करने के लिए भी प्रेरित किया। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि जिस तरह भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने एक छोटे से जगह से देश के राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। उसी तरह विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के अंतिम छोर तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। जिस क्षेत्र में जाए उसमें अपना शतप्रतिशत दीजिए। कार्यक्रम में स्कूल की व्याख्याता दुर्गा ने उप मुख्यमंत्री को उनके सम्मान में लिखी हुई कविता भेंट की। छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रक्तदाताओं को दिया गया हेलमेट, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सक्ती जिले ने बाराद्वार में किया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ धीरेन्द्र खुटे के द्वारा विश्व चिकित्सक दिवस डॉ डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन बाराद्वार में किया गया, जहां पर डा धीरेन्द्र खुटे के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान करने वाले को हेल्मेट निःशुल्क दिए लगभग 70 से लोगों ने रक्तदान किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू एवं अतिथि महामंत्री टिकेश्वर गवेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह यादव ने पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि का फूल-मालाएं से स्वागत किया गया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, अभिषेक शर्मा, गेदराम मनहरण, दीपक ठाकुर, गजेन्द्र राठौर, गोपाल जोशी, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित थे, इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का काम है, एवं हमारे द्वारा दिया गया रक्त समय पड़ने पर जरूरतमंद को दिया जाता है, अतः हमें रक्तदान निरंतर करते रहना चाहिए ।

# नए कानूनों से अवगत कराने न्याय की अवधारणा को लेकर पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा की नई पहल





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

सम्पूर्ण भारत में नए भारतीय कानूनों को लागू किया जा रहा है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ,जो आज से पूरे देश में प्रवर्तन में आ रहें हैं, इनके संबंध में जानकारी देने, और लोगों को नए कानून विधियों से अवगत कराने पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा जी ने सक्ति जिले के समस्त थाना चौकियों में इस संबंध में एक परिचर्चा का आयोजन कराया।इस परिचर्चा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि और मीडिया बंधु शामिल हुए। परिचर्चा के दौरान वर्तमान में लागू होने वाले नए कानूनों की मूलभूत बातों से सभी को अवगत कराया गया, और नए कानूनों में प्रार्थी को क्या अधिकार दिए गए हैं, महिला और बालको की सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों, प्रचलित विधियों में हुए नवीन परिवर्तन और अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल संबंधी जो प्रावधान नवीन कानूनों में लागू किए गया हैं उनकी जानकारी परिचर्चा के दौरान दी गई।थाना कोतवाली में इस परिचर्चा का प्रतिनिधित्व एएसपी सुरमा पटेल और एसडीओपी मनीष कुंवर ने किया, जहां पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के गणमान्य नागरिक और मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।परिचर्चा में सार्थक संवाद के जरिए, सरल भाषा में नवीन कानूनों के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। परिचर्चा के दौरान पुराने अंग्रेजो के समय के प्रचलित कानूनों भारतीय दण्ड संहिता, भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह वर्तमान तीनो नवीन कानूनों को लागू किए जाने की आवश्यकता की जानकारी भी पुलिस अधिकारियों ने दी।

# संयुक्त जांच टीम गठित कर खरीदी केंद्रों में बचे शेष धान का भौतिक सत्यापन कराया गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में लगभग 55 लाख 86 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के दौरान कई खरीदी केंद्रों में धान का गबन करने तथा खरीदी प्रभारियों द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत पर कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुए संयुक्त जांच टीम गठित कर खरीदी केंद्रों में बचे शेष धान का भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें अखरार, गुरुवाईन डबरी तथा तरवरपुर आदि खरीदी केंद्रों में बड़ी अनियमितता सामने आयी थी। कलेक्टर के निर्देश पर सहकारिता विभाग द्वारा गुरुवाईनडबरी के खरीदी प्रभारी रामदास बंजारा पर धान को बिना डीओ के बेचने तथा 2000 क्विंटल से अधिक का धान का गबन करने के आधार पर आईपीसी की धारा 420 और 409 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी तरह अखरार में लगभग 1258 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर खरीदी प्रभारी दिलीप जायसवाल और कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र जायसवाल पर धारा 420 व 409 के तहत तथा तरवरपुर खरीदी प्रभारी भूपेंद्र बंजारे द्वारा लगभग 650 क्विंटल धान का गबन करने के आधार पर धारा 420 व 409 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद गुरुवाईनडबरी के खरीदी प्रभारी रामदास बंजारा ने उच्च न्यायालय में जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है। वहीं अखरार खरीदी प्रभारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा माननीय सेशन न्यायालय में जमानत हेतु दायर की गयी याचिका को भी न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है।

# जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद एनक्यूएएस प्रमाणपत्र जारी किया




पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद एनक्यूएएस प्रमाणपत्र जारी किया है। इनमें उच्च स्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय किये जाने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दशरंगपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेमरी शामिल है। 100 अंकों के मानक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दशरंगपुर ने 89.55 प्रतिशत एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली ने 82.52 प्रतिशत तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेमरी ने 90.29 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी है और आगे भी इसी तरह कार्य करने कहा है। गौरतलब है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके लिए संस्था द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है।

# एक हफ्ते में सड़क का मरम्मत नहीं किया गया तो मामले को लेकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर मुंगेली के जनदर्शन में अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी ने लिखित आवेदन देते हुए कलेक्टर से मांग किया कि मुंगेली के पुलपारा में नए पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड में बहुत लंबे समय से बहुत सारे गढ्ढे हो गए हैं, इन गढ्ढों की वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुका हैं, राहगीरों को इस सड़क, पुल में आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं, स्कूली खुलने के बाद स्कूली बच्चे भी सायकल में स्कूल जाते हैं जिससे उन्हें भी बहुत समस्याएं होती हैं। आवेदन में बताया गया कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पुलपारा में बड़े पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड में बहुत लंबे समय से बहुत सारे बड़े-बड़े गढ्ढे हो गये हैं, यह सबसे मुख्य व व्यस्ततम मार्ग हैं, यहां से जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आम जनता सहित मंत्रियों का भी आवागमन होते रहता हैं उसके बाद भी लंबे समय से पुल के एप्रोच रोड में हुये गढ्ढों व जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं की जा सकी हैं। जिससे आये दिन यहां दुर्घटनायें होती रहती हैं और भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने की संभावना भी हैं। आवेदन में आगे निवेदन किया गया कि इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये मुंगेली शहर के पुलपारा में बने बड़े पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड के गढ्ढों की गुणवक्तापूर्ण मरम्मत करने की कृपा करें। जनदर्शन में आवेदन देने वाले अधिवक्ता स्वतंत्र तिवारी ने बताया कि यह एक जनहित मामला हैं, सीधा जनता से जुड़ा मामला हैं काफी लंबे समय से इस गढ्ढ की मरम्मत नहीं की जा सकी हैं जिससे यहाँ राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में बहुत समस्या होती हैं, दुर्भाग्य की बात हैं कि किसी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने इस ओर गंभीरता से पहल नहीं किया, इस रोड से उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री अरुण साव भी कई बार गुजर चुके हैं, बावजूद उसके उस सड़क को सुधारा नहीं जा सकता। अगर एक हफ्ते में इस सड़क का मरम्मत नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु जिला न्यायालय मुंगेली में किया गया बैठक का आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 13 जुलाई 2024 को मुंगेली जिले मे लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसे सफल बनाये जाने हेतु 29 जून को जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में अधिवक्ताओं के साथ आवश्यक बैठक हुई। इस अवसर पर चन्द्र कुमार अजगल्ले अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, कीर्ति लकड़ा न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, नीरज शर्मा प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलराम कुमार देवांगन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रेशमा बैरागी पटेल द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक, कंचन लता आचला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकम चंद्राकर अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ मुंगेली उपस्थित रहे। साथ ही समस्त अधिवक्तागण उक्त बैठक में उपस्थित रहें। उक्त बैठक में चन्द्र कुमार अजगल्ले, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुंगेली द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम के धारा 138, सिविल संबंधी प्रकरण को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया एवं बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीयों को ऐसे आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण को जिसमें राजीनामा संभव हो, को चिन्हांकित कर अधिक संख्या में प्रकरण निराकृत किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

**भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के लागू होने पर जिलेवासियों को बधाई दी**

# नए कानून की उपयोगिता और उसके महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि देश के न्याय प्रणाली के लिए ऐतिहासिक दिन है। पुराने कानून को समाप्त करके नया कानून लागू किया गया है। जब कोई कानून बनाया जाता है, तो उसमें कानून बनाने वाले की सोच क्या है, उद्देश्य क्या है ये बड़ा महत्व रखता है। कोई पीड़ित दंड नहीं, न्याय चाहता है। इस नए कानून में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन किया गया है। इसके जरिए लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ समय पर न्याय मिल सकेगा। डिप्टी सीएम साव ने जिला मुख्यालय मुंगेली के थाना सिटी कोतवाली में नवीन कानूनों के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के लागू होने पर जिलेवासियों को बधाई दी और कानून बनने की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि नया कानून में अब लोग घर बैठे आनलाईन रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। इसमें कई नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिससे लोगों को अब त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होने नए कानून के लागू होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया और पुलिस विभाग को समाज को न्याय दिलाने में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप कानून व्यवस्था होना बहुत आवश्यक है। इस कानून के जरिए लोकतंत्र को और सशक्त व मजबूत बनाया जा सकता है। इस कानून में दंड के बजाय न्याय को प्राथमिकता, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल तकनीकों को जगह दी गई है। पब्लिक सर्वेंट के लिए भी कई प्रावधान है। नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने नए कानून की उपयोगिता और उसके महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज से नए कानून के अनुसार कार्यवाहियां होगी। पूर्व में लागू कानून के समय परिस्थितियां अलग थी। आज समय के अनुसार काफी चीजों में बदलाव आ गया है। नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा एवं न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ पुलिस का सामन्जस्य पूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी व उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पांडेय, शैलेष पाठक, विभिन्न संगठनों के सदस्यगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिवक्ता संघ मुंगेली के अध्यक्ष टीकम चंद्राकर, नागरिकगण और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और नवीन कानून से संबंधित किताब प्रदान कर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने किया।

**क्रेशर के ही कर्मचारी ने करी 100 लीटर डीजल की चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार, मामला नगझर के चंद्रा क्रेशर उद्योग का**

**सक्ती** । थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) अपराध क. 219/2024 धारा 379 भादवि में चन्द्रा क्रेशर उद्योग नगझर में 100 लीटर डीजल चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर, नाम आरोपी- वीर सिंह सिदार पिता अजीत सिंह उम्र 20 वर्ष साकिन कन्हईडीह थाना मालखरौदा,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मामले का प्रार्थी चंद्र कुमार चन्द्रा पिता भुरखा राम उम्र 43 साल साकिन सुखदा 30.06.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

TATA POWER-DDL
टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट : www.tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित July 03, 2024

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिक्री | बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001684/24-25 Rate Contract for AMC of LED Street Lights at Tata Power-DDL Site/Store | 14.59 Crs/ 9,30,000 | 03.07.2024 | 24.07.2024;1500 Hrs/ 24.07.2024;1530 Hrs |
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001701/24-25 Rate Contract for Supply of Metal Distribution Box | 89.22 Lacs/ 2,25,000 | 04.07.2024 | 25.07.2024;1600 Hrs/ 25.07.2024;1630 Hrs |

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website www.tatapower-ddl.com → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

# अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ को मिले दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विद्युत जनपर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार

## पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वतंत्र विद्युत संयंत्र की श्रेणी में जीते प्रतिष्ठित पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com







जिले के पुसौर ब्लॉक में अदाणी पॉवर लिमिटेड, बड़े भंडार को पर्यावरण संरक्षण में किये गए अनुकरणीय पहल एवं कार्यों के लिए पर्यावरण उत्कृष्टता परिषद (सीईई) द्वारा तीसरे राष्ट्रीय विद्युत जनपर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया हैं। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ को यह सम्मान, निजी क्षेत्र में 500 मेगावाट से ऊपर के कोयले की स्वतंत्र विद्युत संयंत्र (आईपीपी) श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण उत्कृष्टता हासिल के लिए मिला है। नई दिल्ली में 26 और 27 जून 2024 को आयोजित एक समारोह के दौरान यह पुरस्कार पर्यावरण उत्कृष्टता परिषद के सलाहकार बोर्ड में कार्यरत व भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरडीई) के परियोजना निदेशक और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के पूर्व अध्यक्ष पंकज बत्रा द्वारा प्रदान किये गए। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ की ओर से पर्यावरण विभाग प्रमुख अरिंदम राउत ने इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को ग्रहण किया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ द्वारा जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत वृक्षारोपण आभियान के तहत कुल 25056 पेड़ लगाए गये हैं। जबकि इस वर्ष कंपनी ने 2 लाख से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही इस वर्ष प्लांट परिसर में डिजिटल पौधारोपण भी किया गया, जिसमें डिजिटल त्वरित प्रतिक्रिया कोड को स्कैन करने पर प्लांट परिसर में लगे संबंधित प्रजाति के कुल पौधों की संख्या की जानकारी प्राप्त होगी। जल संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने हेतु तालाब गहरीकरण का कार्य भी किया गया है। अदाणी फाउंडेशन, अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के नजदीक से लगे ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में सुधार के लिए पहल करता है। जिनमें, बाला पेंटिंग, समर कैंप इत्यादि के माध्यम से बुनियादी शिक्षा में सुधार से बच्चों के भविष्य को संवारने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है।

# आयरन टेबलेट खाने से होने वाले लाभ के बारे में स्कूली बच्चों को कराया अवगत



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद एम. आर.सावंत एवम् सहायक संचालक सतीश नायर के निर्देशन एवं बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को आईएफए विप्स आयरन टैबलेट खिलाई गई। सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने बच्चों को प्रार्थना सभा में टैबलेट खाने हेतु प्रेरित किया एवं प्रशिक्षित स्टेट रिसोर्स ग्रुप मेंबर (एसआरजी), शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने आयरन टैबलेट खाने से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। सीएसी कामता पटेल से प्राप्त आयरन टैबलेट को नियमानुसार विद्यार्थियों को प्रदाय किया गया जिसे सभी बच्चों ने उत्साह के साथ खाया। शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षित हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर सुब्रत प्रधान, मीना एस.प्रकाश, विनोद कुमार चौधरी, रश्मि राजा एवं कक्षा शिक्षकों आदि सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 41 मिलियन टन के पार

## ओबीआर एवं ऑफटेक में भी कंपनी ने अब तक के सर्वाधिक आंकड़े को छुआ





पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 41.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वहीं हाल ही में समाप्त हुए जून महीने में कंपनी ने 14 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी जून माह एवं वित्तीय वर्ष की किसी भी पहली तिमाही में यह अब तक का यह सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। कोयला उत्पादन के साथ-साथ एसईसीएल ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही में देश भर के बिजली संयन्त्रों को रिकॉर्ड 47.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में इसमें 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा जून 2024 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 92.32 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही से 6.35 मिलियन क्यू.मी. (7.3%) अधिक है। कंपनी ने 31.33 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी जून माह में सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले वर्ष जून में कंपनी ने 26.04 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था और इस प्रकार इस इस जून माह में कंपनी ने ओबीआर में 20त्न से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। विदित हो कि कंपनी ने बीते वित्तीय वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है जो कि कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए कंपनी को 206 मिलियन टन कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य मिला है।

# भाजपाईयों ने किया कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संसद में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने उद्बोधन में हिन्दू विरोधी बाते कही उन्होने कहा कि जो अपने आप को हिन्दू कहता है। वही हिंसा करता है। राहुल गांधी के इसी बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बेमेतरा ने राहुल गांधी का बेमेतरा सिंग्नल चौक में पुतला दहन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा हिन्दू विरोधी रहा। पिछड़ा वर्ग विरोधी रहा। हमेशा वह हिन्दूओं के खिलाफकाम करती रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोड़ों यात्रा में भी हिन्दू विरोधी बयान दिया था। और संसद में उन्होने हिन्दूओं को हिन्सा करने वाला बताकर देश के 100 करोड़ हिन्दुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को मॉफी मांगनी चाहिए हम राष्ट्रपति से मांग करते है ऐसे हिन्दू विरोधी बयान देने वाले नेता की संसद की सदस्यता समाप्त होनी चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि इस देश में हिन्दु बहुसंख्यक है। और शांति है। तभी यह देश धर्म निरपेक्ष बना हुआ है। नही तो पाकिस्तान बन जाता। राहुल गांधी की मंशा यह है कि इस देश से हिन्दु समाप्त होना चाहिए। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा कि हिन्दू शांति प्रिय है । ऐसी कोई घटना नहीं है जिससे हिन्दू समाज को हिंसक कहा जाये। राहुल गांधी ने जान-बुझकर तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिन्दुओं के खिलाफ व्यक्तत्व संसद में दिया। राहुल गांधी से पूछना चाहता हूँ कि साजा विधायक ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की हत्या करने वाले कौन लोग थे। राज्यस्थान के उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल की हत्या करने वाले कौन लोग थे। सवाल पूछने पर वह मौन धारण कर लेते है। आज उनके बयान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कड़ा विरोध करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। और राहुल गांधी का पूतला दहन कर यह संदेश देने का प्रयास किया गया है भारत के बहुसंख्यक समाज हिन्दुओं को गाली देना राहुल गांधी एवं कांग्रेस नेता बंद करें। पूतला दहन में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, विकास तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा, पंचू साहू, धर्मेन्द्र साहू, निखिल साहू, संदीप यादव, तुषार साहू, लक्ष्मी साहू, हेमलता शर्मा, डॉ. विनय साहू, संतोष वर्मा, गोपी देवांगन, अनील रजक, तारण राजपूत, ओंकार साहू, रोशन दत्ता, कमलेश वर्मा, अजीज कुरैशी, जितेन्द्र मात्रे, संजू सिंह, परमेश साहू, उमेश यादव, पुन्यांश श्रीवास, अमेन्द्र वर्मा, धर्मराज खाण्डे, ओमप्रकाश सलूजा, पिन्टू तम्बोली, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सड़को से हटाये जायेंगे मवेशी : सीईओ



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

बरसात का मौसम आते ही राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों पर मवेशियों की संख्या में वृद्धि हो जाती है। इसको देखते हुए उच्च न्यायालय ने सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गो पर मवेशियों के कारण होने वाली घटनाओं में कमी लाई जाए। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला कलेक्टर रायपुर डा गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में हाईवे से मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। तिल्दा नेवरा जनपद सीइओ गोस्वामी ने कहा है की यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी तिल्दा नेवरा के प्रमुख मार्गों से भी यथा शीघ्र मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# भारतीय न्याय संहिता,अंग्रेज़ी क़ानून की गुलामी से वास्तविक आज़ादी है : प्रखर

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय न्याय संहिता देश के नागरिकों के लिए अंग्रेज़ी क़ानून से वास्तविक आज़ादी है इण्डियन पिनल कोड में कई एसी धराए थी जो समय के साथ अस्तित्व हीन थी जिन पर विचार कर संशोधन करना किसी भी सरकार की प्राथमिक ज़िमेदारी थी परंतु देश की मोदी सरकार ने देश हित में देशवासीयो के हीत में शंशोधन कर लागू करवाया है इंडियन पिनल कोड 1862 से लागू आज़ादी से पूर्व का क़ानून था जिसे पूर्ण रूप से अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था जो उस समय की अंग्रेज़ी सरकार द्वारा बनाया गया क़ानून जो कही ना कही लोगो को न्याय के लिए आज के समय में कम प्रासंगिक था और कही ना कही न्याय में देरी की बहुत बड़ी वजह भी यह व्यवस्था थी, भारतीय न्याय सहिता के लागू होने से कही ना कही न्याय व्यवस्था में सुधार होगा।

# झोला छाप डाक्टर की लापरवाही के चलते मासूम हुआ अपंगता का शिकार

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



झोला छाप डांक्टर की लापरवाही का खामियाजा एक मासूम को अपना हाथ गंवा कर चुकाना पड़ा है। वहीं इधर इस मामले पर पुलिस के द्वारा दोषी झोला छाप डॉक्टर पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। मामला रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार विगत कुछ माह पूर्व ग्राम तुलसी निवासी दीपेश बंजारे पिता अनुज बंजारे उम्र 07 वर्ष खेलते खेलते गिर गया था ,जिसके चलते बांया हाथ में चोट लग गयी, जिसकी उपचार हेतु तिल्दा-नेवरा नगर के वार्ड क्रमांक 17 निवासी झोलाछाप डॉक्टर खुमान वर्मा के क्लीनीक में ले जाया गया, कथित झोलाछाप डॉक्टर ने मासूम बालक के हाथ पर आधा प्लास्टर कर पट्टी बांधकर इलाज के नाम पर 1700 सौ रुपए ले लिया और घर भेज दिया, क्लीनीक से घर आने के पश्चात मासूम दो दिनों से दर्द से कराहता रहा। इस बीच गरीब परिवार के मां-बाप जैसे तैसे मासूम को तिल्दा-नेवरा के मिशन इवेन्जेनिकल हास्पीटल के डाक्टर से जांच कराया, प्लास्टर खोलने पर डाक्टर भी हतप्रभ रहे, मासूम बालक का हाथ का मांस गल चुका था, बड़े बड़े फफोले पड़ गये थे। आर्थिक परेशानी से जुझते मां-बाप मासूम बेटा दीपेश बंजारे को राजधानी रायपुर के एम्स हास्पीटल में जांच कराया, जहां पर डांक्टर ने स्पष्ट किया कि मासूम बालक का हाथ अब ठीक नहीं हो सकता। इससे भयभीत मासूम बालक के परिजन पुनः झोलाछाप डॉक्टर खुमान वर्मा को इसकी जानकारी दिया, उस दरमियान कथित डाक्टर ने पीड़ित पक्ष को आश्वस्त किया कि वे स्वयं के खर्च में मासूम दीपेश बंजारे का बेहतर इलाज करायेंगे, उन्होंने मासूम बालक को नगर के नंदनी हास्पीटल के अलावा श्री नारायण हास्पीटल में जांच कराया। वहां पर भी सफलता नहीं मिली फिर, फिजियोथेरेपी की सलाह दिया गया। वहीं कुछ दिन पश्चात कथित झोलाछाप डॉक्टर का शुर बदल गया। मासूम बालक का फिजियोथेरेपी कराने से मना कर दिया, इनकी शिकायत पुलिस अधीक्षक रायपुर से की गई, पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तिल्दा-नेवरा थाना में झोलाछाप डॉक्टर खुमान वर्मा पर अपराध पंजीबद् कर विवेचना में लिया गया है। वहीं पिड़ित पक्ष शासन से मांग किया है कि दोषी डांक्टर पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जावे ताकि इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति ना हो। वहीं उन्होंने उचित मुआवजा की मांग किया है। गौरतलब हो कि तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में ऐसे अनेकों झोलाछाप डाक्टर जो कि कांग्रेस भाजपा राजनीतिक पार्टी से निजी स्वार्थ वश जुड़कर राजनीतिक पकड़ का धौंस जमाते हुए अनाधिकृत रूप से स्वास्थ्य से संबंधित जटिल मामलों पर भी हाथ डालने से संकोच नहीं करते? अमूमन मरीज या मौत के ग्रास बन रहे हैं या फिर बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर भटक रहे हैं। वहीं यह भी मामला सामने आया है कि दुसरे की डिग्री का बतौर किराया उपयोग कर धड़ल्ले से चिकित्सा के नाम पर ब्यवसाय चला रहे हैं। मगर इस मामले पर सक्षम विभाग भी मौन साधे हुए हैं। क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर एवं नर्सिंग होम एक्ट की गाइडलाइंस के विपरीत कार्य करने वाले चिकित्सा क्षेत्र पर कब गाज गिरेगी। कुकुरमुत्ते की तरह पनपते झोलाछाप डॉक्टरों के अलावा अनाधिकृत नर्सिंग होम सक्षम विभाग के नाक के नीचे सीना तानकर संचालित हो रहा है वहीं विभाग के आंखो में पट्टी बंधी हुई है, लिहाजा स्वास्थ्य से संबंधित मामलों पर लोग आर्थिक रूप से लुटा जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य पर भी कथित डांक्टरो द्वारा खेल खेला जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि चिकित्सा क्षेत्र में लापरवाही व मनमानी करने वाले अनाधिकृत डाक्टरों व नर्सिंग होम पर ठोस कार्रवाई कब होगी? या फिर ईलाज के नाम पर लोग लुटाते रहेंगे।

# सड़क हादसे रोकने सड़कों से मवेशियों को गौशाला व कांजीहाउस में शिफ्ट करने के निर्देश

## कलेक्टर रायपुर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सड़कों में आवारा मवेशियों को विचरण करता पाया जाए तो सभी विभागों का यह कर्तव्य है कि वे प्राथमिंकता के आधार पर इसकी सूचना नगर निगम और यातायात पुलिस को प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम रायपुर एवं यातायात पुलिस रायपुर द्वारा लगातार काऊ कैप्चर टीम के साथ पेट्रोलिंग की जाए। शहर के भीतर कहीं पर भी घुमंतु आवारा मवेशी पाये जाने पर तत्काल किसी सुरक्षित गौशाला, कांजीहाउस में शिफ्ट करें। यह बात डॉ. गौरव सिंह ने कही। उनके अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज रेडक्रास सोसायटी सभागार में हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा समिति के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान कलेक्टर रायपुर श्री गौरव सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा सुधार एवं बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण से उपस्थित अधिकारियों को रिंग रोड नम्बर-01 में तेलीबांधा थाना के सामने चौक का आइलैण्ड को छोटा करने और शहर प्रवेश मार्ग को चौड़ा करने कहा गया। साथ ही विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड को चंद्रा आईकान बिल्डिंग तक अधूरे सर्विस रोड में मिलाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कमल बिहार चौक में सिग्नल लगाया जल्द से जल्द कनेक्टिविटी देकर चालू करने बताया गया। इसी प्रकार नगर पालिक निगम बीरगांव आयुक्त को भनपुरी तिराहा से धनेली नाला, सिलतरा अंडरब्रिज बायपास पहुंच मार्ग तक उचित स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था करने एवं खराब विद्युत बल्बों को तत्काल बदलने के लिए कहा गया।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई तक

**रायपुर।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए शिक्षकों से आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए गए है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा समस्त संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए शिक्षको को स्वयं समस्त प्रविष्टयां ऑनलाईन पोर्टल https//nationalawardstoteachers.education.gov.in/ के माध्यम से करनी होगी। पंजीयन की तिथि 23 जून से 15 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए राज्य एवं केन्द्र शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालयों (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के शिक्षक पात्र होंगे।

# राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों के बेहतर संपादन से बनाए पहचान : कलेक्टर विजय दयाराम के.



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों के बेहतर संपादन से अलग पहचान बनाए। सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राज्य शासन के निर्देशानुसार सिटीजन चार्टर के प्रावधानों और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय के प्रगति रिपोर्ट, राजस्व प्रकरणों की दर्ज-निराकरण के लंबित की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण के मासिक लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों की मासिक प्रगति, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की प्रगति, भू-अर्जन के भुगतान, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमाकंन के प्रकरणों का न्यायालयवार समीक्षा, व्यपवर्तन, आरबीसी-6-4 के प्रकरणों, भू-राजस्व के बकाया राशि की वसूली, शीर्ष ब 121 के प्रकरण, त्रुटि सुधार और नक्शा बांटाकन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नक्शा बांटाकन कार्य की प्रगति हेतु विशेष ड्राईव चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरणों का समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए, दर्ज प्रकरणों के आधार पर निराकरण की संख्या भी ज्यादा होनी चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शरद कलेत पिता अमरू जाति...... निवासी ग्राम सिरबोड़ा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता चित्रा का मृत्यु दिनांक 31/05/2018 को ग्राम सिरबोड़ा में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में मृत्यु 31/05/2018 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/07/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरतू कलेत पिता अमरू कलेत जाति गांडा निवासी ग्राम सिरबोड़ा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पिता अमरू कलेत का मृत्यु दिनांक 24/08/2015 को ग्राम सिरबोड़ा में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में मृत्यु 24/08/2015 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/07/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/360/क/भू.व्यप/अविअ/2024 बसना, दिनांकः-18 जून 2024

आवेदिक अमित कुमार अग्रवाल पिता लक्ष्मीचरण अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम चन्द्रपुर द्वारा ग्राम छुईपाली प.ह.नं.25 रा.नि.मं. भूकेल स्थित भूमि खसरा नंबर 574/1 रकबा 0.35 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कर भू-राजस्व का पुनर्निधारण किये जाने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-172 सहपठित धारा-59 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत् प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 05/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बसना

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)**
Email - ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No.-07786-242243

**मैन्युअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक-03**
**निविदा आमंत्रण**

क्रमांक/03/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2024 कोण्डागांव, दिनांक 01/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.07.2024 शाम 5.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | रिमार्क (निविदा क्रम) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | प्राथमिक शाला भवन ग्राम पंचायत टेकापाल (पुगारपाल) का जीर्णोद्वार कार्य विद्युतीकरण सहित, विकासखण्ड कोण्डागांव | 4.28 | प्रथम दौर |
| 2 | चाईल्ड हेल्प लाईन कार्यालय कोण्डागांव का जीर्णोद्वार कार्य विद्युतीकरण सहित, विकासखण्ड कोण्डागांव | 4.47 | प्रथम दौर |
| 3 | प्राथमिक शाला भवन ग्राम पंचायत कोसागांव एवं ग्राम पंचायत कुल्हाड़ागांव (सारबेड़ा) का जीर्णोद्वार, कार्य विद्युतीकरण सहित ग्रुप क्र. 01 विकासखण्ड फरसगांव | 6.16 | प्रथम दौर |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 02/07/2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-कोण्डागांव

G-242500736/3

# भारतीय कानून में दण्ड संहिता अब न्याय संहिता
## पुलिस विभाग द्वारा सर्ववर्ग को नए कानूनों की जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



भारतदेश में ब्रिटिशकाल से लागू भारतीय दण्ड संहिता अब न्याय संहिता में तब्दील हो गई हैं। देशभर में कानून को 3 नए कलेवर में बदलाव किए गए हैं। ये कानून 01 जुलाई से लागू हो गए हैं। आईपीसी को अब बीएनएस, सीआरपीसी को बीएनएसएस तथा आईएसी बीएसएस में परिवर्तित किये गए हैं। अनेक धाराएँ व उपधाराएँ बदल गए हैं, वहीं इनकी परिभाषाओं के साथ ही दायरे भी परिवर्तित हो गए हैं। दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर थीम पर पुलिस विभाग द्वारा एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर पुराने कानूनों में बदलाव व नए कानूनों के प्रादुर्भाव की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, व्यापारी वर्ग, पत्रकारगण, अधिवक्तागण सहित त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के जनप्रतिनिधि समेत आमजन सम्मिलित हुए। इस मौके पर प्रस्तावना बतौर टीआई उपेन्द्र शाह ने कानून में बदलाव व नुए कानूनों के अस्तित्व में आने सहित उनके दायरे से अवगत कराते हुए ईमेल आईडी व वाट्सअप में एफआईआर प्रक्रिया की जानकारी दी। एसडीओपी दिलीप सिसोदिया ने ऑडियो, वीडियो व फोटोग्राफी के साक्ष्य संयोजन की महत्ता पर जानकारी दी। एसडीएम मनोज मरकाम ने दण्ड संहिता को न्याय संहिता में तब्दील करने को ऐतिहासिक कदम बताते हुए भारतीयों के लिए श्रेयस्कर निरूपित किया। उन्होंने अंग्रेजो के जमाने के कानूनों को नए कलेवर में लागू करने के कारकों को विस्तार से बताया। तहसीलदार पीएल नाग ने कहा कि महिला, पुरुष व बच्चों के लिए कानूनों में आवश्यक बदलाव कर सर्ववर्ग के हितार्थ कदम उठाए गये हैं। उक्त अवसर पर दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, जागृति यदु, इंदुमती साहू, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, सँतोष यादव, अमरनाथ साहू, बोधन साहू, बद्रीनारायण शुक्ला, डिकेश साहू, सिद्दीक बडगुजर, धर्मेंद्र साहू, अखिलेश नखत, इंदु साहू, प्रियंक जैन, भगत कोर्राम, टीकाराम सोनकर एवं गजेंद्र हरिहारणो के अलावा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधिगण, व्यापारीगण, पत्रकारगण सहित आमजन शामिल थे।

### अर्जुनी में जनसंवाद आहूत

अर्जुनी में एसडीएम के निर्देशन में जनसंवाद आहूत की गई। शासन के आवास योजना व पोठ लाईका की समीक्षा सहित पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन हेतु पौधारोपण अभियान को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने शिवनाथ नदी किनारे पौधारोपण हेतु सहमति दी। टीआई ने नए कानूनों की जानकारी दी। इस मौके पर सीईओ नवीन मसियारे, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, एसीईओ होरीलाल साहू, पत्रकारगण सहित विभागीय अमले शरीक हुए। बीटीआई में भी प्रशिक्षणार्थियों को नए कानूनों की जानकारी दी गई।

### हमर हरियर डोंगरगांव अभियान शुरू

नगर व अंचल को वृक्षों से आच्छादित करने प्रशासन, जनप्रतिनिधि व मीडिया द्वारा संयुक्त पहल की जा रही है। इसे अभियान को हमर हरियर डोंगरगांव नाम दिया गया है। इनके संचालन के लिए एक मुख्य समिति होगी। वहीं वार्ड अथवा ग्राम स्तर पर मॉनिटरिंग के लिए पृथक पृथक समितियां गठित की जायेगी। अभियान अंतर्गत जनसहयोग से नगर व शिवनाथ नदी किनारे गांवों में फलदार व छायादार पौधे रोपे जायेंगे।

# हुलिया बदलकर हरियाणा से ठगी के आरोपी को पकड़ लाए, एक लाख की रकम पार की थी

- जिला एमएमसी पुलिस की कार्रवाई, दो दिनो तक एटीएम पर घात लगाए बैठे रही टीम

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस सायबर क्राईम के मामले में एक आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार कर लायी है। आरोपी ने जिले के एक व्यक्ति से तकरीबन एक लाख रुपए की ठगी की थी। इस प्रकरण में हरियाणा के मुंह मेवात जिले में पुलिस की टीम आरोपी को दबोचने के लिए दो दिनों तक लगातार एटीएम की निगरानी करती रही। इस सायबर फ्रॉड का मास्टर माईड आरोपी 19 साल का एक युवक है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अशोक ढोग ने 30 जनवरी को ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि, आरोपी ने फोन पर संपर्क किया और खुद को डॉक्टर बताया। इसके बाद उसने अशोक के खाते में 25 हजार रुपए डाले और ये रकम अपने बताए किसी व्यक्ति को देने कहा। लेकिन इसके बाद आरोपी ने यूपीआई ट्रांजेक्शन में फ्रॉड के जाल में फंसाकर दो पिन जनरेट किए। ये पिन नंबर डालते ही प्रार्थी के खाते से 99 हजार रुपए से अधिक की रकम चली गई। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में काफी छानबीन की। इस बीच आरोपी की लोकेशन हरियाणा मिली। पुलिस टीम रवाना की गई। आरोपी को दबोचने के लिए टीम ने योजना के साथ काम किया। आरोपी मोईन खान (19) को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसने ठगी की बात स्वीकार की। आरोपी दर्जन भर से ज्यादा बैंक खातों और एटीएम का इस्तेताल कर रहा था। वह ठगी के बाद मोबाईल और सिम को जलाकर नष्ट कर देता था। उसके कब्जे से तीन नग मोबाईल, एन नग सिम व नगदी 7500 रुपए बरामद हुए। ठगी गई रकम और बाकी की जांच जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि, 66 (सी) 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### हज भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ के दो व्यक्तियों को अलशुफा हज टूर कंपनी धुलिया के माध्यम से हज यात्रा पर भेजने के नाम पर 14 लाख 73 हजार की रकम ठगने वाले आरोपी इमरान शेख (32) को डोंगरगढ़ पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। इकबाल खान और सद्दाम हुसैन ने 21 जून को इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि आरोपी ने हज भेजने की पूरी व्यवस्था करने के लिए एक से 8 लाख 25 हजार और दूसरे से 6 लाख 48 हजार रुपए लिए थे। वे रकम लेकर दोनों को झांसा देता रहा और आखिर में फोन बंद कर गायब हो गया।

# देर रात पुलिस के हत्थे चढ़े अंतर्राज्यीय शराब तस्कर, दो लाख की शराब बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सायबर सेल और पुलिस चौकी सुकुलदैहान की टीम ने पेशेवर दो अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को अपनी गिरफ्त में लिया है। मध्यप्रदेश से बड़ी मात्रा में शराब की खेप लेकर जा रहे तस्करों को घेराबंदी कर सोमवार की देर रात पकड़ा गया। दोनों ही आरोपी इस तस्करी की शराब दुर्ग-भिलाई लेकर जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना सोमनी, भिलाईनगर एवं सुपेला में भी मामले दर्ज हैं। शराब की कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी कि दो पेशेवर तस्कर राजनांदगांव के रास्ते शराब लेकर दुर्ग-भिलाई की ओर जाने वाले हैं। सूचना थी कि दोनों ही चार पहिया वाहनों में बड़ी खेप अपने साथ लिए हुए हैं। इस पर तत्काल ही एक्शन टीम बनाई गई। सायबर सेल और पुलिस चौकी सुकुल दैहान के जवानों ने मिलकर पेंड्री के पास घेरेबंदी की। यहां देर रात आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस की घेराबंदी में फंसे तस्करों ने गाड़ी छोड़कर भागने की नाकाम कोशिश की। एक महिन्द्रा एसयूवी 300 और स्कॉर्पियो से पुलिस ने 24 पेटी शराब बरामद की। आरोपी अनिल कुमार वर्मा (57) बेमेतरा और रमाशंकर सिंह (54) जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

# भाषण पर नाराजगी, युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जयस्तंभ चौक में भाजयुमो द्वारा राहुल गांधी के संसद में दिए गए भाषण के विरोध में पुतला दहन किया गया। नेताओं ने कहा कि, नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज और हिंदुओं को हिंसक कहना अति निंदनीय है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस भाषण की कड़ी निंदा की। नेताओं ने कहा कि, कांग्रेस की इस मानसिकता को पूरे देश को समझने की जरूरत है। जिन्होंने आज हिंदू समाज को गाली देने का काम किया है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन करते समय पुलिस प्रशासन के साथ भी झूमा झटकी हुई जिसमें किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यकर्ता को चोट या हानि नहीं पहुंची है। राहुल गांधी के पुतला दहन करने में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सफल रहे इस अवसर पर युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संकुल केंद्र में मना प्रवेशोत्सव बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री
### पठन-पाठन उत्साह का विषय है जो कि बना रहना चाहिए

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र उपरवाह में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा भंडारी ने बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया। उन्होंने यहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, बच्चों को आवश्यक रुप से शिक्षा हेतु प्रेरित करें। स्वयं भी उनके साथ इससे जुड़ें.. बच्चों के साथ परिजन उनके पठन-पाठन में शामिल हों। स्वाभाविक रुप से इससे बालक-बालिकाओं को सहायता तो मिलेगी ही वे इसमें और भी रुचि लेने लगेंगे। पठन-पाठन उत्साह का विषय है जो कि बना रहना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों का अभिवादन करते हुए कहा कि, आप सभी के कंधों पर सैकड़ों परिजनों की आशाओं का भार है। वे आप पर स्वयं से अधिक विश्वास प्रकट करते हैं और आपको सरस्वती माता का दूत मानते हैं। शिक्षकों को भी इन उम्मीदों पर खरा उतरना है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच पुनिता नागेश्वर साहू, पंच देवता साहू, खुशबू धनकर, ईश्वर साहू, मोनिका धनकर, हेमलता साहू, मेहतरीन यादव, हीरा निषाद, तामेश्वरी साहू, कलिराम साहू, मनीराम साहू, गणेश विश्वकर्मा, सुरेश साहू, प्रेमसुख साहू, रामखेलन साहू, ग्वालराम साहू, तिलक साहू, प्राचार्य देवा लहरे, संकुल समन्वयक सोहन वर्मा, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक बीआर साहू व संकुल के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# लोकसभा में सांसद संतोष पाण्डेय ने गांधी को दिया जवाब

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में भाग लेते हुये क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने आज लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोलते हुये कहा कि हिंदुओं की सहिष्णुता का गांधी नाजायज फायदा न उठायें, हिन्दू प्रारंभ से ही सर्व-धर्म-समभाव का हितैषी रहा है। पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में बार-बार भगवान शंकर के चित्र को दिखा रहे थे, जबकि उन्हे यह नहीं भूलना चाहिये कि भगवान शंकर के नाम पर उनके पूर्व मुख्यमंत्री ने महादेव के नाम पर सट्टा चलाया! छः हजार करोड़ रूपये का गबन किया। वे बार-बार हिन्दुत्व पर चोट कर रहे है, हिन्दुओं को हिंसक व भाजपा को हिंसा फैलाने वाली पार्टी कह रहे है, जबकि जम्मू-कश्मीर में दशको से हो रहे आतंक किनके द्वारा किया जा रहा है, वे भली-भांति जानते है।

पाण्डेय ने कहा, हम कोरोना को मात देने में सफल हुये। देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिये जा रहे है। भारत ने पाकिस्तान सहित चीन की बोलती बंद कर रखी है, कश्मीर में मोदीजी ने वह कर दिखाया जो किसी ने सोच नहीं सकता था। उधमपुर-श्रीनगर रेलवे मार्ग पर चिनाब पर रेलवे का ऐतिहासिक पुल, जिस पर पूरी दुनिया की नजर थी, बनकर तैयार ही नहीं हुआ बल्कि उस पर ट्रायल भी हो चुका है। विपक्ष के लोग केवल गरीबी की बात करते है, गरीबों के लिए कभी कुछ किया नहीं । सारा देश इस बात को जानता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

### धान गबन के मामले में औंधी समिति प्रबंधक निलंबित

**मोहला।** खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में जिले के 27 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा 2171884 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदे हुए धान में से 2153734 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिले के दूरस्थ क्षेत्र औंधी समिति के प्रबंधक नंदलाल महाडोरे के द्वारा 85402 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश, कलेक्टर जनदर्शन में 23 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता ✓ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिले भर से आए आमजनों से भेंटकर उनकी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से कहा कि दूर दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनें। साथ ही साथ उनकी समस्या से निजात दिलाने में गंभीरता का परिचय भी दें। कलेक्टर जनदर्शन में 23 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आये मानपुर वि.ख. के ग्राम जबकसा निवासी अर्जुन सिंह जाड़े ने अपने पुत्र भविष्य कुमार जाड़े को कक्षा 11वीं में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल मानपुर में प्रवेश दिलाने संबंधित आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार मोहला वार्ड नं. 03 के समस्त वार्डवासी ने अपने समस्या से अवगत कराते हुए वार्ड में स्थित मटन मार्केट को दुसरे जगह स्थानांतरण करने के संबंध में आवेदन दिया। खडगांव निवासी बृज बाई ने अवैध अतिक्रमण व निर्माण रोकने के संबंध में आवेदन दिये। इसी प्रकार ग्राम कन्दाड़ी के समस्त ग्रामवासी ने अपने समस्या की ओर ध्यान अकर्षित करते हुए गांव में शा.हायर सेकण्ड्री स्कूल कंदाडी के लिए भवन निर्माण हेतु आवेदन दिये हैं। इसी प्रकार ग्राम मुरझर निवासी फुलसिंग मरकाम ने सोलर पम्प की सुधार करने के संबंध में आवेदन दिया साथ ही जल्द निराकरण की मांग की हैं। इसी प्रकार जिले के सभी क्षेत्रों से आये आवेदनकर्ताओं ने अपने समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रेषित किये हैं।

### आईजी ने थाना प्रभारी को किया लाइन अटैच, जवान से युवकों के विवाद के बाद कार्रवाई

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ थाना प्रभारी अनिल शर्मा को आईजी दीपक झा ने लाइन अटैच कर दिया है। उनपर अपने ही मातहत एक आरक्षक के साथ कथित मारपीट के मामले में कार्रवाई नहीं करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि खैरागढ़ में पदस्थ आरक्षक प्रकाश मोहिले का खैरागढ़ के कुछ युवाओं के साथ विवाद हुआ था। आरक्षक पर युवाओं ने हाथ भी छोड़ दिया। इस मामले को लेकर आरक्षक ने थाना प्रभारी को जानकारी दी और दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की। सूत्रों का कहना है कि टीआई शर्मा ने मामले को दबाने के लिए आरक्षक पर आरोपियों का स्थानीय होने का हवाला देकर समझौता करने की सलाह दी गई। आरक्षक अपने साथ हुए मारपीट से आहत था। उन्होंने कार्रवाई नहीं करने पर आगे शिकायत करने की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि टीआई लगातार समझौता कराने के प्रयास में थे।

# राहुल गांधी का पुतला फूंका




**राजनांदगांव।** संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर भाजपा और अनुसांगिक व धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जताई है। इसे लेकर महावीर चौक से प्रदर्शन कारियों ने अर्थी निकाली और मानव मंदिर चौक में राहुल गांधी के पुतले का दहन किया। इस दौरान काफी देर तक मुर्दाबाद के नारे लगे। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

### जीवन लाल देवांगन का निधन



**राजनांदगांव।** मोतीपुर वार्ड नं. 3 निवासी जीवन लाल देवांगन का मंगलवार की सुबह करीब 8.30 बजे निधन हो गया। देवांगन के विगत कुछ महिनों से स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही थी। देवांगन स्वभाव से ही हंसमुख, मिलनसार और सभी से प्रेम व्यवहार रखते थे। स्व. जीवन लाल देवांगन वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश देवांगन के बड़े भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, सुपुत्र मुकेश देवांगन, रूपेश देवांगन, सुपुत्री के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नातिन से भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंत्येष्टि मोतीपुर स्थित मुक्ति धाम में की गई।

### अध्यात्म और आत्मबल को पुष्ट करने शक्ति केंद्र है आश्रम, 08 जुलाई को मनायी जाएगी वर्षगांठ, तैयारियां जारी

# सत्यानंद योगाश्रम में 53 वर्षों से प्रज्वलित हो रही अखंड ज्योत

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




53 वर्षों से स्वामी सत्यानंद योग आश्रम में अखंड ज्योत प्रज्वलित हो रही है। निरंतर अनुष्ठानों और उपासना से इस शक्ति स्त्रोत का आभा मंडल निरंतर सशक्त हो रहा है। 8 जुलाई 1971 को इस ज्योत की स्थापना बिहार योग विद्यालय के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी द्वारा की गई थी। नेशनल हाईवे पर रायपुर नाका स्थित इस 6 एकड़ में विस्तृत आश्रम की इस सप्ताह वर्षगांठ मनाई जाएगी। आश्रम समिति द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही है। योग के माध्यम से अध्यात्मिक चेतना के उत्थान हेतु सपर्पित मुंगेर आश्रम की गुरुपरंपरा की जड़ें राजनांदगांव से काफी गहरी जुड़ी हुई हैं। बिहार के मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय व योगाश्रम का संचालन वर्तमान में परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी कर रहे हैं। परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी ने बहुत छोटी उम्र में परमहंस स्वामी सत्यानंद जी का सानिध्य प्राप्त कर लिया था। परमहंस स्वामी निरंजनानंद जी का जन्म राजनांदगांव में सत्यव्रत श्रीवास्तव जी के परिवार में 14 फरवरी 1960 को हुआ था। इससे पूर्व से ही स्वामी जी के परिजन स्वामी सत्यानंद सरस्वती के अनुयायी थे और योग के क्षेत्र में सक्रिय थे। सत्यव्रत जी बीएनसी मिल में लेखापाल थे। उनका परिवार के संस्कार और जीवनशैली में अध्यात्म के संस्कार की गहरी जड़ें थीं। इस बीच परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी इस क्षेत्र में अपनी साधना और अनुयायियों के आमंत्रण पर आते रहते थे। बाल्यावस्था में ही परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जी ने स्वामी सत्यानंद स्वामी जी के साथ उनके आश्रम जाने का निश्चय कर लिया। परिजनों ने उन्हें योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने और गुरु सेवा के लिए प्रेरित किया। इस बीच स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी ने राजनांदगांव में 6 एकड़ के भूखंड में विस्तारित योग आश्रम की स्थापना की। इस माध्यम से उन्होंने स्वयं को राजनांदगांव से सदैव के लिए जोड़ लिया।

**योगाचार्यों ने संभाला आश्रम-**1971 में इस आश्रम की स्थापना के बाद योगाचार्य योगेश्वरानंद जी ने यहां लोगों को योग की दिशा में आगे बढ़ाया। वे हॉलैंड देश की नागरिक थीं। राजनांदगांव स्थित आश्रम में आने से कई वर्षों पूर्व ही वे मुंगेर स्थित आश्रम में दीक्षा लेकर संन्यासी का जीवन जी रहीं थीं। उनकी योग यात्रा काफी सफल थी। इसके बाद विद्यानंद सरस्वती जी कई वर्षों तक यहां सामान्य जनों को योग सिखाते रहे और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और अच्छी जीवनशैली के लिए प्रेरित किया। इसके बाद आस्ट्रेलिया में जन्मीं और वहां अभिनेत्री रहीं स्वामी संयम ने आश्रम में योग शिक्षा और अभ्यास की कमान संभाली। वे इस संत संप्रदाय का हिस्सा काफी पहले ही बन चुकीं थीं। इसके बाद स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती वर्ष 2004 से इस आश्रम को संभाल रहे हैं।

**आसन और मुद्राओं के अभ्यास प्रतिदिन-** स्वामी सत्यानंद योगाश्रम में प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास किया जाता है। यहां स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती आसन और मुद्राओं के अभ्यास करवाते हैं। समय-समय पर बिहार योगाश्रम से आने वाले सिद्धहस्त योगाचार्य भी यहां विशेष शिविर के आयोजनों में प्रशिक्षण देते हैं। इस आश्रम को इस तरह तैयार किया गया है कि यहां आंतरिक चेतना का उत्थान, स्वयं का साक्षात्कार और योग के माध्यम से आत्मबल को पुष्ट किया जा सके। यहां सर्वव्याप्त अदृश्य सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव सदैव होता रहता है। योगबल और अपनी अनुष्ठानों से इस विशेष क्षेत्र में ऊर्जा का संचार सतत होता रहता है। यहां अखंड ज्योति की शक्ति की अनुभूति तो सामान्य बात है।

**08 जुलाई को मनायी जाएगी वर्षगांठ-** सोमवार, 8 जुलाई, 2024 को नेशनल हाइवे स्थित स्वामी सत्यानंद योगाश्रम के सथापना की 53वीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में सायंकाल में विशेष अनुष्ठान, हवन, जप, भजन का कार्यक्रम व प्रसादी वितरण किया जाएगा। परमहंस स्वामी सत्यानंद जी व परमहंस स्वामी निरंजनानंद जी के अनुयायियों के अतिरिक्त यहां योगसाधक व योग का अभ्यास करने वाले सामान्यजन शामिल होंगे। इस हेतु स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती जी के मार्गदर्शन में योगाश्रम समिति के अध्यक्ष, सचिव व सभी सदस्य संसाधनों की व्यवस्था और आयोजन को सफल बनाने हेतु जुटे हुए हैं।

# आज डॉ. रमन सिंह शहर में

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आज बुधवार को शहर आगमन हो रहा है। वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेकर देर शाम रायपुर चले जायेंगे। जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास मौलश्री विहार खनिज नगर से दोपहर 11.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 01.00 बजे राजनांदगांव आयेंगे। वे यहां पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय आकर उनके नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे तथा शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं ट्रैफिक सिग्नल का भी शुभारंभ करेंगे। इसके बाद दोपहर 01.40 बजे पुलिस लाईन आगमन होगा जहां वे खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड दोपहर 02.30 बजे पहुंचेंगे जहां वे आम लोगों से मुलाकात कर शाम 04.25 बजे ग्राम बरगा के लिये प्रस्थान करेंगे। ग्राम बरगा में पंचायत ट्रेनिंग सेंटर मिशन जल रक्षा का अवलोकन करेंगे फिर वृक्षारोपण करेंगे तथा सम्पर्क डिवाइस एवं पाठू लईका पर दीदीयों से चर्चा करेंगे। फिर ग्राम बरगा से रायपुर के लिये प्रस्थान कर

# स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान: गांव की गलियों में पहुंचकर कलेक्टर ने जाना ग्रामीणों के स्वास्थ्य का हाल

## कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

■ कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों का लिया जायजा, लक्ष्य अनुरूप कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने आज बम्हनीडीह एवं अफरीद में चल रहे स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान का अवलोकन किया। वहां नागरिकों के घर-घर पहुंचकर उन्होंने उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और उन्होंने स्वस्थ जांजगीर-चांपा के तहत चलाये जा रहे अभियान का अधिक से अधिक लाभ लेने नागरिकों से अपील भी की। कलेक्टर स्वास्थ्य अमले से कहा कि हितग्राहियों को अभियान के तहत आयुष्मान भारत, सघन टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल, एवं मोतियाबिंद एवं दिव्यांगता सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विकासखंड बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत हथनेवरा एवं पिपरदा में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति, हितग्राहियों की संख्या और पानी टंकी की क्षमता की जानकारी ली और सभी ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन गांव, गरीब एवं आमलोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। इसके साथ ही उन्होंने हितग्राहियों से जल जीवन मिशन के संबंध में चर्चा भी किया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अफरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक सखी के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली और उन्होंने बीसीसखी को पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान सहित अन्य भुगतान शिविर लगाकर करने कहा। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, बम्हनीडीह जनपद सीईओ कुबेर उरेती, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच बैंठे कलेक्टर, बांटी टॉफी

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र पुछेली में बच्चों के साथ बैठकर उनसे बातचीत की और उनसे कुछ प्रश्न पुछकर उनके सवालों से प्रसन्न होकर टॉफी बांटी। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को दी जाने पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से 3 से 6 वर्ष के बच्चो में कुपोषण की जानकारी, बच्चों को दिए जा रहे गरम भोजन की जानकारी ली तथा निरीक्षण पंजी का जायजा भी लिया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के लिए आने वाली सामग्रियों और पेयजल हेतु लगाए गये नल कनेक्शन का भी अवलोकन किया गया।

### कलेक्टर ने हाई स्कूल पुछेली का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने हाई स्कूल पुछेली का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10 वीं के बच्चो को परीक्षा एवं पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन दिए। उन्होंने परीक्षा की तैयारी कैसे की जाय किस तरह समय सारणी अनुसार तैयारी करनी है एवं उन्होंने साप्ताहिक टेस्ट, माह में टेस्ट की व्यवस्था की जा रही है उसके बारे में विद्यार्थियों को बताया। इसके साथ ही कलेक्टर ने बच्चों की दर्ज की संख्या की जानकारी ली तथा शिक्षकों की उपस्थिति एवं साफ-सफाई की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र सारागांव के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित स्टाफ, परिसर की साफ -सफाई, स्टॉक पंजी, दवाईयों की उपलब्धता सहित मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें।

# महतारी वंदन योजना से बेहतर भविष्य की बंधने लगी आस

## समूह की महिलाओं को हर महीने मिल रही राशि

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बीते मार्च माह से महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना से महिलाएं लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं हैं। योजनांतर्गत प्रतिमाह एक हजार रूपये महिलाओं के बैंक खाते में सीधे अंतरित होने से प्रदेश की महिलाओं के मन में बेहतर भविष्य की आस बंधने लगी है। योजना से लाभान्वित हुई सहेली संघ स्व सहायता समूह धमतरी की सदस्य हेमा साहू ने बताया कि उनके साथ ललिता साहू, राशि साहू, संतोषी साहू, रमा सेन, सविता, अनिता यादव सहित उनकी समूह की अन्य महिलायें कलेक्टोरेट के पास कम्पोजिट भवन में कैंटिन का संचालन करती है। इन महिलाओं ने राज्य सरकार की इस कल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए कहा कि मध्यम व निम्न वर्ग के परिवार की महिलाओं के लिए यह योजना आर्थिक मजबूती का आधार बन गयी है। वे इस योजना से मिलने वाली राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। योजना से महिलाएं निजी जरूरतों, घरेलू आवश्यकताओं व दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुई है। हेमा साहू ने बताया कि वह एक गृहिणी है और उन्हें पिछले 4 माह से योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है, जिसका उपयोग वे घरेलू खर्चो में करती है। योजना लागू होने के पूर्व उन्हें अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता था। अब प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। योजना से मिल रही राशि से वह अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा दे पा रही हैं। साथ ही भविष्य के लिए बचत भी कर रही है। हेमा ने यह भी कहा कि इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास की एक नई उमंग का संचार हुआ है। महिलाओं को आर्थिक संबलता प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने हेतु हेमा और उनकी समूह की महिलाओंने प्रदेश सरकार के मुखिया विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सहृदय धन्यवाद दिया।

# सीईओ जिपं ने पी.एम. जनमन आवास के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने पीएम जनमन योजनांतर्गत जिले में स्वीकृत 788 आवासों में 145 आवास पूर्ण कर लिया गया है। शेष 643 आवासों में से 205 आवासों में छत ढलाई उपरांत तृतीय किश्त की राशि जारी की जा चुकी है। इन आवासों को 15 दिवस के भीतर लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी तरह विकासखंड धमतरी के भोयना, मुड़पार, विकासखंड मगरलोड के बेलोरा, बिरझुली, खड़मा, परसाबुड़ा, विकासखंड नगरी के बनबगौद, बिलभदर, कसपुर, माकरदोना, सेमरा में पूर्ण किये जा चुके पी.एम.-जनमन आवास में आगामी सप्ताह गृह प्रवेश कराने के निर्देश दिये गये तथा योजनांतर्गत आगामी लक्ष्य हेतु प्रस्तावित स्थल का चयन करने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया।

सभी इंजीनियर पी.एम.-जनमन आवास को गंभीरता से पूर्ण करावें। जनमन आवास को लेकर कुड़िया दिवस मनाये जाने निर्देशित किया गया। इंजीनियर यह भी सुनिश्चित करें कि आवास संबंधित निर्माण कार्य के लिए लगने वाले आवश्यक सामग्री की व्यवस्था बरसात के पहले पूर्ण कर लें। सीईओ जिला पंचायत ने यह भी निर्देशित किया कि पी.एम.-जनमन योजनांतर्गत कमार बसाहट परिवार की पंचायतवार चयनित सूची सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को प्रेषित करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत नगरी को दिये तथा विकासखंड नगरी में कमार जनजाति हेतु आर्चरी का कार्य कराने उपयुक्त स्थल चिन्हांकन वन विभाग से समन्वय कर किये जाने के निर्देश दिये गये।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला जलाया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा निवासी छात्र मंगल मुरिया के अपहरण और हत्या के बाद कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को प्रदेश भर में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदेश में हाल के दिनों में हुए कई आपराधिक वारदातों को लेकर मुख्यमंत्री पर कानून व्यवस्था बनाये रखने में विफल रहने और गृहमंत्री के अनुभवहीन क्रियाकलापों के कारण अपराधिक मामले बढ़ने का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को बनाए रखने में विफल साबित हो रही है जिसके कारण प्रदेश में अपराधिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है, हाल ही में बस्तर जिले के छात्र मंगल मुरिया की रायपुर के अपराधिक तत्वों द्वारा अकारण ही अपहरण कर पीट.पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई जिसके जिम्मेदार ये भाजपा सरकार है जिसके राज में अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं और कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। देवांगन ने आगे कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री के होते हुए एक आदिवासी छात्र की निर्मम हत्या प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को दिखाता है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की निष्क्रियता और अनुभवहीन गृहमंत्री विजय शर्मा के क्रियाकलापों से प्रदेश में अपहरण, हत्या, मॉब. लीचिंग व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं जिसके विरोध में एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया है।

# नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगा जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कराया शाला प्रवेश

## बरगांव में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बरगांव में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुई,यहां विधायक ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगा शाला प्रवेश कराया और उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया। ज्ञात हो कि संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर यहां जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगा शाला प्रवेश कराया। इस दौरान विधायक ने नव प्रवेशित बच्चों के उज्जवल भविष्य का कामना किया। विदित हो कि शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया। अपने संबोधन में जशपुर विधायक ने शिक्षा का महत्व बता सभी बच्चों को मन लगा पढ़ाई करने प्रेरित किया।

# जगन्नाथ रथयात्रा में शामितल होने मुख्यमंत्री को दिया न्यौता



■ 106 वर्ष से महाप्रभु की धार्मिक महोत्सव को भव्य बनाने की ट्रस्टी कर रहे हैं तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक उत्सवों में प्रमुख एवं भव्य महोत्सव के रूप में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा प्रभु बलभद्र की निकलने वाली रथ यात्रा को इस वर्ष 106 साल हो गए हैं, इस वर्ष भी रथयात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए जगदीश मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष तैयारी प्रारंभ की गई है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस आयोजन में सम्मिलित होने का न्योता देने के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण भाई गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशई भानुशाली तथा ट्रस्टीगण डां हीरा महावर, हर्षद मेहता, भरत सोनी एवं अन्य पदाधिकारीगण राजधानी स्थित उनके निवास पहुंचे और 7 जुलाई को शहर में होने वाले रथ यात्रा की जगदीश मंदिर में होने वाली विशेष पूजा अर्चना में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण भाई गांधी ने बताया कि शहर सहित आसपास के अंचल के लोगों को तथा समाज प्रमुखों को इस आध्यात्मिक तथा धार्मिक आयोजन से जोड़कर रथयात्रा को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने का प्रयास है।

# भाजयुमो ने जलाया राहुल गांधी का पुतला, जमकर की नारेबाजी

■ सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करने वाले हिन्दू कभी हिंसक नहीं हो सकते, माफी मांगे राहुल गांधी : चेतन हिंदूजा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



देश की संसद में सोमवार को विपक्षी नेता राहुल गांधी के बयान पर घमासान छिड गया है। इधर देश भर में भाजपा एवं हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं मंगलवार को धमतरी में भाजयुमो द्वारा कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाकर जमकर प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने ताबडतोड नारेबाजी की, उपस्थित भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ने कहा हिन्दू हिंसक नहीं रक्षक होते हैं, सर्व मंगल की कामना के साथ देश धर्म के रक्षार्थ हेतु समर्पित समाज है हिन्दू समाज, उनके इस बयान की हिन्दू समाज कडी निंदा करता है। सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करने वाले हिन्दू कभी हिंसक नहीं हो सकते, माफी मांगे राहुल गांधी। भाजपा झुग्गी झोपडी प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित ने कहा हिंदू समाज को हिंसावादी कहकर राहुल गांधी ने हिन्दुत्व का अपमान किया है। तमाम हिन्दू समाज को हिंसावादी कहना इससे बडा अपमान कोई हो नहीं सकता। राहुल गांधी को लोकसभा में पूरे हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए। भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा लोकतंत्र के मंदिर में रामद्रोहियों का चेहरा बेनकाब हुआ है। देश का बहुसंख्यक समाज स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है, और कांग्रेस लगातार हिंदुओं का अपमान करने में लगी हुई है। देश का बहुसंख्यक समाज इसकी कडी निंदा करता है। वहीं जिला महामंत्री जय हिंदूजा ने कहा हिंदुओं से इतनी घृणा आखिर कांग्रेस पार्टी क्यों करती है। राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में हिंदुओं के लिए सामान नहीं है, सनातन धर्म का लगातार अपमान करना इनकी आदत में शामिल हो चुका है। आज पूरा देश उनके बयान से आक्रोशित है उन्हें देश के हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से कविंद्र जैन, अविनाश दुबे, नरेंद्र रोहरा, पूर्व सभापति राजेन्द्र शर्मा, बिथिका बिश्वास,विजय मोटवानी, विजय मोटवानी, धनीराम सोनकर, हेमंत बंजारे, अज्जू देशलेहरे,रितेश नेताम, मिथलेश सिन्हा, सुशीला तिवारी, प्राची सोनी, श्यामा साहू।

# दासडुमरटोली में धूम-धाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव विद्यालय में न्योता भोज का भी किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशा अनुसार जशपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर लक्ष्मण शर्मा के मार्गदर्शन में जशपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला दासडुमरटोली में शाला प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रवेश कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययन करने वाले नन्हे मुन्ने प्यारे विद्यार्थियों का प्रथम विद्यालय आगमन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ चंदन लगा कर उनका आरती उतारते हुए स्वागत किया गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के बी.डी.सी. राजकपूर, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत बघिमा ग्राम दासदुमरटोली के पंच सुशीला देवी शामिल थे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक एन.जे.लकड़ा एवं प्राथमिक शाला दासडुमरटोली की प्रधानपाठिका फिरदोश खानम, सहायक शिक्षक अभिषेक अंबस्ट, मुकेश कुमार तथा विद्यालय के सभी स्टाफ, विद्यार्थीगण, ग्रामीणजन सहित शाला में पूर्व अध्यनरत् छात्र-छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ आरंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन विद्यालय के प्रधान पाठिका फिरदौस खानम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नौनिहालों का मुख्य अतिथि के द्वारा तिलक चंदन लगाकर, पाठ्यपुस्तक एवम गणवेश देकर विद्यालय में उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि राजकपूर भगत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज की पीढ़ी के अनुसार 21 वीं सदी की योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करना है और पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनकर अच्छे अच्छे नौकरी में जाकर माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुणवता पूर्ण शिक्षा के लिए सजग हैं, साथ ही विद्यालय परिसर को हरा भरा करने हेतु वृक्षा रोपण करना अनिवार्य है। सभी संकल्प लें की हमारा जशपुर स्वच्छ और सुंदर बने।

# नई शिक्षा नीति से छात्र छात्राएं अर्जित करेंगे कौशलयुक्त और रोजगारपरक शिक्षा: डॉ. रक्षित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय इन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2 जुलाई को एनईपी 2020 का कार्यान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्ही. के. रक्षित ने अपने उदबोधन में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्यों, कैसे और लाभ को सम्मिलित करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय नीति शिक्षा 2020 शिक्षा प्रणाली में सुधार का एक बड़ा कदम है। यह नीति छात्रों के लिए नए और अनुकूल पाठ्यचर्या, अध्ययन सामग्री और पढ़ाई की विधियों का आधुनिकीकरण करती है और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। प्राचार्य ने शिक्षकों से इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें इसमें अपना सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों को बच्चों के विकास और उनकी योग्यताओं को सुनिश्चित करने के उपायों पर ध्यान देने का संदेश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समस्त बिंदुओं की जानकारी प्रदान की तथा कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अपने सभी सवालों का जवाब प्राप्त कर ले एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह समझ उसे लागू करने हेतु तैयार रहे। अंत मे प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन प्रो. आशीष राजपाल थे । कार्यशाला के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के करिकुलम फ्रेमवर्क के बारे में विस्तार पूर्वक जानकी दी तथा दूसरा सत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों, विशेषताओं और लाभ के साथ साथ भारतीय ज्ञान तंत्र पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने ने अपने व्याख्यान में सर्वप्रथम करिकुलम फ्रेमवर्क की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेजुएट प्रोग्राम पूर्णतया चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, लर्निंग आउटकम आधारित होगा जो विद्यार्थियों को बहुत प्रवेश और बहु निकास की सुविधा भी प्रदान करेगा। इसके पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यचर्या में शामिल शब्दावली के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही प्रत्येक सेमेस्टर में कोर्स, उसके क्रेडिट और सेमेस्टर अनुसार एंट्री और एग्जिट के सभी पहलुओं पे चर्चा करते हुए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री की पात्रता कब होगी इसकी जानकारी दी। प्रोग्राम और कोर्स की प्रकृति के साथ ही कोर्स असेसमेंट की जानकारी भी बखूबी साझा की, सेमेस्टर में प्रोमोशन के साथ लेटर ग्रेड और ग्रेड पॉइंट को विस्तार से समझाया। सभी संकाय के कोर्स पूल के साथ वैल्यू एडेड कोर्स के पूल के बारे में भी विस्तार से बताया। अंत मे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में ना सिर्फ सहायक होगा बल्कि इससे रोजगार के नये अवसर भी उत्पन्न होंगे। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को अवगत कराते हुए भारतीय शिक्षा तंत्र का पाठ्यचर्या में समावेश का वर्णन किया । जिज्ञासा को शांत करने के लिए प्राध्यापकों के द्वारा प्रश्न भी किए गए।

AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़ें

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060715301752 & L9001060818322004, चंदन मच्छू पुत्र टिकेचन्द मच्छू ( ऋणी ), श्रीमती अनीता पत्नी चन्दन माछू ( सहऋणी ), टिकेचन्द माछू पुत्र भीमा माछू ( सहऋणी ) | 17-जनवरी-22 15,63,004/- पन्द्रह लाख तिरसठ हजार चार रूपये एवं 11,28,472/- ग्यारह लाख अट्ठाईस हजार चार सौ बहत्तर रूपये मात्र मात्र 13-जनवरी -22 तक | 22-फरवरी -24 | संपत्ति स्थित खसरा नं. 644/1 का भाग, ग्राम झागरेंदी, तहसील पिथोरा, पीएच नं. 37, आर. एन.एम संकरा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 4305.564 वर्ग फीट | Rs. 19, 27,00,000/- सत्ताईस लाख रूपये मात्र | Rs. 2,70,000/- दो लाख सत्तर हजार रूपये मात्र | 31-जुलाई-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 29-जुलाई 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: टीपी प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादीक चौक, रायपुर, 492001 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेल: auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 26 जुलाई 2024 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए auctions@aubank.in पर सम्पर्क करें।

नोट:-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांक: 02.07.2024 स्थान: छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

